

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम




पटना, शुक्रवार | 15 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 179 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण

## ब्रीफ न्यूज

### मेरी मां का अपमान किया, विधानसभा में नारा लोकेश ने जगन की पार्टी पर किया तीखा हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आंध्र प्रदेश विधानसभा में एक नाटकीय सत्र में मंत्री नारा लोकेश ने वाईएसआरसीपी पर निशाना साधते हुए उन पर उनकी मां का अपमान करते हुए महिलाओं के दुर्व्यवहार पर चुप रहने का आरोप लगाया। नेताओं के बीच इस विवादास्पद आदान-प्रदान के कारण उनके पिता चंद्रबाबू नायडू ने कसम खाई कि जब तक वे सत्ता में नहीं रहेंगे तब तक वे विधानसभा में नहीं लौटेंगे। इस स्थिति ने नेतृत्व आचरण के बारे में बहस छेड़ दी है। आंध्र प्रदेश के विधायक और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बेटे ने आज राज्य विधानसभा में वाईएस जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पर हमला बोला और उन पर उनकी मां का अपमान करने और फिर भाग जाने का आरोप लगाया। सदन में एक भावनात्मक भाषण में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री पर राज्य में हाल के विधानसभा चुनावों में टिकट देकर उनका बचाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने बयान को एक्स पर भी शेयर किया जिसमें कहा कि एक विधायी गवाह के रूप में मेरी माँ का अपमान किया गया। क्या आपको उस दिन मेरी माँ का अपमान याद नहीं है? हमने जगन के परिवार के बारे में कभी बात नहीं की। चंद्रबाबू हर दिन विधानसभा आते थे।

## दिल्ली में प्रदूषण आउट ऑफ कंट्रोल: आज से GRAP स्टेज-3 लागू, जाने किन चीजों पर रहेगी पाबंधी




एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसके कारण कल से दिल्ली में ग्रैप स्टेज 3 लागू रहने वाला है। चलिए बताते हैं इसके तहत किन-किन चीजों पर पाबंदी रहेगी।: राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण कंट्रोल से बाहर हो गया है। सरकार की ओर से तमाम कोशिशों के बाद भी इस पर काबू नहीं पाया जा सका है। दिल्ली के कई इलाकों का एक्यूआई 400 के भी पार जा चुका है, जो चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए सरकार ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली में कल से ग्रैप स्टेज 3 लागू कर दिया जाएगा। इससे पहले ग्रैप स्टेज 2 लागू किया गया था, लेकिन प्रदूषण की स्थिति में सुधार की जगह और बदतर होते जा रहा है, जिसके चलते सरकार ने यह फैसला किया है। इन वाहनों पर भी लगी रोक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कल सुबह 8 बजे से ग्रैप स्टेज 3 लागू कर दिया जाएगा। इसके तहत कल से राजधानी में कंस्ट्रक्शन और डिमोलीशन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा नॉन-इलेक्ट्रिक, नॉन-बीएस श्क डीजल अंतरराज्यीय बसें और नॉन-सीएनजी बसें प्रतिबंधित रहेंगी। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। प्राथमिक स्कूलों को ऑनलाइन मोड में चलाने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों में इर-क्श डीजल और इर-क्क्क पेट्रोल वाहनों के चलने पर प्रतिबंध होगा। कल से दिल्ली में चलेगी हल्की हवाएं

राजधानी में प्रदूषण का खराब स्तर लगातार दूसरे दिन भी रहा, जिसके कारण यह फैसला लेना पड़ा है। ग्रैप-3 के लागू होने के बाद खनन से संबंधित तमाम गैर जरूरी गतिविधियों को भी रोकने का फैसला किया गया है। गोपाल राय ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर कहा कि मौसम तेजी से बदल रहा है। शुक्रवार और शनिवार को दिल्ली में हल्की हवा चलने वाली है, जो छह से 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक जाएगी, इससे प्रदूषण कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

## कांग्रेस ने गरीबी हटाने के नाम पर गरीबों को लूटा,

### पीएम मोदी का बड़ा आरोप, वोट पाने के लिए देश के साथ कर लरे खिलवाड़



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पनवेल में विशाल जनसभा संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र को विकसित भारत के विजन का नेतृत्व करना है, बीजेपी और महायुति इसी संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं। अपने संबोधन की शुरूआत में मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे एक बार फिर रायगढ़ की इस मिट्टी को फिर से नमन करने का अवसर मिला है। रायगढ़ से मेरा एक आत्मीय और भावात्मक संबंध है। उन्होंने कहा कि 2013 में जब भाजपा ने मुझे पीएम पद का उम्मीदवार बनाया था, तब मैंने रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया था। मोदी ने कहा कि 23 तारीख को जो नतीजे आने वाले हैं, उसकी गारंटी यहां दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें स्वराज की शपथ दिलाई थी। हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वराज के साथ-साथ सुराज के संकल्प को आगे बढ़ाना है। स्वराज का ये संकल्प तब पूरा होगा जब हमारा गरीब आगे बढ़ेगा। इस संकल्प की सिद्धि का काम केवल भाजपा और महायुति सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो हमेशा गरीब को गरीब बनाए रखने के एजेंडे पर ही काम किया है। पीढ़ी दर पीढ़ी ये लोग केवल गरीबी हटाओ का झूठा नारा देते रहे। गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर कांग्रेस ने गरीबों को ही लूट लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए मेरा गरीब, जिंदगी की मुश्किलों से बाहर नहीं आ पाया। आजादी के 70 साल बाद भी देश के ज्यादातर लोग रोटी, कपड़ा और मकान पाने के लिए जूझते रहे। पिछले 10 वर्षों में पहली बार ये हालात बदले हैं। पहली बार कोई सरकार 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाई है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार की नीतियां आज शोषितों और वंचितों की ताकत बन रही है। जो काम 10 साल में हुए, वो काम पहले भी हो सकते थे। लेकिन कांग्रेस की सरकारों की मंशा ही नहीं थी कि गरीब आगे आकर अपना हक मांगे।

## शाहरुख को धमकाने वाले वकील की मुश्किलें बढ़ीं, अदालत ने बढ़ाई रिमांड



एजेंसी

**मुम्बई।** अदालत ने गुरुवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के एक वकील को 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई पुलिस ने आरोपी वकील फैजान खान को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। वे छत्तीसगढ़ की एक अदालत से उसकी ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद उसे यहां ले आए। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को यहां बांद्रा की एक अदालत में पेश किया और मामले की जांच के लिए उसकी सात दिन की रिमांड मांगी। आरोपी के वकील अमित मिश्रा और सुनील मिश्रा ने कहा कि कथित घटना से पहले फैजान खान का फोन चोरी हो गया था। उन्होंने तर्क दिया कि उनके संचार उपकरण से की गई धमकी भरी कॉल उनके खिलाफ एक साजिश थी क्योंकि उन्होंने पहले शाहरुख खान के खिलाफ उनकी फिल्म 'अंजाम' में हिरण शिकार के संदर्भ में एक संवाद को लेकर मुंबई पुलिस में शिकायत की थी।

## संविधान उन्हें खाली लगता है क्योंकि...', राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बोला हमला

एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि संविधान की लाल किताब कोरी है क्योंकि उन्होंने इसे कभी नहीं पढ़ा है। गांधी ने कहा कि संविधान में भारत की आत्मा और बिरसा मुंडा, डॉ बी आर अंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों द्वारा परिकल्पित सिद्धांत शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनसभाओं में जो संविधान दिखाता हूं, वो खाली है। नरेंद्र मोदी जी के लिए संविधान खाली है, क्योंकि उन्होंने कभी इसे पढ़ा ही नहीं है। वे कहते हैं कि राहुल गांधी लाल रंग का संविधान दिखाता है। मोदी जी, इसके रंग से हमें



फर्क नहीं पड़ता, लेकिन जो इसके अंदर लिखा है, हम उसकी रक्षा के लिए जान देने को तैयार हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान में गांधी द्वारा प्रदर्शित लाल किताब को शहरी नक्सलवाद से जोड़ने की कोशिश की। वहीं, गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी और भाजपा ऐसी टिप्पणियां करके राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में आपको 'आदिवासी' नाम दिया गया है। लेकिन बीजेपी-आरएसएस के लोग आपको 'वनवासी' कहते हैं। आदिवासी और वनवासी में बहुत बड़ा फर्क है। आपके इसी अधिकार को बचाने के लिए बिरसा मुंडा जी अंग्रेजों से लड़े थे। आज यही सोच लेकर नरेंद्र मोदी और के लोग घूम रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे का बड़ा आरोप, वक्फ दावों के पीछे भू-माफिया का हाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने गुरुवार को दावा किया कि एक शक्तिशाली भू-माफिया झूठे वक्फ दावों का इस्तेमाल कर किसानों और गरीबों से जमीन लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एनार्कुलम जिले के मुनंबम का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की, जहां लगभग 600 परिवार वक्फ बोर्ड द्वारा उस जमीन पर दावा करने का विरोध कर रहे हैं जिस पर वे रह रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए, करंदलाजे ने समूह पर लैंड जिहाद करने का आरोप



लगाया। मुनंबम के निवासियों के पास 2019 तक यह जमीन थी, और इसे पूर्वव्यापी रूप से उन्हें वापस दे दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि 1954 में जब वक्फ अधिनियम पारित किया गया था, वक्फ बोर्ड के पास देश भर में केवल 10,000 एकड़ जमीन थी। आज, यह 38 लाख एकड़ के साथ, रक्षा और रेलवे के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा जमीन मालिक है। यह सारी जमीन कहां से आई? उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसी तरह भूमि अधिग्रहण हो रहा है। ह्लपहले, भूमि रिकॉर्ड में किसान और अन्य मालिक दिखाए जाते थे।

## भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा आईसीएमआर: अनुप्रिया पटेल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** पटेल ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के 113वें स्थापना दिवस पर आयोजित ह्यडीएचआर-आईसीएमआर हेल्थ रिसर्च एक्सिलेंस समिट 2024ह्ल में कहा कि आईसीएमआर भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है और जैवचिकित्सा तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में उसके योगदान का एक समृद्ध इतिहास है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की जा



रहीं अनेक योजनाएं अनुसंधान विचारों और अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में मददगार होंगी। जैवचिकित्सा तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में उसके योगदान का एक समृद्ध इतिहास है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की जा रहीं अनेक योजनाएं अनुसंधान विचारों और अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में मददगार होंगी।
भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा आईसीएमआर: अनुप्रिया पटेल
भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## आप के महेश खींची बने एमसीडी के नए मेयर, बीजेपी उम्मीदवार किशनलाल को हराया, कांटे की रही टक्कर



एजेंसी

**नई दिल्ली:** दिल्ली में आज हुए मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। एमसीडी में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी का मेयर बन गया है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार महेश खींची ने दिलचस्प मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार किशन लाल को तीन वोटो से हराया है। दरअसल, गुरुवार को दिल्ली नगर निगम में मेयर डिप्टी मेयर पद के चुनाव हुए। मेयर पद के लिए कुल 265 वोट पड़े जिनमें से दो वोटो को अमान्य कर दिया गया। आप उम्मीदवार महेश खींची को जहां 133 वोट मिले वहीं भाजपा उम्मीदवार किशनलाल को 130 वोट से संतोष करना पड़ा। ऐसे में दिल्ली में 7 महीने की देरी के बाद नए मेयर मिल गया है। महेश खींची शैली ओबेरॉय की जगह लेंगे। अब तक शैली ओबेरॉय एक्सटेंशन पर थीं। दिल्ली में हर साल मेयर का चुनाव अप्रैल में होता है। लेकिन इस साल यह चुनाव 7 महीने की देरी से हुई। इसका कारण यह है कि पीठासीन अधिकारी तय करने वाली फाइल यह कहकर लौटा दी गई थी कि इस पर सीएम का रिकमेंडेशन नहीं है। उस वक्त दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में थे। लिहाजा वो रिकमेंड नहीं कर पाए जिसकी वजह से दिल्ली में मेयर का चुनाव लंबित रहा। ऐसे में दिल्ली में 7 महीने की देरी के बाद नए मेयर मिल गया है। महेश खींची शैली ओबेरॉय की जगह लेंगे।

## जब भाजपा जाएगी, तब नौकरी आएगी.

### ..UPPSC विवाद के बीच योगी सरकार के फैसले पर अखिलेश यादव का तंज

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश:** प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों और उत्तर प्रदेश लोक सेवा के बीच गतिरोध गुरुवार को समाप्त हो गया जब मुख्यमंत्री ने मांगों पर संज्ञान लिया और घोषणा की कि परीक्षा एक दिन में एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। फिलहाल यह घोषणा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित है, आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी) प्रारंभिक परीक्षा के लिए एक समिति बनाई जाएगी। सोमवार से इन परीक्षाओं के अभ्यर्थी इस तर्क के साथ विरोध कर रहे थे कि अलग-अलग पालियों का मतलब अलग-अलग प्रश्न पत्र होगा, जिससे बदले में उन छात्रों को फायदा होगा जिन्हें आसान प्रश्न मिले थे। योगी सरकार की इस घोषणा के बाद अखिलेश यादव ने तंज सका है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार को चुनावी गणित समझ आते ही जब अपनी हार सामने दिखाई दी तो वो पीछे




तो हटी पर उसका घमंड बीच में आ गया है, इसीलिए वो आधी माँग ही मान रही है। उन्होंने फिर कहा कि अभ्यर्थियों की जीत होगी। ये आज के समझदार युवा है, सरकार इन्हें झुनझुना नहीं पकड़ा सकती। जब एक परीक्षा हो सकती है तो दूसरी क्यों नहीं। चुनाव में हार ही भाजपा का असली इलाज है। जब भाजपा जाएगी तब ह्यनौकरीह्ल आएगी। पेपर शेड्यूल को लेकर चल रही हलचल के बीच, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक ही पाली में आयोजित करने पर सहमत हो गया है। अभ्यर्थियों की मांगों को स्वीकार करते हुए यूपीपीएससी ने गुरुवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा स्थगित कर दी और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा पुराने पैटर्न पर आयोजित करने की घोषणा की। यह निर्णय पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध पर विचार करने के बाद आया है। सूत्रों ने बताया कि आरओ/एआरओ परीक्षा के तौर-तरीकों पर गौर करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। आयोग जल्द ही दोनों परीक्षाओं में बदलाव के संबंध में एक अलग नोटिस जारी करेगा। हालांकि यूपीपीएससी ने परीक्षा की तारीख पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, लेकिन प्रयागराज के डीएम रवींद्र कुमार ने कहा, "आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा परीक्षा (पीसीएस) की तारीख जल्द ही जारी की जाएगी। योगी सरकार की इस घोषणा के बाद अखिलेश यादव ने तंज सका है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार को चुनावी गणित समझ आते ही जब अपनी हार सामने दिखाई दी तो वो पीछे तो हटी पर उसका घमंड बीच में आ गया है, इसीलिए वो आधी माँग ही मान रही है।

# बज्म-ए-मोईन द्वारा बैतुल्लाह बैत और बरकत अली के सम्मान में काव्य गोष्ठी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना साहित्यिक संस्था बज्म-ए-मोईन" पटना के तत्वाधान में सुप्रसिद्ध उर्दू शायर बैतुल्लाह बैत अंसारी और सामाजि नेता एवं बरकत फाउंडेशन के अध्यक्ष जनाब बरकत अली के सम्मान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता साबिर सहरसावी ने की तथा गुष्ठी का संचालन असर फरीदी ने किया। इस अवसर पर सबसे पहले जनाब बरकत अली साहब को फूलो हार और पगड़ी पहनाई गई, उसके बाद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित और कई किताबों के लेखक जनाब बैतुल्लाह बैत छपरवी को सम्मान करते हुए शॉल, फूलों का माला और पगड़ी पहनाई गई, उसके बाद सभी शायरों ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर श्री असर फरीदी ने इन दोनों अतिथियों की प्रशंसा करते हुए



कहा कि बैतुल्लाह बैत लम्बे समय से साहित्यिक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, बैतुल्लाह बैत एक कवि, कथा लेखक और निबंधकार के रूप में जाने जाते हैं। उनकी पुस्तकें आबशार (कविता संग्रह. 2022), लास्ट जजमेंट (काल्पनिक संग्रह. 2023) और "अदब के फूल" (निबंध संग्रह. 2024) प्रकाशित हो चुकी हैं और अन्य पुस्तकें आनेवाली हैं। उन्होंने कहा कि बैतुल्लाह साहब को राष्ट्रीय पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वहीं, बरकत अली साहब के बारे में अध्यक्ष साबिर सहरसावी ने कहा कि उक्त बरकत फाउंडेशन द्वारा दर्जनों सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है, जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों शामिल हैं. साथ ही वे राहत कार्य भी जारी रखते हैं. इस मौके पर दोनों अतिथियों ने मोईन गिरिडीहवी की संस्था बज्म ए मोइन की सराहना करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि मोईन साहब और उनकी टीम बाहर से आने वाले मेहमानों के सम्मान में कवि गोष्ठी का आयोजन करती है और उनका उत्साहपूर्वक स्वागत करती है. कई ऑल इंडिया मुशायरा का संचालन कर चुके बरकत अली ने कहा कि वे जल्द ही पटना में भी एक ऑल इंडिया मुशायरा करने जा रहे हैं. कमेटी के सदस्य हैदर इमाम हैदर ने आये और अतिथियों व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

# गुठनी के बरपलिया में बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली, घटना स्थल पर मौत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

गुठनी/ I,डॉक्टर शंभू,सीवान-थाना क्षेत्र के बरपलिया गांव के समीप विगत रात्रि गुठनी से आ रहे युवक की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरपलिया निवासी देवेंद्र कुशवाहा का 21 वर्षीय पुत्र चंदन कुशवाहा गोरख पुर एम्स से ईलाज कराकर लौटी अपनी मां रामांती देवी और बहन निशा (25वर्ष) को बाईक से लेकर गुठनी चौराहे से आ रहा था तभीं दो बाईक पर सवार 6 की संख्या में अपराधी उसे आगे से एक बाइक से घेर कर उसकी चाभी निकाल ली और एक ने उसके मां के शर पर रिवाल्वर सटा दिया वहीं दूसरा चंदन के शिर में सटा कर गोली मार दी। गोली मारने के बाद तुरंत सभीं दरौली के तरफ भाग गए। बहन और मां के रोने चिल्लाने पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन लोगों की मदद से उसे प्राथमिक स्पताल पहुंचाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए लोग सुबह सड़क पर शव रखकर रोड जाम कर दिया और पुलिस पर नाराजगी जताते हुए वरीय पदाधिकारियों के आने की मांग करने लगे। स्थानीय विधायक सत्यदेव राम भीं सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंच परिजनों से जानकारी ली और ढाढस बंधाया। विधायक ने भीं थानाध्यक को तत्काल हटाने की मांग करते हुए अपराधियों को पकड़ने की मांग की। मृतक अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था चार बहनों में बड़ी बहन की शादी के बाद बिजली के तार स्पर्श होने के कारण मौत हो गई थी। घटना के समय साथ में आ रही निशा के बाद दो और बहने हैं। देवेंद्र कुशवाहा नितांत गरीब व्यक्ति हैं। एकमात्र चन्दन हीं परिवार का कमाऊं सदस्य था। अब परिवार के सामने बहनों की शादी के साथ जीवन यापन की समस्या भी खड़ी हो गई है।

# सोनपुर मेला के मुख्य मंच पे मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल साढवारा ने दी शानदार प्रस्तुति




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

छपराः-- सोनपुर मेला के मुख्य मंच पे मैक्सफोर्ट वर्ल्ड स्कूल साढवारा के बच्चों के द्वारा राम आयेगे और जय सिया राम गाने पे शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों के प्रस्तुति पे दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों ने खूब तालिया बजाई। कार्यक्रम देने वाले बच्चों में भूमिका पाण्डेय,पल्लवी,मंजीत,पलक,श्रेया,रौशिनी, राजा,निशु और अनन्या ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य रूबी पाण्डेय एवं निदेशक संदीप पाण्डेय ने कला संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम तैयार करने और बच्चों को बेहतर ढंग से सजाने में विद्यालय के शिक्षक सुरेश प्रसाद,रितेश सिंह, रेशमी,काजल, सुधांशु, निकी और रबी की भुमिका अहम रही।

# दरियापुर थानान्तर्गत अवैध मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन कर 01 अभियुक्त को भारी मात्रा में पूर्ण निर्मित एवं अर्द्ध निर्मित हथियार एवं अन्य सामग्रियों के साथ किया गया गिरफ्तार



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

दिनांक 13.11.2024 को दरियापुर थानाध्यक्ष को सुचना प्राप्त हुई कि दरियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम- नाथा छपरा निवासी सुजीत शर्मा, पिता स्व० राम श्रृंगार शर्मा द्वारा अपने घर में मिनीगन फैक्ट्री का संचालन कर अवैध रूप से आग्नेयास्त्र का निर्माण कर तस्करी किया जा रहा है। उक्त सुचना पर एस०टी०एफ०, मुजफ्फरपुर एवं जिला आसूचना इकाई, सारण तथा थानाध्यक्ष, दरियापुर थाना एवं टीम के द्वारा संयुक्त अभियान चला कर ग्राम नाथा छपरा में सुजीत शर्मा के घर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उभेदन कर अवैध आग्नेयास्त्र के निर्माण में संलिप्त सुजीत शर्मा को भारी मात्रा में पूर्ण निर्मित एवं अर्द्ध निर्मित हथियार एवं अन्य सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सन्दर्भ में दरियापुर थाना कांड संख्या- 646/24, दि०- 13.11.24 धारा-25(1-अ)/25 (1-अअ)/25(1-इ)/26 अे१२ अू३. दर्ज कर कांड में संलिप्तों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

? गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताः-

1. सुजीत शर्मा, पिता- स्व० राम श्रृंगार शर्मा, सा०- नाथा छपरा, थाना दरियापुर, जिला- सारण

> सुजीत शर्मा का अबतक का ज्ञात अपराधिक इतिहासः-

. दरियापुर थाना कांड संख्या- 132/2009, दिनांक-08-11-2009 धारा-7/25 (1-ु)/26/35 अे१२ अू३.

> बरामद सामान :-

1. देशी कट्टा-01, 02. बैरल 10, 03. देशी कटटा का अद्धनिर्मित घोड़ा 9, 04. देशी कट्टा का अद्धनिर्मित इंजेक्टर-12, 05. देशी कट्टा का अद्धनिर्मित बौटम-10, 06. बैरल पाईप 10, 07. देशी कट्टा का अद्धनिर्मित फायरिंग पिन-9, 08. देशी कट्टा का अद्धनिर्मित बॉडी प्लेट- 12, 09. लकड़ी एवं लोहे का बेंच वाइस मशीन 01, 10. एक बड़ा साईज का लकड़ी एवं लोहे का हथौड़ा,

# जब नीति नियत सही होती है और नेतृत्व करता ईमानदार होता है तो परिणाम हमेशा सफलता वर्धक ही आता है - अरविंद सिंह

**सीवान संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

### एनडीए सरकार में दो एम्स वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा बिहार - अरविंद सिंह

अरविन्द ने कहा कि दरभंगा में एम्स निर्माण से दरभंगा एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। 1264 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण होगा। दरभंगा एम्स से मिथिलांचल के विकास को नई गति मिलेगी। दूसरे एम्स से स्वास्थ्य सेवा को नई ऊंचाई मिलेगी लगभग 15 जिलों और 8 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

पटना, 14 नवम्बर :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि दरभंगा में मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दरभंगा एम्स की आधारशिला रखी इसके साथ ही 12000 करोड़ से ज्यादा लागत की अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इसमें रोड, रेल और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स हैं। ये बिहार की विकास को तेज रफ्तार देगा।

आज एनडीए सरकार में दो एम्स वाला दूसरा राज्य बन रहा है बिहार। मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने दरभंगा में एम्स बनने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। एनडीए सरकार में इससे मिथिलांचल के विकास का नया दौर शुरू होगा। यह प्रदेश का पटना के बाद दूसरा एम्स होगा।

श्री अरविन्द ने कहा कि दरभंगा में एम्स निर्माण से दरभंगा एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। 1264 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण होगा। दरभंगा एम्स से मिथिलांचल के विकास को नई गति मिलेगी। दूसरे एम्स से स्वास्थ्य सेवा को नई ऊंचाई मिलेगी लगभग 15 जिलों और 8 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

जबकि जब नीति नियत सही होती है और नेतृत्व करता ईमानदार होता है तो परिणाम हमेशा सफलता वर्धक ही आता है। और इसी का परिणाम है कि एनडीए सरकार मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में नित्य नए आयाम बिहार गढ़ रहा है।

जिसका फल स्वरुप एनडीए सरकार में लगातार हो रहे विकास कार्यों से पुनः जनता 2025 में एनडीए सरकार को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करेगी।

# बिहार कांग्रेस ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की 135 वीं

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

### आधुनिक भारत के सृजनकतारहे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को कांग्रेस ने किया याद

### देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता का आधार पंडित नेहरू ने रखाः कांग्रेस



पटना. गुरुवार, 14 नवम्बर,2024आधुनिक भारत के निमार्ता और देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा ने की।जयंती कार्यक्रम में माल्यार्पण के पश्चात बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माणकर्ता देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने देश को प्रगति पथ पर अग्रसर होने की आधारभूत संरचना के अर्जन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। पंडित नेहरू ने देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को मजबूती और स्थिरता प्रदान की। उन्होंने देश में समता और संवैधानिक प्रतिबद्धता का सृजन किया।जयंती कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डा0 मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार, विधान पार्षद डा0 समीर कुमार सिंह, डा0 अशोक कुमार, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, प्रमोद कुमार सिंह, डा0 अजय कुमार सिंह,ज्ञान रंजन, चन्द्र प्रकाश सिंह, डा0 संजय यादव,सौरभ सिन्हा, स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, राजकिशोर सिंह,धनंजय शर्मा, अखिलेश्वर सिंह, अश्विनी कुमार, शशिकांत तिवारी अजय कुमार चौधरी, वसी अख्तर, रीता सिंह, प्रो0 मधुवाला, मनोज मेहता विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, सत्येन्द्र कुमार सिंह,दौलत इमाम, अब्दुल वाकी सज्जन, नदीम अंसारी, रवि गोल्डन,,रामनरेश चैधरी, आदित्य पासवान, मंजीत आनन्द साहू, राहुल पासवान, सोनू अग्रवाल,, राजनन्दन कुमार, मो0 शाहनवाज सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# छठ पूजा बाद यात्रियों के सुविधाजनक यात्रा के लिए नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू सहित सभी प्रमुख स्टेशनों के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का किया जा रहा है

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। छठ पूजा के बाद यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, जयनगर, गया, धनबाद आदि स्टेशनों से नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों के लिए पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें से कुछ प्रमुख स्पेशल ट्रेनें निम्नानुसार हैं :- रानी कमलापति, साबरमती की ओर जाने वाली गाड़ियां :- 01664 सहरसा - रानी कमलापति स्पेशल 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को सहरसा से 18.30 बजे खुलेगी, 01662 दानापुर - रानी कमलापति स्पेशल 20.11.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को दानापुर से 11 : 45 बजे खुलेगी, 09406 पटना - साबरमती.स्पेशल 02.01.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को पटना से 05 : 00 बजे खुलेगी,09422 सीतामढ़ी - साबरमती.स्पेशल 02.12.2024 तक प्रत्येक सोमवार को सीतामढ़ी से 16 : 00 बजे खुलेगी,

अहमदाबाद, उधना की ओर जाने वाली गाड़ियां : - 09414 बरौनी - अहमदाबाद स्पेशल 14.11.2024 को बरौनी से 06 : 00 बजे खुलेगी, 09068 बरौनी - उधना स्पेशल 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 23 : 45 बजे खुलेगी, 09034 बरौनी - उधना स्पेशल 01.01.2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को बरौनी से 09 : 25 बजे खुलेगी, 09046 पटना - उधना.स्पेशल 28.12.2024 तक प्रत्येक शनिवार को पटना से 13 : 05 बजे खुलेगी, 09494 पटना - अहमदाबाद स्पेशल 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से 01.00 बजे खुलेगी, 09418 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 23 : 50 बजे खुलेगी, 09462 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल 17.11.2024 को दानापुर से 21 : 55 बजे खुलेगी, 09458 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल 25.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार को दानापुर से 18 : 10 बजे खुलेगी,

एसएमभीवी बेंगलुरू की ओर जाने वाली गाड़ियां :- 03251 दानापुर - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 30.12.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को दानापुर से 15 : 00 बजे खुलेगी, 03259 दानापुर - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 15 : 00 बजे खुलेगी, 03245 दानापुर - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 25.12.2024 तक प्रत्येक बुधवार को दानापुर से 15 : 00 बजे खुलेगी, 03247 दानापुर - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 26.12.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को दानापुर से 15 : 00 बजे खुलेगी,

03241 दानापुर - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 27.12.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर से 15 : 00 बजे खुलेगी, 06564 बरौनी - एसएमभीवी बेंगलुरू स्पेशल 15.11.2024 एवं 22.11.2024 को बरौनी से 17.00 बजे खुलेगी,

06086 पटना - एणार्कुलम 02.12.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पटना से 23.45 बजे खुलेगी, नई दिल्ली की ओर जाने वाली गाड़ियां :- 02397 गया - आनंद विहार स्पेशल 31.12.2024 तक शनिवार को छोड़कर सप्ताह के 06 दिन गया से 14 :15 बजे खुलेगी, 05219 मुजफ्फरपुर - आनंद विहार स्पेशल 31.12.2024 तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 18 : 00 बजे खुलेगी, 05283 मुजफ्फरपुर - आनंद विहार स्पेशल 30.11.2024 तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 06 : 30 बजे खुलेगी, 04057 मुजफ्फरपुर - आनंद विहार स्पेशल 29.11.2024 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 23 : 00 बजे खुलेगी, 04061 बरौनी - आनंद विहार स्पेशल 25.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार को बरौनी से 08 : 00 बजे खुलेगी, 04021 सीतामढ़ी - आनंद विहार स्पेशल 29.11.2024 तक प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार को सीतामढ़ी से 18 : 00 बजे खुलेगी, 04031 सहरसा - आनंद विहार स्पेशल 01.12.2024 तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर सप्ताह के 05 दिन सहरसा से 13 : 00 बजे खुलेगी, 03188 जयनगर - सियालदह स्पेशल 01.12.2024 तक प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15 : 25 बजे खुलेगी, 03255 पटना - आनंद विहार स्पेशल 28.11.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को पटना से 22 : 20 बजे खुलेगी, 02249 पटना - दिल्ली स्पेशल 29.11.2024 तक प्रत्येक शक्रवार को पटना से 17 : 50 बजे खुलेगी, 02251 पटना - दिल्ली वंदे भारत स्पेशल 30.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार, गुरूवार एवं शनिवार को पटना से 07 : 30 बजे खुलेगी,02393 पटना - दिल्ली स्पेशल 30.11.2024 तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के 06 दिन पटना से 20 : 10 बजे खुलेगी, 04077 पटना - आनंद विहार स्पेशल 26.11.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से ङ्क

# गोही में मनाया गया 53 वां स्थापना दिवस



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर / वारिसनगर जिला का 53 वां स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय संपोषित देवी परियोजना इंटर विद्यालय गोही में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजमल परवेज, सीओ धर्मेंद्र पंडित, एचएम डॉ अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीतारवादन अमित रंजीत, डांस टीचर राधाचरण के राधा रमन के द्वारा स्वागत गीत एवं वंदना गीत से कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। इस अवसर पर असद हुसैन ने उदघोषक का पद संभाला एवं कार्यान्वित किया। अन्य बीटी स्कूल के शिक्षक जितेंद्र प्रसाद ठाकुर, ओमप्रकाश, शमशाद गनी, सुरेंद्र कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लेने वाले बच्चो को उत्साहित किया एंव प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन बच्चो के द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। वही उमवि धनहर सह उच्च माध्यमिक विद्यालय धनहर के छात्र - छात्राओं द्वार एचएम शंकर राम एंव सभी शिक्षको के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाला गया। यह विद्यालय से निकलकर पूरे गाँव का परिभ्रमण कर पुनः विद्यालय मे आकर समाप्त हुआ। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार का नारा लगाया गया। साथ ही एचएम शंकर राम के द्वारा सभी छात्र - छात्राओं को पंडित जवाहर लाल के जीवनी पर विस्तृत रूप से चर्चा कर उन्हें बताया। मौके पर लिपिक सुशील कुमार, शंकर कुमार झा, अमित कुमार, उषा कुमारी, शिक्षक व छात्र - छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# कांग्रेस कमिटी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु का मनाया जयंती



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। गुरुवार को जिला काँग्रेस कमिटी के तत्वाधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री तथा आधुनिक भारत के निमार्ता स्व पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिला कार्यालय में बाल दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाइयाँ बांटी गईं तथा एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला काँग्रेस कमिटी के महासचिव मुकेश कुमार चौधरी ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री चौधरी ने उन्हे भारत के निमार्ता की संज्ञा दी तथा कहा की भारत जब स्वतंत्र हुआ था उस दिन देश में कोई भी कल कारखाना नहीं था तथा एक साधारण सी सुई भी हम विदेशों से आयात करते थे, परंतु यह उनका कुशल नेतृत्व ही था जिस कारण देश में इतने बड़े बड़े उधयोग धंधे स्थापित किए जा सके तथा उनके दिखाये मार्ग पर चलकर आज हम चाँद पर जाने की परिकल्पना कर रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर ने कहा कि पंडित नेहरू दृढ़ निश्चय के व्यक्तित्व तथा विश्व का एक ऐसा महान नेता थें जिनके नेतृत्व में महा - शक्तियों से अलग हटकर विश्व को शांति का संदेश देने के लिए गुट निरपेक्ष आंदोलन की स्थापना की। इस अवसर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो मोहिउद्दीन, कांग्रेस एससी विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, वारिसनगर विधानसभा युवा अध्यक्ष महफूज आलम, अशोक कुमार, इशराक आलम, रंजीता कुमारी, आशीष कुमार, मो फैयाज, सविता कुमारी, आशीष कुमार, रंजना कुमारी, दीपा गुप्ता, शशि कुमार, स्वाति कुमारी, सकीना बानो, विकाश कुमार, प्रशांत कुमार, मो नजीर, गौतम गोविन्द, राम शंकर राय, रंजन कुमार, अवधेश कुमार, प्रमोद कुमारी आदि लोगों ने भी उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# मनाया गया 53 वां स्थापना दिवस



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो आसिफ**

ताजपुर (समस्तीपुर)। गुरुवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बघौनी पूर्वी बालक में 53 वां जिला समस्तीपुर का स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें प्रधानाध्यापक कसीम इमाम, शिक्षक में दीनबंधु प्रसाद, विकास कुमार, शिवम कुमार, सुशील कुमार, मिताली कुमारी, चांदनी परवीन, मनीष कुमार, अजीम सम्श रहमानी, मुबश्शिर हुसैन, सरफराज, पुष्पम कुमारी, मोहम्मद अजहर हुसैनी, साकिर हुसैन मिंजू, मोहम्मद तौकीर, इकबाल जाफरी आदि मौजूद थे।

# बाल दिवस पर सभी शिक्षण संस्थानों में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती धुमधाम से मनाई गई, अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए




**हुसैनगंजसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बाल दिवस के शुभ अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में धुमधाम से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बड़े मनाई गई। इस अवसर पर अनेकों कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए। शिक्षकों द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की गेम खेला कर उनके उपलब्धियों पर पुरस्कृत किया गया। इस संदर्भ में उमवि कुतुबछपरा उर्दू में कबड्डी टूनामेंट में लड़कों के तरफ आठवीं कक्षा के आतिफ और बेलाम कप्तान थे वहीं लड़कियों की टीम में आठवीं कक्षा की हिफजा. और सातवीं कक्षा की सबीना खातून कप्तान थी। लडकों की टीम में आतिफ की टीम विजयी रही वहीं लडकियों में हिफजा.की टीम विजयी घोषित हुई। दोनों टीम के कप्तान को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं दोनों टीम के बेस्ट खिलाड़ी आतिफ और हिफजा.को प्रधानाध्यापक मो हसमुद्दीन द्वारा मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नेसार अहमद, तौसिफ अनवर, खलील अहमद,हरेन्द्र मांझी, प्रीति निहारिका, अभिनंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे

# पेट्रोल पंप कर्मी से अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर 70 हजार की लूट

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



समस्तीपुर। जिले कीवारिसनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के नोजल कर्मी से पिस्टल के बल पर अपराधियों ने 70 हजार रुपए लुटकर फिल्मी स्टाइल में चलते बने। रामपुर वार्ड 10 निवासी पेट्रोल पंप के मालिक आमीर इकबाल वाजिदी ने थाना में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि मेरे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर नोजल कर्मी इंद्रजीत कुमार चौपाल कार्य कर रहा था, इसी बीच दो बाईक पर सवार चार की संख्या में व्यक्ति आया। पहले एक बाईक पर दो व्यक्ति आया जो पांच सौ रुपए देकर तेल माँगा जब नोजल कर्मी मीटर देखने लगा तो इसी बीच गाड़ी पर पीछे बैठा अपराधी गाड़ी पिस्टल सटाकर बैग छीनने लगा जब विरोध किया तो गाड़ी पर आगे बैठा अपराधी भी पिस्टल निकाल कर कहा की गोली मार दो उसके बाद पैसा वाला बैग लूट लिया। इसी बीच दूसरे बाईक पर सवार व्यक्ति आया व भागने का इशारा करते हुए चारो अपराधी भादोचौर की तरफ भाग निकला। थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# *मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो.अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश के अलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र मधुबनी के द्वारा संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट काक्रेडिट कार्ड योजना,कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के व्यापक प्रसार प्रसार एवं काउंसलिंग कार्य आज संदीप फाउंडेशन मधुबनी में किया गया। कार्यक्रम में 100 छत्राओ ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में डीआरसीसी के कर्मी- इंदरजीत कुमार,राजनाथ , जितेंद्र कुमार (रहड) के द्वारा विस्तार योजना के लाभ सहित आवेदन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गई। उक्त जानकारी * प्रबंधक,डीआरसीसी मधुबानी अखिलेश कुमार भारती ने दी।

# गोरधोवान मेला में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

**जसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना क्षेत्र के बड़वाघाट गांव में घोघारी नदी के किनारे कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन गोरधोवान मेला में शांति व्यवस्था को लेकर गुरुवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में शिक्षक नेता संतोष सिंह , मुन्ना कुमार साह, दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सरपंच मिथलेश सिंह, चंदेश्वर शर्मा, सुकेश पांडेय, मुकुल कुमार, मुक्ता सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि 16 नवम्बर को बरवाघाट में घोघाड़ी नदी के किनारे गोर धोवान मेला के आयोजन को लेकर ग्रामीणों और मेला आयोजन समिति के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें मेला में शांति व्यवस्था और सुरक्षा पर चर्चा की गयी। मौके पर उन्होंने कहा कि शराब निर्माण, भंडारण और बिक्री गैर कानूनी है जिस पर उनके द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने ग्रामीणों से इस बुराई पर रोक लगाने में सहयोग का भरोसा लिया। उन्होंने कहा कि आप अपने गांव में अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों की सूचना दे उनके द्वारा सूचना को गोपनीय रखतें हुए कारवाई की जाएंगी। वहीं उन्होंने कहा कि मेला में नशा करने वालों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय मुन्ना कुमार साह ने बताया ?कि यहां की मान्यता है कि भगवान श्रीराम अयोध्या से दुल्हा बनकर जब जनकपुर जा रहे थे तब यही रूके थे। तथा इसी नदी में अपना पैर धोए थे। जहां आज भगवान श्रीराम जानकी मंदिर है। हजारों लोगों की मान्यता के अनुसार सभी जगहों का नहान और बड़वाघाट गोड़ धोआन मेला में गोड़ धोने व श्रीराम जानकी मंदिर में माथा टेक पूजा-अर्चना करने से परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। वहीं शिक्षक नेता संतोष सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अगले दिन यहां गोरधोवान मेला लगता है इस अवसर पर भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। जहां सारण, सिवान एवं गोपालगंज सहित उत्तर बिहार व यूपी के गोरखपुर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर आदि जिले के लोग बड़ी संख्या में आते हैं।

# मशरक जंक्शन परिसर पर गया में हो रहे उप चुनाव में जन सुराज पार्टी जीत तय है : वसीम राजा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

समस्तीपुर। गया जिला के बेलागंज विधान सभा क्षेत्र भ्रमण करने बाद जन सुराज पार्टी के राज्य अभियान समिति सदस्य वसीम राजा ने बताया कि बेलागंज विधान सभा के अलावा तरारी, इमामगंज एवं रामगढ़ विधान सभा के उप चुनाव में जन सुराज पार्टी की जीत तय हो गई। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर की मेहनत बिहार में रंग लाना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि वहां की जनता पूरा बदलाव चाह रही है। इसी का परिणाम है कि गया में चारों विधान सभा सीटों पर जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार विजय हासिल करेगी, जो देश के लिए एक मिशाल होगा।

# बुलडोजर वाली सरकार पर चला सुप्रीम कोर्ट का हथौड़ा: प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**जसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- बुलडोजर चलाने वालों की पैरवी करने वाले को सुप्रीम कोर्ट ने कानून के हथौड़े से सिखाया सबक : डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



पटना. गुरुवार, 14 नवंबर, 2024 सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुलडोजर एक्शन पर आएं ताजा फैसले पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के अराजक सरकारों और उनके पैरवीकारों के लिए यह फैसला सबक है और सुप्रीम कोर्ट ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाएं संविधान और कानून की रक्षा करने वाला यह फैसला दिया है।बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि एक बार फिर साबित हो गया है कि यह देश बुलडोजर से नहीं, बाबासाहेब के संविधान से चलेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर से आतंक फैलाने वाली सरकारों और बेलगाम अफसरों को कठघरे में खड़ा करके आईना दिखाते हुए कहा के केवल आरोपी होने पर किसी का भी घर नहीं गिराया जा सकता। साथ ही प्रशासन न्यायालय की भूमिका का निर्वहन करने लगे तो देश में अराजकता की स्थिति बन रही थी और इसे भाजपा के विभिन्न प्रदेशों के नेतृत्व लगातार बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं तो ये फैसला उनके राजनीतिक और संविधान के प्रति नासमझी को भी बताता है।साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी आरोपी का घर गि?राना पूरे परि?वार को सजा देना है जो कि भारतीय संविधान के विरुद्ध है इसलिए सुप्रीम कोर्ट के शब्द बीजेपी सरकारों के बुलडोजर से नफरत भड़काने के खिलाफ करारा तमाचा हैं और समझने की जरूरत है। इस फैसले से भाजपाई, बुलडोजर से कानून की धज्जियां उड़ाना और नफरत फैलाना बंद करेंगे। इस फैसले ने यह भी बताया है कि संविधान और भारतीय कानूनों की समझ भाजपाई नेतृत्व में नहीं है जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लेकर बिहार में भी इसकी पैरवी कर रहे थे और इसको समय समय पर लोगों को डराने के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद निश्चित तौर पर भाजपाई सरकारों के द्वारा कायम किए गए आतंक और डर का राज कम होगा।

# सोनपुर मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी टीबी जांच की नि:शुल्क सुविधा

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- मनोरंजन के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी रखा जायेगा ख्याल
- टीबी बीमारी से बचाव की दी जायेगी जानकारी
- स्लोगन और बैनर के माध्यम से किया जायेगा जागरूक



छपरा। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला, जो अपने विशाल आकार और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, इस बार सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मेला स्थल पर निःशुल्क टीबी (तपेदिक) जांच की सुविधा प्रदान करने की योजना बनाई है, ताकि मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इस खतरनाक बीमारी से बचाव की जानकारी और इलाज मुहैया कराया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क टीबी जांच की सुविधा दी जाएगी। विशेष रूप से मेला स्थल पर तैनात चिकित्सा टीम श्रद्धालुओं की जांच करेगी, सैंपल कलेक्शन किया जायेगा। ताकि किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाने पर तुरंत इलाज किया जा सके। यह पहल मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। मेला में स्टॉल लगाकर टीबी के संदिग्ध मरीजों का सैंपल कलेक्शन किया जायेगा। इसके लिए पूरे एक माह तक स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

टीबी बीमारी से बचाव के प्रति किया जायेगा जागरूकः

सीडीओ डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लक्षण, बचाव के उपाय और इलाज के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। टीबी को लेकर भ्रांतियां दूर करने और सही जानकारी देने के लिए विभाग द्वारा स्लोगन और बैनर लगाए जाएंगे, ताकि मेला में आने वाले लोग इस बीमारी से जुड़ी सटीक जानकारी प्राप्त कर सकें और समय रहते इलाज करवा सकें। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल सोनपुर मेला के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को और भी समृद्ध बनाएगी, साथ ही मेला आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। इस प्रयास से न केवल टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि लाखों लोग समय रहते इसका इलाज करवा सकेंगे, जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सकेगा।

टीबी बीमारी का लक्षण:

- भूख न लगना और वजन घटना
- कमजोरी या थकान
- लगातार बुखार
- दो हफ्ते से ज्यादा खासी

# पेट्रोल पंप कर्मी से लूट मामले का हुआ खुलासा, हथियार और नगद राशि समेत चार अपराध कर्मियों को किया गया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**



**समस्तीपुर।** डीएसपी टू विजय महतो ने आज प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को बताया कि दिनांक 13 नवंबर 2024 की संध्या वारिसनगर थानान्तर्गत रामपुर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर चार अज्ञात मोटरसाईकिल सवार अपराधकर्मियों द्वारा नोजल मैन से लूटपाट की घटना कारित की गई। घटना के संबंध में वारिसनगर थाना कांड संख्या 280/24, दिनांक 13.11. 2024, धारा 309 (4) बीएनएस दर्ज कर पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा के निर्देश पर अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से अपराधकर्मियों के पलायन की दिशा में पीछा कर निम्नांकित चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, पिस्तौल, गोली एवं लूट की राशि को बरामद करने में सफलता पायी है। डीएसपी टू ने बताया कि गिरफ्तार अपराध कर्मियों में मो शमशाद पिता अब्दुल समद, ग्राम चकमेहसी वार्ड संख्या 07, थाना चकमेहसी, जिला समस्तीपुर, ब्रजेश कुमार उर्फ बिल्ला उर्फ छोटका पिता विनोद चौधरी (सहनी), ग्राम शिवनंदपुर, थाना कल्याणपुर, जिला समस्तीपुर, मुन्ना सहनी पिता सोनेलाल सहनी, ग्राम नवटोलिया किशनपुर बैकुंठ, थाना वारिसनगर, जिला समस्तीपुर, कुंदन कुमार पिता प्रमोद सहनी, साकिन पितौलिया, थाना विभूतिपुर, जिला समस्तीपुर निवासी का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गये अपराध कर्मियों के पास से एक मोटसाईकिल, 01 पिस्तौल, 03, जिन्दा गोली, 03 मोबाईल एवं लूट की राशि 48 हजार रूपया बरामद किया गया है। डीएसपी टू विजय महतो ने बताया कि छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक शिव कुमार यादव सदर अंचल समस्तीपुर, वारिसनगर थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार, पु०अ०नि० शशि शंकर कुमार, वारिसनगर थाना, परि०पुअनि खुशबू कुमारी वारिसनगर थाना, परि०पुअनि रविकांत कुमार रवि वारिसनगर थाना, सिपाही धनंजय कुमार वारिसनगर थाना, सिपाही उत्तम कुमार वारिसनगर थाना को शामिल किया गया था।

# जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी प्रेस विज्ञप्ति छपरा



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

वाराणसी, 14 नवम्बर, 2024: महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे पर यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संरक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये गये है। महाप्रबन्धक सुश्री माथुर ने 13 नवम्बर, 2024 को महाप्रबन्धक सभाकक्ष में 04 कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए ह्यमैन ऑफ द मंथह्य घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

पुरस्कार प्राप्तकताओं में वाराणसी मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में गैंग संख्या-01 सीए में की-मैन के पद पर कार्यरत श्री गौतम राय ने 11 नवम्बर, 2024 को छपरा-गौतमस्थान के मध्य किमी. 05/31-5/33 पर रेल फ्रैक्चर को देखा एवं अविलम्ब बचाव कर संरक्षा एवं सुरक्षा को सुनिश्चित किया। श्री राय से तत्परता से ट्रेन की संरक्षा सुनिश्चित हुई।

इसी प्रकार वाराणसी मंडल के हरदतपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत श्री दिव्य प्रकाश ने 06 मई,2024 को कार्य के दौरान 23.20 बजे थ्रू पास हो रही गाड़ी संख्या-12581 में देखा कि पिछले ट्राली में ब्रेक बाइंडिंग के कारण चक्का पूरी तरह लाल हो गया है। श्री प्रकाश ने तत्काल इसकी सूचना लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को दिय एवं गाड़ी को रूकवाया गया, जिससे ट्रेन की संरक्षा सुनिश्चित हुई।

इसी क्रम में लखनऊ मंडल के परिचालन विभाग में काटावाला के पद पर कार्यरत श्री गौरव कुमार, इज्जतनगर मंडल के कानपुर अनवरगंज में ट्रैकमेन्टेनर के पद पर कार्यरत श्री जितेन्द्र कुमार को भी सतर्कता से कार्य करने एवं संरक्षा सुदृढ़ करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

अशोक कुमार
जनसम्पर्क अधिकारी,वाराणसी

फोटो संख्या- 01- संरक्षा पुरस्कार प्राप्तकत्ताओं के साथ महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर। दाहिने से बाएं स्टेशन मास्टर श्री दिव्य प्रकाश,श्री जितेन्द्र कुमार,की मैन श्री गौतम राय, महाप्रबंधक, कांटावाला श्री गौरव कुमार

# पोलियो अभियान की सफलता के लिए हुई बीएलटीएफ की बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

आगामी 17 नवम्बर से आयोजित होने वाले पल्स पोलियो के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रभारी डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार,बीएमसी कुमुद रंजन समेत अन्य मौजूद रहें। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 17 नम्बर से किया जाएगा जिसका समापन 21 नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को 69 केन्द्रों पर 24 सुपरवाइजर और 17 ट्रांजिट टीम को लगाया गया है। बीडीओ पंकज कुमार ने उपस्थित कमीर्यों को अभियान की सफलता को ग्रामीणों को जागरूक कर पोलियो की खुराक पिलाने को जागरूक करने को कहा। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रखंड के हर बच्चे को पोलियो मुक्त बनाना है। पोलियो से बचाव के लिए इस अभियान में सभी नागरिकों का सहयोग जरूरी है। पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो जीवनभर का अभिशाप बन सकती है। इस अभियान में हर व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाना सुनिश्चित करना चाहिए। सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में हमारा साथ दें और अपने आसपास के बच्चों के पोलियो ड्रॉप्स दिलवाने के प्रति सजग रहें।

# सबका विकास ज्योति संस्थान बैनर तले स्वास्थ्य जागरूकता अभियान स्कूलों में चलाया गया

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

विभूतिपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में इस संस्थान के प्रशिक्षित महिला टीम द्वारा प्रत्येक वार्ड,पंचायत में घूम घूम कर गृहणियां, कामकाजी महिलाओं और विद्यालयों में भी जाकर टीन एजर्स लड़कियों में हाइजीन को लेकर माहवारी के दरम्यान ली जानेवाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। खासकर बाजार में मिलनेवाली सस्ती दर पर क्रय की गई पैड और संस्था द्वारा निः शुल्क प्रदत्त पैड का डेमो तुलनात्मक रूप से कर जागरूक किया गया जिससे महिलाओं, टीन एजर्स बच्चियों में समझ विकसित हुई और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से संस्थागत प्रदत पैड के प्रति जागृति पनप सकी। आंगनवाड़ी सेविका और आशाबहु



कार्यकर्ता भी इस गुणवत्तापूर्ण प्रोडक्ट से प्रभावित हो गांव घर की महिलाओं के बीच स्वास्थ्य और सुरक्षा के उपायों के बारे में बता रही हैं।

संस्थान के कोऑर्डिनेटर पप्पू राय ने मीडियाकर्मी के कई प्रश्नों के आलोक में बताया कि सामाजिक और आर्थिकी लाभों का संयोजन को ले स्थापित सबका विकास जयति बिहार के पटना कार्यालय से संचालित एक एनजीओ है जो समाज में गरीब, वंचित तबके के लोगो में एक तरफ बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रखती है तो दूसरे तरफ रोजगार देकर आत्मनिर्भरता भी प्रदान करती है। वोकल फोर लोकल को प्रोमोट कर समाज और राष्ट्र के प्रति प्रेम को भी उजागर करती है।

इस संस्थान के उत्पाद का प्रयोग कर कई महिलाएं उत्साहित हो संस्था के इस उत्कृष्ट और हाईजेनिक पैड को प्रोमोट कर अतिरिक्त राशि अर्जन कर रही मेहंदी, उजाला, शिवानी,शांति, सन्नू और तन्नु है। टीम के कोर सदस्य के रूप में रिंकू कुमार, चंदन, अंकित,शिवचंद्र आदि शामिल हैं

# जिला प्रशासन ने मंत्री को किया सम्मानित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

विद्यापतिनगर (समस्तीपुर)। महाकवि विद्यापति की समाधिभूमि विद्यापतिधाम में आयोजित तीन दिवसीय विद्यापति राजकीय महोत्सव में शामिल रहे मंत्री व अधिकारियों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी, डीएम रौशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मिश्रा, एडीएम अजय कुमार तिवारी आदि को जिला प्रशासन की ओर से विघापति पाग, चादर, माल्यार्पण, स्मृति चिह्न सम्मानित किया गया।

# दूसरे चरण के पैक्स चुनाव नामांकन के दूसरे दिन 12 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पैक्स चुनाव के नामांकन को लेकर प्रत्याशियों और उनके प्रस्तावक, गवाह और समर्थकों से खचाखच भरा रहा। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड के 13 पंचायतों में पैक्स चुनाव दूसरे चरण में 27 नवम्बर को होंगे। जिसको नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 9 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 23 ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि अब नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 16 नवम्बर बचीं हैं उसके बाद दावा, नामांकन पत्र की जांच और चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मौके पर बीसीओ श्री कांत, पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# बाल दिवस पर विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित, बीईओ रहीं मौजूद




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के अलग-अलग संस्थाओं में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोनौली गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 111 पर सेविका रूबी कुमारी के द्वारा महिला पर्यवेक्षिका तृप्ति सिंह की मौजूदगी में बच्चों के बीच केक काटकर और उपहार देकर चाचा नेहरू के बारे में बताया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सरकारी , गैर सरकारी विद्यालयों में बाल दिवस पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मनाया गया। जीएसके विधा निकेतन में चाचा नेहरू की याद में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय निदेशक रमेश कुमार तिवारी ने किया। वहीं सरकारी विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी मौजूद रहीं। मौके पर बच्चों के बीच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने कहां कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों के प्रति बेहद प्रेम और स्नेह था। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इसलिए उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 नवंबर का दिन पंडित नेहरू के साथ-साथ बच्चों को भी समर्पित है। यह दिन देश में बच्चों के अधिकारों, स्वतंत्रता की रक्षा, उनके स्वास्थ्य व शिक्षा एवं कल्याण पर बात करने का है।

# नशे की हालत में बाइक सवार युवक ने कार में मारी टक्कर



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर शराब के नशें में बाइक सवार युवक ने अनियंत्रित होकर कार में टक्कर मार दी और बाइक से सड़क पर गिर मामूली रूप से घायल हो गया। घायल तरैया थाना क्षेत्र के धामा परसा गांव निवासी केदार महंतों का 30 वर्षीय पुत्र दुर्गेश महतो हैं। मौके पर ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस 112 की टीम ने नशे की हालत में सीएचसी मशरक में इलाज के बाद थाना पुलिस को सौंप दिया। वहीं लोगों ने बताया युवक के पास पोलिथीन में शराब भी था। वहीं व शराब के नशें में था।

# ताजपुर हाई स्कूल के सामने रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 20 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर ( रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता ) 14 नवंबर । आज ताजपुर हाई स्कूल के सामने निगराँ ब्लड डोनेशन टीम की ओर से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें 20 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना था । शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने किया । उनके साथ राजद के वरिष्ठ नेता अरमान सदरी और युवा राजद के नेता नुरुज्जोहा आफो,इरशाद सदरी इत्यादि भी उपस्थित थे । ब्लड डोनेशन टीम के कप्तान एबाद सदरी , डायरेक्टर हम्माद सदरी और निगराँ ब्लड डोनेशन टीम के अध्यक्ष सह निगराँ के वाईस चेयरमैन हारिस सदरी के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन हुआ । शिविर में रक्तदान करने वालों में सोहैब सदरी, अबू , अबू ओमारा नदीम, शाहिद, एखलाक अहमद और अन्य समाजसेवियों ने अपना योगदान दियख। इस अवसर पर माननीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा , रक्तदान एक महान सेवा है , और ऐसे शिविरों से जरूरतमंदों को जीवन का उपहार मिलता है। इसके



साथ ही समाज में एकजुटता और आपसी सहायता का संदेश भी फैलता है। मैं निगराँ टीम की इस कोशिश की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे । ब्लड डोनेशन टीम के कप्तान एबाद सदरी ने कहा, "हमारा उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है , क्योंकि एक व्यक्ति का दान किया हुआ रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है। आज शिविर में लोगों की भागीदारी देखकर हमें गर्व है और हम आगे भी इस अभियान को जारी रखेंगे। डायरेक्टर हम्माद सदरी ने भी अपने विचार साझा किए और कहा , रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो हमें समाज की सेवा का अवसर प्रदान करता है। हमारे इस प्रयास से किसी की जान बच सकती है , और यही सोच हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है । निगराँ ब्लड डोनेशन टीम के अध्यक्ष सह निगराँ के वाईस चेयरमैन हारिस सदरी ने भी इस अवसर पर कहा, "हमारा उद्देश्य है कि समाज में हर व्यक्ति रक्तदान के महत्व को समझे और इसे अपनाए। आज का शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करेंगे।

शिविर की सफलता के बाद निगराँ टीम ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। आयोजकों ने जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में भाग लेकर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में अपना योगदान दें ।

# बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बच्चों के बीच पाठ्य एवं क्रीड़ा सामग्री का किया वितरण




**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

दरभंगा, 14 नवम्बर, 2024 :- बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर स्लम एरिया से चयनित बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगाते हुए उनके बीच पाठ्य एवं क्रीड़ा सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा उनका मौलिक अधिकार है। आर्थिक पिछड़ेपन के कारण बच्चे शिक्षा प्राप्त करने से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरकारी संस्थाओं के सहयोग से बच्चों का स्थानीय शिक्षा संस्थानों में नामांकन कराकर उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के अलावा खेल-कूद, गीत-संगीत, सामाजिक एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों से जोड़ना भी आवश्यक है।

ये गतिविधियां बच्चों के शारिरिक, मानसिक, व्यकतित्व एवं नेतृत्व कौशल जैसी क्षमताओं का विकास करते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि 14 नवंबर 2024 से 14 दिसंबर 2024 तक बच्चों के कल्याण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ साथ विद्यालयों के सहयोग से बच्चों के बीच वाद-विवाद, चित्रांकन, निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री प्रमोद कुमार पंकज, एडीजे प्रथम श्री रमाकांत एडीजे द्वितीय श्री अंजनी कुमार श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण इकाई की सहायक निदेशक नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

# समस्तीपुर जंक्शन पर अब मिलेगी सस्ती दवाएं यात्रियों ने सराहना की



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर जंक्शन पर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ हुआ, जिससे स्टेशन पर यात्रियों को किफायती दवाइयां आसानी से उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दरभंगा से इस केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया, जो आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में राहत प्रदान करने की एक अहम पहल है।जन औषधि केंद्र पर यात्रियों के लिए लगभग 1963 प्रकार की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों के लिए अब अधिक मूल्य देने की आवश्यकता नहीं होगी। यह केंद्र 24 घंटे खुला रहेगा, ताकि यात्री किसी भी समय आवश्यक दवाइयां खरीद सकें।नगर निगम की अध्यक्ष अनीता राम ने इस अवसर पर कहा कि समस्तीपुर जंक्शन से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं, जिनमें से कई आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बीमार पड़ने पर उन्हें महंगी दवाइयों के लिए बाजार पर निर्भर होना पड़ता था। अब जन औषधि केंद्र के कारण उन्हें सस्ती दवाइयां मिल सकेंगी।यात्री मोहम्मद हसनैन ने इसे प्रधानमंत्री की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस केंद्र के माध्यम से अब लोग बिना आर्थिक चिंता के दवाइयां खरीद पाएंगे। वहीं, रेलवे यात्री मोहम्मद वसी अहमद का मानना है कि जन औषधि केंद्र गरीब यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा, खासकर उन लोगों के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और यात्रा के दौरान बीमार पड़ते हैं।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनीता राम के साथ एसीएम राजेश कुमार, स्टेशन प्रबंधक विनोद कुमार, शशिकांत सिंह, और मनोज जायसवाल सहित अन्य अधिका

# परिवार गया दिल्ली, समस्तीपुर वाले घर में 8 लाख की हो गई चोरी.



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर के मोहनपुर थाना क्षेत्र में स्थित भोगराजपुर पटबाड़ा गांव में एक घर पर चोरी की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। दिल्ली से घर लौटने पर परिवार को अपने घर का टूटा हुआ ताला मिला और लाखों की संपत्ति गायब पाई गई।यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।भोगराजपुर पटबाड़ा गांव की पीड़ित महिला, कल्पना राय, जो हाल ही में अपनी मां के साथ दिल्ली से वापस आई थीं, ने बताया कि उन्होंने घर लौटते ही पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सभी कमरे अस्त-व्यस्त हैं। उनके अनुसार चोर करीब 10 लाख रुपये से अधिक के गहने और कीमती साड़ियाँ लेकर फरार हो गए हैं। यह घटना उस समय हुई जब घर करीब 15 दिनों से बंद पड़ा था।चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि घर की सुरक्षा कमजोर होने का लाभ उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस सभी कमरों और आसपास के क्षेत्रों की जांच कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार की ओर से अभी तक आधिकारिक रूप से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन प्राथमिक तौर पर जांच शुरू हो चुकी है। कल्पना राय ने बताया कि उनके पिता का निधन हो चुका है और उनके चाचा का दिल्ली में किराने का व्यवसाय है। वह अपनी मां के साथ दिल्ली में रह रही थीं। घर में रखे गहने और कीमती सामान गायब होने से उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान है।इस घटना ने स्थानीय निवासियों में भी दहशत का माहौल बना दिया है।

# अजय द्वय प्रधान शिक्षक के रूप में जिला में अव्वल



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

ताजपुर / समस्तीपुर (रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता ) : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रधान शिक्षकों में समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखंड के अजय साहनी और ताजपुर प्रखंड के अजय कुमार का चयन जिला स्तर पर क्रमशः प्रथम और द्वितीय के रूप में हुआ है ।बिहार राज्य स्तर पर क्रमशः २६ और ५९ रैंक हासिल कर इन्होंने अपने परिवार का और अपने प्रखंड और जिला का नाम रौशन किया है ।दोनों ही होनहार शिक्षक को उनके अनेक शिक्षक साथीगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दिया ।बताते चलें कि दोनों अजय बहुत ही अच्छे मित्र हैं और साथ में ज्वाइन किए और प्रशिक्षण भी साथ साथ लिया है । जिला शिक्षा अधीक्षक सहित डीपीओ सुमित कुमार सौरभ दोनों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और अन्यान्य शिक्षा विभाग के कर्मियों के साथ साथ विधायक रणविजय साहू, ताजपुर निवासी पर्यावरणविद सह शिक्षाविद् और समाजसेवी जितेंद्र कुमार, शिक्षक सुजीत कुमार ठाकुर, अरविंद साह, पवन कुमार, आदि अनेक लोगों ने बधाई दिया

# केंद्रीय सहकारी बैंक में भारतीय सहकारी सप्ताह शुरू




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। वृहस्पतिवार को जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। उक्त अवसर पर विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका पर बैंक मुख्यालय एवं शाखाओं में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विदित हो कि अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष 14 नवंबर से 20 नवंबर तक किया जाता है।विभाग द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजन हेतु भी निर्देशित किया गया है। दिनांक 20.11.2024 को शाखाओं में नये खाता खोलने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। परिचर्चा में अध्यक्ष के साथ बैंक के उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, बाबु राजा, प्रबंधक लेखा मनीष कुमार, मुकेश कुमार अस्थाना, चन्द्रशेखर कुमार एवं सहकारिता से जुड़े किसान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छ शहर अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत साफ-सफाई अभियान 20 तक हुआ विस्तारित

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- नगर आयुक्त दरभंगा श्री राकेश कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि 10 नवम्बर से 13 नवम्बर 2024 तक दरभंगा नगर निगम क्षेत्रांतर्गत "स्वच्छ शहर अभियान" माननीय प्रधानमंत्री के दरभंगा आगमन के अवसर पर विशेष अभियान चलाया गया था, उक्त विशेष स्वच्छ अभियान को आगे 20 नवम्बर 2024 तक विस्तारित किया गया है।

संपूर्ण शहर के मुख्य मार्गों,चौक चौराहों एवं घाटों को साफ-सफाई किया जा रहा है।

साथ ही नगर आयुक्त द्वारा स्वयं भ्रमणशील रह कर उक्त अभियान का निरीक्षण किया जा रहा है।



नगर आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में स्वच्छ अभियान को विस्तारित को लेकर बैठक आयोजित की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी पदाधिकारीयों, नगर निगम के सभी संसाधनों को शहर की साफ-सफाई में लगाया गया है।

आज सफाई की विशेष अभियान के तहत गंगा सागर पोखर, दरभंगा टावर,अल्लाह पट्टी ,डोनर आदि स्थलों की साफ सफाई कराया गया। विशेष अभियान के तहत अब दरभंगा नगर निगम में सफाई में आमूल चूल परिवर्तन आया है।

नगर आयुक्त द्वारा विशेष अभियान के क्रम में शहरी क्षेत्र के मुख्य सड़क, तालाबों आदि का औचक निरीक्षण किया गया तथा कर्मियों को सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) चुनाव को लेकर सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारीयों के साथ हुई बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में *जिला निर्वाचन पदाधिकारी(स.स)-सह-जिला पदाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन के निदेशानुसार अपर समाहर्ता आपदा सलीम अख्तर की अध्यक्षता में दरभंगा प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) निर्वाचन 2024 के कार्य सुचारू रूप से संचालन को लेकर जिला स्तर पर गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित हुई*।*

उन्होंने कहा कि कोषांग में पदाधिकारी/ कर्मचारियों कि प्रतिनियुक्ति की गई है तथा संबंधित कोषांग के दायित्व का निर्धारण करते हुए निर्देश दिया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार पटना से प्राप्त दिशा निर्देश के तदनुरूप पैक्स निर्वाचन 2024 के कार्यों के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई स-समय सुनिश्चित करें।

नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को कार्य योजना बनाते हुए सभी कार्यों को स-समय कराने को कहा।

अपर समाहर्ता ने बारी-बारी से कार्यों के संबंध में सभी कोषांगों वरीय पदाधिकारी तथा नोडल पदाधिकारी से अब तक की किए गए कार्यों के संबंध में विस्तृत फीडबैक लिया ।

बैठक में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 600 पोलिंग मजिस्ट्रेट को 15 नवम्बर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।साथ ही 1100 पीठासीन पदाधिकारी को प्रशिक्षण कराया जा चुका है। 1100 पोलिंग अफसर पी-2,पी-3 को आज से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 378 मतगणना पर्यवेक्षक एवं 1110 सहायक मतगणना पर्यवेक्षक को 15 नवम्बर 2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पहले चरण का मतदान 26 नवम्बर, द्वितीय चरण का मतदान 27 नवम्बर, तृतीय चरण का मतदान 29 नवम्बर, चौथे चरण का मतदान 01 दिसंबर एवं पांचवें चरण का मतदान 03 दिसंबर 2024 को होना है।



पहले चरण का मतगणना 26 नवंबर 2024 मतदान के तुरंत पश्चात अथवा 27 नवंबर 2024, द्वितीय चरण का मतगणना 27 नवंबर 2024 मतदान के तुरंत पश्चात अथवा 28 नवंबर 2024, तृतीय चरण का मतगणना 29 नवंबर 2024 मतदान के तुरंत पश्चात अथवा 30 नवंबर 2024, चौथे चरण का मतगणना 01 दिसंबर मतदान के तुरंत पश्चात अथवा 02 दिसंबर एवं पांचवें चरण का मतगणना 03 दिसंबर मतदान के तुरंत पश्चात अथवा 04 दिसंबर 2024 को होना है। पहले चरण की निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति 29 नवंबर, द्वितीय चरण की 30 नवंबर, तृतीय चरण की 02 दिसंबर, चौथा चरण की 04 दिसंबर एवं पांचवा चरण के लिए 06 दिसंबर निर्धारित है। गौरतलब है कि पहले चरण में बेनीपुर,हायाघाट, गौड़ाबौराम प्रखंड हेतु 26 अक्टूबर को सूचना प्रकाशन किया जाएगा एवं 26 नवम्बर 2024 को मतदान होगा।

इसी प्रकार दूसरे चरण में सिंहवाड़ा, अलीनगर, कुशेश्वरस्थान पूर्वी, कुशेश्वरस्थान प्रखंड हेतु 28 अक्टूबर को सूचना प्रकाशन किया जाएगा तथा 27 नवंबर 2024 को मतदान होगा। तृतीय चरण में जाले, तारडीह, किरतपुर, दरभंगा सदर प्रखंड हेतु 30 अक्टूबर को सूचना का प्रकाशन किया जाएगा एवं 29 नवम्बर 2024 को मतदान होगा।चौथा चरण में केवटी, मनीगाछी,घनश्यामपुर, बहादुरपुर प्रखंड हेतु 01 नवम्बर को सूचना का प्रकाशन किया जाएगा तथा 01 दिसंबर 2024 को मतदान होगा।

पांचवा चरण में बिरौल, हनुमाननगर,बहेड़ी प्रखंड हेतु 03 नवम्बर को सूचना का प्रकाशन किया जाएगा तथा 03 दिसंबर को मतदान होगा।

बैठक में बताया गया कि प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) निर्वाचन 2024 के कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तर पर कोषांगों का गठन किया गया है। यथा- कार्मिक कोषांग/ मतगणना कोषांग जिला स्थापना शाखा में संचालित है। इसी प्रकार प्रशिक्षण कोषांग अनुमंडल भूमि सुधार कार्यालय दरभंगा में, सामग्री कोषांग, दरभंगा क्लब लहेरियासराय,वाहन कोषांग नेहरू स्टेडियम पोलो मैदान लहेरियासराय में, मतपत्र कोषांग जिला कोषागार में, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग जिला सामान्य शाखा कार्यालय में, विधि व्यवस्था कोषांग जिला गोपनीय प्रशाखा में, आचार संहिता निर्वाचन अपराध कोषांग डीआरडीए विकास भवन दरभंगा में,मतपेटिका कोषांग कमला नेहरू लाइब्रेरी लहेरियासराय में, मीडिया कोषांग जिला जनसंपर्क कार्यालय में एवं जिला आईटी कोषांग जिला आईटीसेल में संचालित है।उप विकास आयुक्त दरभंगा संपूर्ण निर्वाचन के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में सभी निर्वाचन कार्यो का अनुश्रवण/ पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।जिला सहकारिता पदाधिकारी दरभंगा इस चुनाव के लिए सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में अपने सभी कार्यालय पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ चुनाव संपन्न करायेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत, उप निदेशक जन-संपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रशांत कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल उमेश कुमार भारती, डीसीएलआर सदर संजीत कुमार आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# लखीमपुर खीरी कांड के 11 आरोपियों को मिली जमानत

## लखनऊ हाईकोर्ट ने कहा-ट्रायल अभी लंबा चल सकता है, जेल में नहीं रख सकते

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में अक्टूबर 2021 में हुए चर्चित मामले में शामिल 11 आरोपियों को लगभग तीन साल बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने नियमित जमानत दे दी है। इनमें अंकित दास समेत अन्य प्रमुख अभियुक्त शामिल हैं, जो इस मामले में जेल में थे। घटना में आठ लोगों की जान गई थी, जिसके बाद इन सभी को जेल भेजा गया था। सभी आरोपी पहले से ही अंतरिम जमानत पर थे, लेकिन अब कोर्ट ने इन्हें नियमित जमानत भी सशर्त मंजूर की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ट्रायल में सहयोग नहीं करने की स्थिति में जमानत रद्द की जा सकती है। चार किसानों और एक पत्रकार पर चढ़ाई थी थार यह घटना 3 अक्टूबर 2021 की है, जब लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में किसान आंदोलन के दौरान तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू पर आरोप लगा कि उन्होंने प्रदर्शन कर रहे चार किसानों और एक पत्रकार पर थार गाड़ी चढ़ा दी, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने आशीष मिश्रा के ड्राइवर और दो अन्य लोगों को मार दिया। पुलिस ने जांच के दौरान कई अन्य लोगों के नाम उजागर किए, जिनमें अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ उर्फ काले, सत्यम त्रिपाठी, शेखर भारती, धर्मेंद्र सिंह बंजारा, आशीष



पांडेय, रिंकू राणा, उल्लास कुमार त्रिवेदी, लवकुश, सुमित जायसवाल और शिशुपाल शामिल हैं। विवेचना के बाद इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकल पीठ ने सभी अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की और नियमित जमानत को मंजूर कर लिया। कोर्ट ने कहा कि सभी आरोपियों को ट्रायल में सहयोग करना होगा, अन्यथा उनकी जमानत निरस्त की जा सकती है। अभियुक्तों के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कुल 114 गवाह हैं, जिनमें से अभी तक सिर्फ सात गवाहों के बयान ही दर्ज किए गए हैं। तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2024 में नियमित जमानत दे दी थी। इस पर हाई कोर्ट ने भी ध्यान देते हुए अन्य आरोपियों की नियमित जमानत याचिकाएं स्वीकार कर लीं। अंतरिम जमानत पर रिहा रहने के दौरान इन अभियुक्तों के खिलाफ कोई शिकायत भी सामने नहीं आई है, जिससे कोर्ट ने उनकी जमानत की मंजूरी दी। राज्य सरकार और वादी के वकील ने जमानत का विरोध किया था। उनका कहना था कि इन आरोपियों की रिहाई से ट्रायल पर असर पड़ सकता है। हालांकि, कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद यह आदेश दिया कि ट्रायल में सहयोग करने की शर्त पर अभियुक्तों को नियमित जमानत दी जा रही है। अदालत का कहना है कि केस का ट्रायल अभी लंबा चल सकता है। मुख्य आरोपी को पहले ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, और अंतरिम जमानत के दौरान अन्य आरोपियों ने शर्तों का पालन किया है।

अब कोर्ट के आदेश के बाद ये सभी 11 आरोपी जेल नहीं जाएंगे, जज ने कहा- बशर्ते वे ट्रायल में सहयोग करें और अदालत की शर्तों का पालन करते रहें।

## स्वच्छ वातावरण के लिए वृक्षारोपण जरूरी : चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ल

संवाददाता

**कुशीनगर।** पुलिस चौकी कुशीनगर पर चौकी प्रभारी गौरव शुक्ल ने सह



कर्मियों के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए चौकी प्रभारी कुशीनगर गौरव शुक्ल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। आरक्षी राहुल पाण्डेय ने बताया कि इन आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्रकृति की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।\ उन्होंने यह भी कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, मुख्य आरक्षी दिनेश सिंह ने भी बढ़ चढकर योगदान किया।

## श्रीलंका टेम्पल में बौद्ध भिक्षुओं को किया गया कठिन चीवरदान

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित श्रीलंका बुद्ध बिहार के धम्म हाल में भन्ते डा0 नन्द रतन की देखरेख में आयोजित कठिन चीवरदान कार्यक्रम के अवसर पर भगवान बुद्ध का धम्म पाठ के साथ पूजन किया गया और विश्व शांति की कामना की गई। बुधवार की सुबह भिक्षु संघ के नेतृत्व में थाई, कोरिया, वियतनाम, कम्बोडिया, भारत आदि देशों के बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने श्रीलंका बुद्ध बिहार से धम्म यात्रा निकाली। बुद्ध की महापरिनिर्वाण मन्दिर पहुंचकर बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर चीवर चढाया। इसके पश्चात श्रीलंका बुद्ध बिहार के धम्म हाल में भन्ते महेंद्र, भन्ते अशोक, भन्ते आलोक, भन्ते, विनय कीर्ति,



भन्ते शील प्रकाश, भन्ते तेजेन्द्र, भन्ते कुन्चुक लामा, आनन्द भन्ते, थाई भन्ते, भन्ते सागर आदि भिक्षुओं द्वारा धम्म पाठ के बीच दीप प्रज्वलन, त्रिशरण पंचशील और परित्रायण पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्राकृतिक रूप से बने चीवर का भन्ते गण को दान दिया गया। मुख्य अतिथि एबी ज्ञानेश्वर ने कठिन चिवर दान के महत्व पर प्रकाश डाला। आईपीएस कमाण्डेन्ट 26 वाहिनी गोरखपुर आनन्द कुमार, श्रम उपायुक्त गोरखपुर शक्ति सेन मौर्या, पूर्व विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास डीडीयूगोविवि प्रो दिग्विजय विजय सिंह, डॉ सच्चिदानंद मौर्य ने बुद्ध के सिद्धांत, बुद्ध कालीन भारत की कला, संस्कृति, महत्व की चर्चा की। आयोजक भन्ते डा0 नन्द रतन ने कहा कि बुद्ध के समय से यह परंपरा कठिन चिवर दान की चली आ रही है। आयोजित मेडिकल कैम्प में चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन गिरीश चन्द्र मौर्य ने किया। इस दौरान नथुनी कुशवाहा, विजय कुशवाहा, सत्य नारायण कुशवाहा, राम कृपाल, अशोक, ओम प्रकाश कुशवाहा, राम नगीना, फूल बदन, श्रवण मौर्य, अशोक, गौतम मौर्य, वृजेश कुशवाहा, सत्य नरायण, आदित्य, पुरुषोत्तम कुशवाहा, डॉ मधुसूदन कुशवाहा सहित आदि भिक्षु व उपासक उपस्थित रहे।

## गोवंश किसी भी सूरत में सड़क पर घूमते या बैठे नहीं नजर आने चाहिये: एडीएम जस्टिस

संवाददाता

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में जिला सड़क सुरक्षा समिति की नवम बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए चलने वाले वाहनों/ बसों आदि का फिटनेस परीक्षण कर लिया जाए ,स्कूलों में अनफिट वाहन किसी भी दशा में ना चले । कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए साथ ही उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए।



अनफिट गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। सड़कों पर गोवंशों के बैठने से दुर्घटनाए होती है अतः पुलिस, राजस्व एवं पशुपालन विभाग की टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी गोवंश सड़क पर नहीं बैठना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। आने वाले ठंड के सीजन में कोहरे के मद्देनजर सड़क सुरक्षा उपायों एंटी स्मॉगर के बेहतर इंतिजाम तय किये जाएं। राठ मोड़ कुछेछा सहित यमुना और बेतवा पुल पर रौशनी का इंतिजाम किया जाय। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ने कहा कि जनपद में सेतुओं के पास प्रकाश की उचित व्यवस्था रखी जाए ।आबादी क्षेत्र में ,तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए । कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों / हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक , साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं ल। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं । बैठक में एसडीएम सीओ सदर, एआरटीओ प्रवर्तन, प्रशासन, सीओ ट्रैफिक ,राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्षद ने आम सदन बुलाने की मांग उठाई



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्षद दल की नेता ममता चौधरी ने मेयर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखकर आम सदन बुलाने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि 2 महीने से ज्यादा समय हो गया है। 30 अगस्त को सदन बुलाया गया था। अब जनता के मुद्दों पर एक बार फिर से सदन बुलाने की जरूरत है। पार्षद ममता चौधरी ने कुछ दिन पहले भी सदन बुलाने की मांग को लेकर मेयर को पत्र लिखा था। दिवाली के बाद शहर में सफाई, सड़क और स्ट्रीट लाइट को लेकर कई जगह से शिकायतें आई थीं। ममता चौधरी ने बताया कि 30 अगस्त को आम सदन का आयोजन हुआ था। दिसंबर के महीने केंद्र और राज्य सरकार का शीत कालीन सत्र शुरू हो जाएगा। जब बड़ा हाउस चलता है तो छोटे को चलाने की अनुमति नहीं है। चौधरी का कहना है कि एक दिसंबर से पहले आम सदन बुलाकर शहर की समस्याओं पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। जिससे कि सभी वार्ड में उसका हल निकाला जा सके। मौजूदा समय डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई की स्थिति खराब है।

## लखनऊ में कठौता झील के पास मिला शव

**लखनऊ** । चिनहट इलाके में एक व्यक्ति का शव मिला है। गले में फंदे लगा था। आस-पास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कि तो मृतक के पास से लोहिया अस्पताल का एक पर्चा मिला है। इससे उसकी पहचान हुई है। परिजनों ने हत्या आशंका जताते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी चिनहट भरत पाठक ने बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक फूलबाग गुडंबा का रहने वाला है। उसका नाम फरीद अनवर (52) है। उसके कपड़े में लोहिया अस्पताल के पर्चे मिले हैं। बताया जा रहा है कि काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। मृतक के चचेरे दामाद इजहार ने बताया कि पत्नी 15 साल पहले अलग हो गई थी। अपने भाई के साथ रहते थे। फरीद के भाई मोईद अनवर ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि मंगलवार को फरीद दोपहर करीब 12:30 बजे लोहिया अस्पताल जाने की बात कहकर निकले थे। शाम 6 बजे फोन पर बात हुई तो बताया कि अभी आ रहे हैं। काफी देर तक नहीं पहुंचे तो 9:30 बजे कॉल की गई । तो बोले बस आ रहे हैं। लेकिन रात 12 बजे मोबाइल नॉट रिचेबल हो गया। बुधवार को मोईद को पुलिस ने जानकारी दी कि कठौता झील के पास एक शव मिला है। परिजनों ने पहुंचकर शव देखा तो उसमें चोट के निशान थे। गले में फंदे था। शरीर के पीछे और पेट पर चोट के निशान थे। आंख के नीचे चोट के निशान था। मौके से परिवार को मोबाइल फोन नहीं मिला। इन चोट को देखते हुए परिवार ने हत्या की आशंका जताई है।

## निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों के पोषण की कमी को करे दूर: विशाल भारद्वाज

संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला क्षयरोग विभाग द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्यचिकित्साधिकारी, जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा एक-एक टीबी रोगी तथा इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा कुशीनगर द्वारा 52 टीबी रोगियों एवं जिलापूर्ति विभाग के कोटेदारों द्वारा 5 टीबी रोगी एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा 4 टीबी रोगियों सहित कुल 66 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली जिसमें गुड़, भुना चना, सत्तू, गजक, मूंगफली का दाना एवं प्रोटीन पाउडर दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि पोषण की कमी से क्षयरोगियों की संख्या बढ़ती है।अतःजनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी,शिक्षक एवं प्रधानगण कोटेदार निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों के पोषण की कमी को दूर करे। उन्होंने कहा कि आप द्वारा दिये गये पौष्टिक आहार एवं दवा खाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ हो जायेगा। जिससे कुशीनगर जनपद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में अग्रणी भूमिका में आ जायेगा। उन्होंने ने कहा कि गोद लेना वाला व्यक्ति मरीज के सम्पर्क में रहे तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं उसे मिल रही है कि



नही,इसे भी देखे और उसमें कोई कमी हो तो क्षयरोग विभाग को सूचना दे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने कहा कि इस पुनीत कार्य मे सभी को सहयोग करना चाहिये जिससे टीबी रोगियों को आपसे एक भावनात्मक लगाव जुड़ जाता है। अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि हमारा जनपद राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में लगातार बेहतर प्रयास कर रहा है तथा टीबी रोगियों को सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, आईएमए के अध्यक्ष डॉ जी.पी.राय,सचिव डॉ वाई.के.मद्धेशिया ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन अनूप मिश्र ने किया। आगन्तुको का स्वागत जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन. त्रिपाठी तथा आभार जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र ने व्यक्त किया। गोद लेने वालों में आईएमए के डॉ अजय शुक्ला, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ राजीव मिश्र, डॉ यशा मिश्रा, डॉ भावना गुप्ता, डॉ अशोक सिंह, डॉ पी एन गुप्ता, डॉ आर एस यादव, डॉ सन्दीप अरुण, डॉ सुरभि, डॉ विवेक सिंह, डॉ संजय जयसवाल, डॉ रूपम, डॉ प्रवीन राव, डॉ रूचिका सिंह,बडॉ ऋचा बर्नवाल, डॉ गिरिजेश जयसवाल, डॉ वी के सिंह, डॉ अब्दुल समद आदि एवं कोटेदार देवेंद्र मिश्र, अरविंद प्रसाद, विजय, हरि प्रसाद,माया देवी पंचायत विभाग से एडीओ मैनेजर सिंह,सतीश राय आदि। इस दौरान आशुतोष मिश्र, नितेश राय, चंद्रशेखर यादव, विशाल जयसवाल, अमित राय, विवेक यादव, सन्दीप मौर्या, सन्तोष यादव, प्रभु,राजा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### कुमति का निवारण कर सुमति प्रदान करते हैं हनुमानः त्रियुगीनारायण मणि



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के भठहीं खुर्द स्थित शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सातवें दिन प्रवचन करते हुए कथा व्यास त्रियुगीनारायण मणि त्रिपाठी ने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले संत की शरण में जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राम भक्ति से पहले हनुमान भक्ति आवश्यक है, क्योंकि हनुमान जी की सेवा से सभी कार्य सरल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि हनुमान जी ऐसे देवता हैं जो भक्तों का कल्याण करते हैं। वे महावीर, विक्रम, बजरंगी हैं जो कुमति का निवारण कर सुमति प्रदान करते हैं। त्रिपाठी ने हनुमान जी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान राम को सुग्रीव से मिलवाया, जिससे सुग्रीव राजा बने। हनुमान जी ने सीता जी की खोज के दौरान विभीषण को कर्मयोग की शिक्षा दी और धर्म की स्थापना में योगदान दिया। आचार्य पंडित त्रियुगीनारायण मणि त्रिपाठी ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं और उनके उपासना से जीवन के सभी क्लेश समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने बल, बुद्धि और विद्या प्राप्त करने के लिए हनुमान जी की शरण में जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि पंडित भोला प्रसाद त्रिपाठी, पंडित सुभाष प्रसाद त्रिपाठी, डॉ निर्मला त्रिपाठी, विश्वामित्र त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, ब्रजेश त्रिपाठी, अमरेश त्रिपाठी, गिरिजेश त्रिपाठी, उद्धव त्रिपाठी, शीला त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी, डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ नीरज पाण्डेय, राजकिशोर पाण्डेय, उमेश तिवारी, प्रदीप दूबे, डॉ पुष्पा मिश्रा, अंजन मिश्र, सर्वेश दुबे, प्रिन्स दूबे, सत्यांक तिवारी, रामेश्वर प्रसाद, आनन्द मिश्र, छोटेलाल, सच्चिदानन्द राय, आलोक चौबे, गौरीशंकर लाल, अंजुम आरा, ब्रजेश मिश्रा, डॉ दिलीप तिवारी, अमित त्रिपाठी, अभिनन्दन मिश्र, दीपू शुक्ल सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### डांस और गायिकी का उच्च माध्यमिक विद्यालय इस्लामिया में हुआ आयोजन





संवाददाता

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत (बाल कार्निवाल) 10 नवम्बर से 14 नवम्बर तक मनाया जा रहा है, जिसके चलते 12 नवंबर 2024 को उच्च माध्यमिक विद्यालय इस्लामियां में नृत्य और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि कार्यक्रम में फर्स्ट और सेकेंड प्राईज से बच्चों को नवाजकर उनका हौसला बढाया गया, हालांकि इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में खासतौर से स्कूल स्टाफ सहित सफवान अहमद (डीसी), रचना बाजपेयी(काउंसलर), दीक्षा सिंह(केस वर्कर) ने पूरा सहयोग किया।

### गैंगस्टर एक्ट के तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में कुरारा थाने के तीन हिसट्रीशीटर 193ए गैंगस्टर अपराधी हरिओम पुत्र मुंशी सिंह, शिवराम पुत्र मुंशी सिंह सहित बल्लू सिंह पुत्र शिवराम सिंह को एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर अदालत हमीरपुर के स्कालर जज मनोज कुमार शासन ने सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का किया जुमार्ना। जबकि अभियुक्त हरिओम पहले से ही हमीरपुर जिला जेल में बंद है, वहीं अभियुक्त शिवराम और बल्लू सिंह अभी तक जमानत पर बाहर थे,



एडीजीसी- सुशील कुमार त्रिपाठी

लेकिन स्कालर जज ने अब सजा सुनाये जाने के बाद दोनों आभियुक्तों के बेल बाउंड निरस्त कर दिये हैं। गौरतलब है कि तीनों गैंगस्टर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को सजा दिलाने में अभियोजन की तरफ से एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी की दमदार पैरवी का खास योगदान और भूमिका रही है। जिसके बाद बचाव पक्ष की दलीलों की हवा निकल गई, जबकि इस मामले की जांच तत्कालीन इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाये जाने की मांग की थी। गौरतलब है कि तीनों शातिर अपराधी अपनी दबंगई के चलते समाज में दहशत फैलाने के इरादे से गैंग बनाकर आये दिन किसी न किसी बेगुनाह को अपना शिकार बनाकर मारपीट की घटनाओं को अंजाम देने के साथ ही समाज विरोधी कार्यों में लिप्त रहते थे, जबकि कुरारा थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष राकेश सरोज ने 9 मार्च 2015 को कुरारा थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी हरिओम सिंह, शिवराम सिंह, बल्लू सिंह सहित तीनों अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुये मु०अ०सं०388/2015 दर्ज कराया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्कालर जज ने तीनों हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर अपराधियों को गुनाहगार मानते हुये 12 नवंबर 2024 को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही पन्द्रह हजार रुपये का जुमार्ना भी किया।

### लखनऊ में डेंगू से नर्सरी के छात्र की मौत

**लखनऊ** । फैजुल्लागंज में डेंगू से एक और मौत हो गई। निजी स्कूल में नर्सरी के छात्र की डेंगू से मौत होने की खबर आते ही स्कूल में शोक सभा कर छुट्टी कर दी गई है।

सरकारी आंकड़ों में इस सीजन में अब तक 2370 डेंगू संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं, राजधानी के फैजुल्लागंज में डेंगू से यह तीसरी मौत है। हालांकि सीएमओ ऑफिस की तरफ से कहा गया कि डेथ ऑडिट के बाद ही मौत का सही वजह पता चल सकेगी। सीएमओ कार्यालय से जारी रिपोर्ट के मुताबिक डेंगू के सबसे अधिक आलमबाग में 7, इंदिरा नगर में 6, अलीगंज में 7 मरीज मिले हैं। इसके अलावा हजरतगंज में 3, चिनहट और बीकेटी में 2-2 मरीज मिले हैं। वहीं, मलेरिया का एक मरीज इंदिरा नगर में मिला है।

# महंगाई दर 6.2 फीसदी हुई, 14 महीनों में सबसे ऊंचे स्तर पर

## आरबीआई ने कहा- ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।**

भारत में अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई दर अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई, जो पिछले 14 महीनों में सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले सितंबर में महंगाई दर 5.5 फीसदी थी। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण सब्जियों, फलों और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें हैं। यह वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति में ढील देने की संभावना को टाल सकती है, जबकि अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत भी मिल रहे हैं।

महंगाई दर का यह उच्चतम स्तर आरबीआई के 4 फीसदी के लक्ष्य से बाहर हो गया है, साथ ही 2 फीसदी के सहनशीलता बैंड से भी बाहर है। अगस्त 2023 के बाद यह पहली बार है। इस बढ़ी महंगाई दर का असर शेयर बाजार पर भी पड़ा है, जहां मंगलवार को बाजार 1फीसदी गिरकर बंद हुआ था। महंगाई के आंकड़े बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए, जिससे आर्थिक माहौल और भी अस्थिर प्रतीत हो रहा है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 4-6 दिसंबर होना है। आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि अक्टूबर में महंगाई 6 फीसदी से ऊपर पहुंचने के बाद और क्यू3 2025 के एमपीसी अनुमान से 60-70 बेसिस पॉइंट ज्यादा रहने की संभावना को देखते हुए दिसंबर की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना नहीं है। इस स्थिति में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की जा सकती है, जो भारत में लोन की ईएमआई पर असर डाल सकता है। इसके पहले आरबीआई गवर्नर शशिकांत दास ने साफ कहा था कि फिलहाल होम लोन और ऑटो लोन पर ईएमआई में कोई कमी नहीं की जाएगी। आरबीआई ने पिछले दो सालों में ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की है। अक्टूबर की मौद्रिक नीति बैठक में कुछ बदलाव की उम्मीद जताई थी लेकिन आरबीआई के गवर्नर ने पहले ही साफ कर दिया है कि फिलहाल ब्याज दर यथास्थित रहेगी। इस बीच कनाडा और यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने इस साल ब्याज दरों में दो बार कटौती की है और अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना जताई है लेकिन भारत में, बढ़ती महंगाई के कारण, ब्याज दरों में कटौती का माहौल फिलहाल नजर नहीं आ रहा है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रह सकता है।

# एसीएमई सोलर होल्डिंग शेयरों की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, निवेशक निराश

**नई दिल्ली।**

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयरों की स्टॉक मार्केट में शुरुआत कमजोर रही। कंपनी के शेयर इश्यू प्राइस से भारी डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए, जिससे निवेशक निराश हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयर 251 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस 289 रुपए से 13.15 फीसदी कम है। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर यह 259 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए, जो इश्यू प्राइस से 10.38 फीसदी नीचे रहे। स्ट्रीट की उम्मीद थी कि एसीएमई का डेब्यू फ्लैट रहेगा या इश्यू प्राइस के आसपास हो सकता है, लेकिन इसके कमजोर प्रदर्शन ने बाजार की अपेक्षाओं को निराश किया है।

इस कमजोर लिस्टिंग का कारण शेयरों का ग्रे मार्केट में अपेक्षित प्रदर्शन था। लिस्टिंग से पहले एसीएमई सोलर होल्डिंग के शेयर ग्रे मार्केट में 1.38 फीसदी के डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहे थे, जिससे संकेत मिला था कि शेयर की लिस्टिंग परफॉर्मेंस बहुत मजबूत नहीं होगी। ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) एक अनौपचारिक संकेतक है, जो लिस्टिंग डे के गेन ट्रैक करने में मदद करता है, और इस मामले में, यह पहले ही कमजोर प्रदर्शन की ओर इशारा कर रहा था।

एसीएमई सोलर होल्डिंग के आईपीओ से जुटाई गई राशि का मुख्य उद्देश्य कंपनी के कर्ज का भुगतान करना है। इस आईपीओ से कंपनी को 2,900 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य था, जिसमें से 1,795 करोड़ रुपए नए इश्यू से आएंगे, जिनका इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। इस आईपीओ में कुल 82,871,973 नए शेयर जारी किए हैं और 17,474,049 शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत शामिल हैं।

इश्यू का प्राइस बैंड 275-289 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था, और हर शेयर की फेस वैल्यू 2 रुपए रखी गई थी। एसीएमई सोलर होल्डिंग भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर केंद्रित है। कंपनी की ऑपरेशनल सोलर क्षमता मार्च 2024 तक 1,320 मेगावाट हो चुकी है।

# अडाणी ग्रुप मेटल इंडस्ट्री में करेगा निवेश, टाटा, बिड़ला और वेदांता में हड़कंप

## ग्रुप अगले तीन से पांच सालों में इस क्षेत्र में पांच बिलियन डॉलर करेगा खर्च

**नई दिल्ली।**

देश के दूसरे सबसे अमीर और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी मेटल इंडस्ट्री में तगड़ा निवेश करने वाले हैं। उनके इस कदम ने बड़े कारोबारी ग्रुप जैसे टाटा, बिड़ला और वेदांता में हलचल मचा दी है। अडाणी इस कारोबार के लिए 5 बिलियन डॉलर यानी करीब 42 हजार करोड़ रुपए निवेश कर रहे हैं। अडाणी के इस मेटल कारोबार में खनन, शोधन और तांबा, लोहा, इस्पात और एल्युमीनियम के प्रोडक्शन पर फोकस है। इसके लिए अडाणी ग्रुप अगले तीन से पांच सालों में इस क्षेत्र में पांच बिलियन डॉलर खर्च करेगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुल निवेश में से दो बिलियन डॉलर कॉपर पर खर्च किए जाएंगे। अडाणी के इस कारोबार में प्रवेश करने से वेदांता, आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिंडाल्को और टाटा जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती मिलेगी।

अडाणी ग्रुप मार्च में 500 किलो टन प्रति वर्ष की स्मेल्टर क्षमता के साथ अपने तांबा संचालन के पहले चरण की शुरुआत कर चुका है। वहीं अडाणी ग्रुप की दूसरी मेटल जैसे एल्युमीनियम, स्टील आदि पर भी नजर है। ग्रुप को ओडिशा के रायगढ़ में एक एल्युमीना रिफाइनरी और एक कैप्टिव पावर प्लांट बनाने की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही यहां काम शुरू हो जाएगा लेकिन इससे पहले अडाणी ग्रुप अपनी सहायक कंपनी मुंद्रा एल्युमीनियम लिमिटेड के तहत एक एल्युमीना रिफाइनरी स्थापित करने पर विचार कर रहा है। मेटल सेक्टर में उतरने के बाद अडाणी ग्रुप से कई बड़ी कंपनियों जैसे वेदांता, हिंडाल्को, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील आदि को टक्कर मिलेगी। इसमें वेदांता एल्यूमीनियम, जस्ता, लोहा आदि में अपने ऑपरेशंस के लिए जानी जाती है। वहीं हिंडाल्को तांबे और एल्यूमीनियम में माहिर है। टाटा स्टील और जेएसडब्ल्यू स्टील लोहा और इस्पात क्षेत्र में अग्रणी हैं। अडाणी का लक्ष्य उन सेक्टर पर अपनी पहुंच बनाना है जो अभी तक उनसे दूर रहे हैं। ग्रुप ने कुछ समय पहले अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण करके सीमेंट क्षेत्र में कदम रखा है।

# आईपीओ से स्विगी के कर्मचारी बनेंगे करोड़पति? ईएसओपी से भारी होगी कमाई

**नई दिल्ली।**




ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के आईपीओ का लाभ भले ही निवेशकों को न मिले, लेकिन कर्मचारियों के लिए यह एक बड़ी सौगात ला रहा है। स्विगी के करीब 500 कर्मचारियों के करोड़पति बनने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनी के आईपीओ के बाद उनकी एम्पलाइ स्टॉक ऑनरशिप प्लान (ईएसओपी) से भारी कमाई हो सकती है। स्विगी के इस कदम से नए-पुराने मिलाकर करीब पांच हजार कर्मचारियों को अच्छी-खासी राशि मिलने की संभावना है, क्योंकि उन्हें कंपनी के शेयर लिस्ट होने के बाद बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्विगी के आईपीओ के जरिए कर्मचारियों को स्टॉक ऑप्शन से करीब नौ हजार करोड़ रुपए की कमाई होने की उम्मीद है। स्विगी के शेयर बुधवार को लिस्ट हो रहे हैं, लेकिन इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम केवल 2 रुपए है, जो इश्यू प्राइस का मात्र 1 फीसदी है। इसलिए खुदरा निवेशकों को इससे ज्यादा लाभ नहीं होने की संभावना है। हालांकि स्विगी के संस्थापकों और शीर्ष प्रबंधन के पास पर्याप्त ईएसओपी हैं, जिनमें ग्रुप सीईओ, सह-संस्थापक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। स्विगी के ईएसओपी लिक्विडेशन को भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उच्च-प्रोफ़ाइल मामलों में से एक माना जा रहा है। आईपीओ को खुदरा निवेशकों से मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है, जहां इसे 1.14 गुना सब्सक्राइब किया गया है, जबकि क्यूआईबी (क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स) श्रेणी में यह छह गुना सब्सक्राइब हुआ। 2014 में स्थापित स्विगी ने भारत में 2,00,000 से ज्यादा रेस्तरां के साथ साझेदारी की है और जोमैटो, अमेजन, और टाटा बिगबास्केट जैसे बड़े प्रतियोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी को 2,350 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, लेकिन लगातार विकास के कारण भविष्य में लाभ की संभावना को लेकर निवेशकों में उत्साह है। ईएसओपी का उद्देश्य कर्मचारियों को कंपनी के साथ जोड़ना और उन्हें कंपनी की सफलता में हिस्सेदार बनाना है। ईएसओपी के तहत कर्मचारियों को शेयर खरीदने का मौका मिलता है, जिससे वे कंपनी के विकास से सीधा लाभ कमा सकते हैं।

# आर्थिक पैकेज की घोषणा के बाद भी चीन कर रहा अर्थव्यवस्था संकट का सामना

## वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों ने 8.1 अरब डॉलर की निकासी

**चीन की अर्थव्यवस्था पर संकट: विदेशी निवेश में भारी कमी, संभावित मंदी की आशंका**

**नई दिल्ली।**

चीन इन दिनों अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रहा है। हाल ही में चीन ने अपने आर्थिक संकट से उबरने के लिए अरबों डॉलर के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है लेकिन इसका प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में विदेशी निवेशकों ने चीन से 8.1 अरब डॉलर की निकासी की है और वर्ष 2023 में कुल मिलाकर 12.8 अरब डॉलर की निकासी हुई जो 1998 के बाद सबसे बड़ी राशि है। अगर यही स्थिति रही तो चीन में 1990 के बाद पहली बार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का वार्षिक नेट आउटफ्लो देखा जा सकता है।

चीन की अर्थव्यवस्था वर्तमान में 2008 के वित्तीय संकट के बाद की सबसे बड़ी मंदी का सामना कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह मंदी जारी रही तो चीन को लंबी अवधि तक ठहराव का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि 1990 के दशक में जापान को हुआ था। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से चीन की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषणों में चीनी वस्तुओं पर 60 फीसदी तक के आयात शुल्क लगाने का वादा किया है, जिससे चीन के लिए नए संकट पैदा हो सकते हैं।

चीन का डेट-टु-जीडीपी अनुपात पहली तिमाही में 366 फीसदी पर पहुंच गया है, जो दर्शाता है कि देश की जीडीपी की एक यूनिट पर 3.66 यूनिट का कर्ज है। यह आंकड़ा चीन की वित्तीय स्थिति को गंभीर बनाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही चीन की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को घटा दिया है, और इस साल 4.8 फीसदी की बढ़ोरती का अनुमान लगाया है, जबकि सरकारी लक्ष्य 5 फीसदी था। चीन की अर्थव्यवस्था में कई सेक्टर्स, जैसे रियल एस्टेट और बैंकिंग, गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी के कारण अर्थव्यवस्था की एक तिहाई हिस्सेदारी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा बेरोजगारी दर



भी बढ़ रही है और मंदी की आशंका के कारण उपभोक्ताओं का खर्च करने का रुझान घटा है।

विश्लेषकों का मानना है कि चीन को अब निर्यात और निवेश आधारित विकास मोड से हटकर उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इससे न केवल चीन की अर्थव्यवस्था को स्थिर किया जा सकेगा, बल्कि वह बाहरी आर्थिक झटकों से भी बेहतर तरीके से निपट सकेगा।




# सरकारी बैंकों ने अप्रैल से सितंबर में 236.04 लाख करोड़ का प्रॉफिट कमाया

**रेगुलर मॉनिटरिंग के चलते बैंकों के कामकाज में हुआ सुधार**

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में न केवल अच्छा कारोबार किया बल्कि अच्छा प्रॉफिट भी कमाया। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने बताया कि इस दौरान सरकारी बैंकों का नेट प्रॉफिट 26 फीसदी बढ़ा है साथ ही इनके बिजनेस ने रफ्तार पकड़ी और नॉन परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) भी घटा है। मिनिस्ट्री ने बताया कि रेगुलर मॉनिटरिंग के चलते बैंकों के कामकाज में सुधार हुआ है। 12 सरकारी बैंकों का कुल बिजनेस अप्रैल से सितंबर के दौरान 236.04 लाख करोड़ रुपए का रहा। सालभर पहले की इस अवधि के मुकाबले यह 11 फीसदी ज्यादा है। पहली छमाही में इन बैंकों का क्रेडिट पोर्टफोलियो 12.9 फीसदी बढ़कर 102.29 लाख करोड़ रुपए और डिपॉजिट पोर्टफोलियो 9.5 फीसदी बढ़कर 133.75 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। ऑपरेटिंग प्रॉफिट सालभर पहले के मुकाबले 14.4 फीसदी बढ़कर 150023 करोड़ रुपए हो गया। वहीं नेट प्रॉफिट 25.6 फीसदी बढ़कर 85,520 करोड़ रुपए रहा। ग्रॉस एनपीए 3.12 फीसदी पर आ गया। इसमें 108 बेसिस पॉइंट्स की कमी दर्ज की गई। वहीं, नेट एनपीए सालभर पहले से 34 बेसिस पॉइंट्स घटकर 0.63 फीसदी पर आ गया। सबसे ज्यादा प्रॉफिट पंजाब नेशनल बैंक को हुआ। इस बैंक का शुद्ध लाभ 145 फीसदी बढ़कर 4,303 करोड़ रुपए हो गया। केनरा बैंक ने 4,014 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ 11 फीसदी की सबसे कम वृद्धि दर्ज की। बैंक ऑफ बड़ौदा का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उधारदाताओं (5,237 करोड़ रुपए) में दूसरा सबसे ज्यादा शुद्ध लाभ था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक 21-22 दिसंबर को राजस्थान में होगी। इस दौरान वह आगामी बजट के बारे में राज्यों के वित्त मंत्रियों से सलाह-मशविरा भी कर सकती है। इस बैठक में काउंसिल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर जीएसटी खत्म करने या रेट घटाने के बारे में फैसला कर सकती है।

# दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति में 84.7 अरब डॉलर की वृद्धि

**सैन फ्रांसिस्कों ।**

उद्योगपति एलन मस्क इस समय दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति बने हुए हैं। इस सप्ताह उनकी कंपनी टेस्ला के शेयरों में 29 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 314 अरब डॉलर तक पहुंच गई। मस्क की इस संपत्ति में 84.7 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। हालांकि, इस वर्ष संपत्ति में तेजी से वृद्धि के मामले में एनवीडिया के सह-संस्थापक और सीईओ जेनसेन हुआंग ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है, जिनकी संपत्ति में इस साल 84.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। हुआंग, जो हाल ही में भारत दौरे पर भी आए थे, की कुल संपत्ति अब 129 अरब डॉलर है, जिससे वह दुनिया के शीर्ष 10 अमीरों की सूची में शामिल होने से थोड़ा पीछे रह गए और फिलहाल 11वें स्थान पर हैं। एनवीडिया के शेयरों में भी भारी उछाल देखा गया है, और हाल ही में यह कंपनी ऐपल को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एनवीडिया का वर्तमान मार्केट कैप 3.63 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि ऐपल 3.40 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है। हुआंग के पास एनवीडिया में लगभग तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है। दुनिया के शीर्ष अमीरों की सूची में एलन मस्क के बाद दूसरे स्थान पर अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस हैं, जिनकी नेटवर्थ 230 अरब डॉलर है। तीसरे स्थान पर मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग हैं, जिनकी संपत्ति 209 अरब डॉलर है। ओरेकल के संस्थापक लैरी एलिसन 202 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि फ्रांसीसी फैशन समूह एलवीएमएच के चेयरमैन बर्नार्ड अरनॉल्ट 172 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर हैं। संपत्ति के मामले में हुई इस भारी वृद्धि को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में जेनसेन हुआंग भी शीर्ष 10 अमीरों की सूची में प्रवेश कर सकते हैं।

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद , निवेशकों के डूबे 6.79 लाख करोड़ रुपये

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को भी भारी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार तेज गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं आज विदेशी निवेशकों की धन निकासी से भी बाजार पर दबाव आया है। इसके अलावा घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम भी उम्मीद के अनुसार नहीं आने से बाजार टूटा है। कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक , रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। रिटेल इन्फ्लेशन के 6 फीसदी के ऊपर पहुंचने से भी निवेशकों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे बाजार में निवेशकों को 6.79 लाख करोड़ रुपये का घाटा। कंपनियों का बाजार पूंजीकर 6.79 लाख करोड़ रुपये घटकर 4,30,45,534 करोड़ रुपये रह गया। वहीं आज सुबह 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गिरावट के साथ 78,495.53 अंक पर खुला पर कारोबार के अंत में सेंसेक्स 984.23 अंक करीब




1.25 फीसदी की गिरावट के साथ ही 77,690.95 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 352.55 अंक तकरीबन1.48 फीसदी नीचे आकर 23,530.90 के लेवल पर बंद हुआ। आज निफ्टी के केवल 4 शेयर ही लाभ में रहे। कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी गिरे जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं एनटीपीसी का शेयर 0.21 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए।'

# उपभोक्ताओं को डिलीवरी के समय खाद्य उत्पाद की शेल्फ लाइफ 45 दिन हो

**एफएसएसएआई ने ई-कॉमर्स कंपनियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में ग्राहकों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स कंपनियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने निर्देश दिया है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ग्राहकों को ऐसे खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएं, जिनकी शेल्फ लाइफ डिलीवरी के समय कम से कम 45 दिन हो। यह कदम इसलिए उठाया ताकि उपभोक्ताओं को ताजा और सुरक्षित खाद्य उत्पाद मिल सकें और उन्हें जल्द खराब होने वाले उत्पादों की समस्याओं का सामना न करना पड़े। एफएसएसएआई ने बयान में कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एफएसएसएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विभिन्न ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने एफबीओ को निर्देशित किया कि वह तय करें कि उपभोक्ताओं को डिलीवरी के समय खाद्य उत्पाद की न्यूनतम शेल्फ लाइफ 30 फीसदी या कम से कम 45 दिन शेष होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर जो भी उत्पाद बिक रहे हैं, उनकी लेबल पर दी गई जानकारी सही होनी चाहिए और एफएसएसएआई के लेबलिंग और प्रदर्शन नियमों के अनुरूप हो। उन्होंने आगाह किया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी प्रकार के भ्रामक दावे न किए जाएं, जो उपभोक्ताओं को भ्रमित करते हों। एफएसएसएआई ने इस कदम को उपभोक्ता सुरक्षा एक लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिलेगी। यह निर्देश ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के लिए अपने खाद्य सुरक्षा मानकों को सख्त करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# दीपावली पर सोने पर हुआ 1,961 करोड़ का रिकॉर्ड निवेश

**नई दिल्ली।**

गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में निवेशकों की बढ़ती रुचि के साथ ही अक्टूबर में इसमें रिकॉर्ड 1,961 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो सितंबर के 1,233 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। भारतीय म्यूचुअल फंड्स के संगठन (एएमएफआई) के अनुसार, यह अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ श्रेणी का मासिक शुद्ध इनफ्लो का नया रिकॉर्ड है। जनवरी 2020 से लेकर अब तक गोल्ड ईटीएफ में कुल 24,153 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो इस निवेश विकल्प की लोकप्रियता को दर्शाता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध सोने की होल्डिंग पिछले चार वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 54.5 टन तक पहुंच गई है, जबकि चार साल पहले यह केवल 27.4 टन थी।

विशेषज्ञों के अनुसार, त्योहारों का सीजन, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंकों की नीतियों में परिवर्तन, और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जैसे कारकों के चलते सोने में निवेश में यह वृद्धि देखने को मिल रही है। व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों ने सोने के प्रति आकर्षण बढ़ाया है, जिससे इसका महत्व और भी बढ़ गया है। गोल्ड ईटीएफ एक ऐसा वित्तीय साधन है जो स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेड होता है और निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाने का अवसर देता है। इसमें निवेशक सोने को खरीदे बिना ही इसके मूल्य में बदलाव का फायदा उठा सकते हैं, जिससे यह सोने में निवेश का एक आसान और सस्ता तरीका माना जाता है। इस बीच, 12 नवंबर को सोने की कीमतें एक महीने के निचले स्तर पर आ गईं। स्पॉट गोल्ड की कीमत 0.1 प्रतिशत गिरकर 2,617.15 प्रति औंस पर रही, जो 10 अक्टूबर के बाद का सबसे निचला स्तर है। भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,893.3 रुपये प्रति ग्राम जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 7,237.3 रुपये प्रति ग्राम रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के




कमोडिटी और करंसी विशेषज्ञ जतिन त्रिवेदी के अनुसार, डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड की बढ़ती कीमतें सोने की कीमतों पर दबाव डाल रही हैं। उनका कहना है कि जब तक सोना 2,750 के स्तर से नीचे रहेगा, तब तक इसमें करेक्टिव ट्रेंड बने रहने की संभावना है। इस रिकॉर्ड निवेश से संकेत मिलता है कि गोल्ड ईटीएफ अब निवेशकों के लिए एक प्रमुख और सुरक्षित विकल्प बन चुका है, खासकर ऐसे समय में जब बाजार में उतार-चढ़ाव और अस्थिरता अधिक है।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 84.39 पर बंद हुआ। वही गत दिवस रुपय 84.17 पर खुला। वहीं इसके बाद ये 84.40 पर पहुंचा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 84.38 पर सपाट बंद हुआ था। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मध्यम अवधि में रुपये के 83.80 और 84.50 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करने के आसार हैं क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक अपने मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के दम पर इसमें कोई बड़ी गिरावट को सीमित रखने में सक्षम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.39 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.38 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 105.63 पर रहा।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा



ललित गर्ग

**गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया।**



भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरूआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर जोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया।

गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी।

गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई० में अमरत्व को प्राप्त कर गए। श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु-अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, ह्यअवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।ह्न यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

## संपादकीय

### ट्रंप का भारत प्रेम

अमेरिका में राष्ट्रपति बनने जा रहे ड़ोनाल्ड़ ट्रंप ने अपनी टीम का गठन करना शुरू कर दिया है। अभी तक जिनको जिम्मेदारी सौंपी गई है, उससे जाहिर होता है कि अमेरिका की घरेलू और विदेश नीति में बड़े. बदलाव हो सकते हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ईलान मस्क और भारतवंशी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ड़िपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का नेतृत्व करेंगे। यह नया विभाग है जिसे ट्रंप ने ह्यसेव अमेरिका' अभियान के लिए जरूरी बताया है। ट्रंप के मुताबिक, यह विभाग नौकरशाही, अतिरिक्त नियम-कानून को खत्म करने, अनावश्यक खर्चों में कटौती करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का काम करेगा। विवेक परंपरावादी और शाकाहारी हिन्दू हैं। उन्होंने अमेरिका की वर्तमान विभाजनकारी राजनीति और आंतरिक संघर्ष से उबरने के लिए 10 सूत्री गुरूमंत्र दिया था। उनका मानना है कि नौकरशाही के दबदबे के लिए कोईस्थान नहीं है और संघीय जांच एजेंसी एफबीआई को भंग करने की बात कही थी। विवेक रामास्वामी को ट्रंप ने देशभक्त अमेरिकी बताया है। फ्लोरिड़ा के भारत समर्थक सीनेटर मार्को रूबियो को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रूबियो की छवि भारत समर्थक और चीन-विरोधी है। वे चीन के सामान पर टैक्स बढ़ाए जाने की मांग कर चुके हैं। मांग स्वीकार कर ली जाती है तो चीन के खिलाफ बड़ा रणनीतिक कदम होगा और जिसका अमेरिका सहित यूरोपीय देशों पर विपरीत असर पड़ेगा। रूबियो ने इस साल सीनेट में एक विधेयक पेश किया था जिसका मजमून भारत-अमेरिकी संबंध मजबूत करना और आतंकवाद के प्रसार के कारण पाकिस्तान को सुरक्षा मदद रोकना था। भारत समर्थक और चीन विरोधी रुख रखने वाले फ्लोरिड़ा के सांसद माइक वॉल्टज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। वह इंड़िया कॉक्स समूह से जुड़े. हैं जो भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने की वकालत करता है। ट्रंप प्रशासन में भारतीय मूल और भारत समर्थक लोगों को शामिल किए जाने से जाहिर होता है कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। लेकिन ट्रंप चीन के प्रति क्या रुख अपनाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। वह चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानते हैं और विदेश मंत्री बनाए गए मार्को रूबियो सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन अशांति फैलाने का दोषी है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि ट्रंप प्रशासन चीन के प्रति सख्त रवैया अपना सकता है।



## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई।

सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ऐसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ऐसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

# भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती : एक ऐतिहासिक प्रेरणा



डॉ. कुंवर विजय शाह



भारत के समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा का नाम एक ऐसे वीर योद्धा और समाज-सुधारक के रूप में अंकित है, जिन्होंने अपने जीवन को जनजातीय समाज की उन्नति और उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। देश में हर साल 15 नवम्बर को उनकी जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनकी शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, अनवरत संघर्ष और स्वाभिमान का उत्सव भी है।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनका संघर्ष

बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में एक साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। उनका जीवन बेहद कठिनाइयों से भरा था और उन्हें बाल्यावस्था से ही आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। सामाजिक असमानता, अत्याचार और विदेशी शासकों द्वारा जनजातियों पर निरंतर हो रहे शोषण ने बिरसा मुंडा के अंतर्मन को विद्रोह की भावना से भर दिया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातियों के पारम्परिक जीवन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

**उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व**

बिरसा मुंडा जी ने उलगुलान नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया, जो अंग्रेजी शासन और उनके द्वारा किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ था। उलगुलान का अर्थ है महान विद्रोह। इस आंदोलन का उद्देश्य अंग्रेजों द्वारा लागू की गई भूमि नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना था। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में जनक्रांति की लहर पैदा कर दी और उन्हें धरती आबा या धरती पिता या धरा पितृ के रूप में सम्मानित किया जाने लगा।

**भगवान बिरसा मुंडा का समाज सुधारक के रूप में योगदान**

भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने तत्कालीन जनजातीय समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंध-विश्वास, जाति-भेद, नशाखोरी, जातीय संघर्ष और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। उन्होंने अपने अनुयायियों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा ने बिरसाइत नामक एक धार्मिक आंदोलन भी चलाया, जिसमें उन्होंने अपने अनुयायियों को आचार-विचार की शुचिता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना**

वर्ष 2021 में केन्द्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। इसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का सम्मान करना है। इस दिन देशभर में जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर, उनकी परंपराओं और उनके गौरवशाली इतिहास को समझने और सम्मानित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह दिवस जनजातीय समाज के संघर्षों और उनके योगदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

बिरसा मुंडा का भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में योगदान

भारतीय स्वातंत्र्य आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अतुलनीय है। वे न केवल अपने क्षेत्र की जनजातियों के नेता थे, बल्कि उनके संघर्ष और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को भी एक नई दिशा दी। उनके उलगुलान आंदोलन ने अन्य जनजातीय समुदायों को भी संगठित किया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी।

भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी विरासत आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है और उन्हें एक महान क्रांतिकारी जननायक के रूप में याद किया जाता है।

**राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व**

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का महत्व केवल बिरसा मुंडा जी के योगदान को याद करने तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का जश्न मनाने का भी दिन है। जनजातीय समाज ने भारत के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। यह गौरव दिवस उनकी सांस्कृतिक धरोहर, संघर्षों और उपलब्धियों का सम्मान करता है। यह अवसर सभी भारतीयों को यह याद दिलाने का भी है कि जनजातीय समाज भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण व अभिन्न हिस्सा है और उनके योगदान को हमें सदैव संजोकर रखना चाहिए।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस हमें उनकी शिक्षाओं, राष्ट्रप्रेम और उनके संघर्ष को याद करने और जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान के प्रति संवेदनशील बने रहने के लिए प्रेरित करता है। जनजातीय समाज के स्वाभिमान और उनके अधिकारों की रक्षा में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस उनके प्रति हमारी कृतज्ञता, आदर और श्रृद्धांजलि का प्रतीक है।

(लेखक मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री हैं।)

# पाकिस्तान का नया दांव है डिजिटल घुसपैठ

भारत एक ऐसा देश है जो सदियों से पंचशील के सिद्धांतों का पालन करता आया है। एशिया और अफ्रीका के विभिन्न देशों के गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद उनके समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान थीं जैसे कि अपनी आजादी को स्थायित्व प्रदान करने, विकास की प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने, अपनी संप्रभुता की रक्षा करने, अपनी राजनीतिक सीमाओं की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शिकार होने से बचने जैसी अनेक चुनौतियां विद्यमान थी, भारत भी इनमें से एक रहा है और इसी क्रम में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांतों को अपनाया था। वास्तव में भारत द्वारा यह सिद्धांत मूल रूप से अपने चिर-परिचित पड़ोसी चीन द्वारा उत्पन्न की जाने वाली भावी चुनौतियों से निपटने के लिए अपनाया गया था लेकिन न केवल चीन बल्कि पाकिस्तान व अन्य देशों के साथ आज भी भारत पंचशील सिद्धांतों का अनवरत पालन करते हुए विश्व को लगातार शांति,संयम,आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप को वरीयता देते हुए काम कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि एक दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान, सहयोगात्मक अहिंसा, घरेलू मामलों में सहयोगात्मक अहस्तक्षेप, पारस्परिक लाभ के लिए न्याय और सहयोग, तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील समझौते के प्रमुख सिद्धांत हैं। वास्तव में, पंचशील सिद्धांतों के माध्यम से ऐसे नैतिक मूल्यों का समुच्चय तैयार करना था, जिन्हें प्रत्येक देश अपनी विदेश नीति का हिस्सा बना सके और एक शांतिपूर्ण वैश्विक व्यवस्था का निर्माण कर सके, लेकिन आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर में लगातार यहां की शांति, सौहार्द को भंग करने में लगा हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि भारत ने पाकिस्तान के प्रति सदैव एक बहुत ही सुसंगत और सैद्धांतिक नीति का पालन किया है, अर्थात् अपनी ह्यपड़ोसी पहले नीतिह्न को ध्यान में रखते हुए, भारत पाकिस्तान के साथ आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है।

सच तो यह है कि भारत किसी भी मुद्दे को द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। यहां तक कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में भी समय-समय पर दोनों देशों से शांति, सौहार्द,संयम व आपसी बातचीत से आपसी मुद्दों को सुलझाने की अपील की है। भारत कभी भी किसी भी देश के साथ हिंसा व युद्ध नहीं चाहता है और वह शांति और संयम का पुरजोर समर्थक है। आज पाकिस्तान भारत के जम्मू कश्मीर व घाटी की शांति, सौहार्द भंग करने के लिए लगातार आतंकियों व आतंकवाद का सहारा ले रहा है क्योंकि वह भारत से प्रत्यक्ष लड़ाई करने की स्थिति में नहीं है, इसलिए वह चोरी-छिपे अमेरिका, चीन जैसे देशों की मदद से (हथियार, गोला-बारूद) भारत में समय-समय पर अशांति फैलाने की फिराक में रहता है और अब इसी क्रम में धारा-370 हटने के बाद वह बुरी तरह से तिलमिला उठा है और आतंकवाद के लिए नये-नये हथकंडे अपना रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल घुसपैठ वर्तमान में पाकिस्तान का एक नया पैंतरा है और वह डिजिटल घुसपैठ के जरिए लगातार भारत में अशांति, उपद्रव और हिंसा फैलाने की फिराक में है। पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है हालांकि भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है। आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज पाकिस्तान डिजिटल गतिविधियों के जरिए नफरत फैलाने वाले भाषणों, चरमपंथी कंटेंट को लगातार बढ़ावा देने में लगा है. हमारी सुरक्षा एजेंसियों को इसे रोकने के लिए मिलकर एकजुट होकर काम करना होगा और चरमपंथी कंटेंट,नफरती भाषणों के आडियो-विडियो को तेजी से पहचानना होगा। हमें हमारे देश में तकनीकों को और अधिक विकसित व समृद्ध करने की जरूरत है। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया की हर कहीं बहुत व्यापक व आसान पहुंच है। आज इंटरनेट व सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकी संगठन कट्टरपंथी कंटेंट, नफरती भाषणों को फैलाने का ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि मीडिया में आई खबरें बतातीं हैं कि वे नये लोगों का रिक्रूटमेंट तक कर रहे हैं। सच तो यह है कि इंटरनेट के माध्यम से आज पाकिस्तान आभासी कट्टरपंथ पैदा कर रहा है। इससे विशेषकर जम्मू-कश्मीर व घाटी में शान्ति व्यवस्था बाधित हो सकती है। इसके लिए हमें एक मजबूत नेटवर्क के साथ ही इन सभी पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। मीडिया, साइबर क्राइम आदि के बारे में आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक व सचेत करने की जरूरत है। हमें देश से बेरोजगारी, गरीबी को भी दूर करना होगा क्योंकि बेरोजगार व गरीब युवा बहुत बार इनके चक्कर में आ जाते हैं और फिर इससे निकलने का रास्ता उन्हें नहीं सूझता है। हमें देश में विकास को बढ़ावा देना होगा, शिक्षा का उजियारा सब तक फैलाना होगा। इतना ही नहीं, हमें हमारे देश में सहयोगात्मक ऑनलाइन पुलिसिंग को भी बढ़ाना होगा। तकनीकी विकास तो करना ही होगा ताकि ऐसे कट्टरपंथी कंटेंट पर लगाम लगाई जा सके। डिजिटल घुसपैठ(कट्टरपंथी कंटेंट) किसी भी राज्य, संस्थाओं और नागरिकों को विभाजित कर सकती है, हिंसा फैला सकती है। डिजिटल घुसपैठ अराजकता और झूठी सूचनाएं फैला सकती है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल घुसपैठ और वास्तविक दुनिया का आतंकवाद दोनों ही खतरे पैदा करते हैं। पाकिस्तान के प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार डॉन के हवाले से यह खबर आई थी कि पाकिस्तान इंटरनेट पहुंच और डिजिटल गवर्नेंस के मामले में दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक है। बावजूद इसके पाकिस्तान के आतंकी संगठन डिजीटल घुसपैठ करने में कामयाब हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान में इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि के बावजूद लगभग 15 प्रतिशत आबादी के पास अभी भी इंटरनेट और मोबाइल या दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच नहीं है, तो ऐसा कैसे संभव हो पा रहा है कि वहां स्थित आतंकी संगठन डिजिटल घुसपैठ कर पा रहे हैं. भारत को इन सभी कारणों का पता लगाने के लिए पूरी तह में जाने की जरूरत है और इस पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की भी सख्त जरूरत है। तभी हम डिजिटल घुसपैठ कर लगाम लगा पाएंगे और अपने देश को तरक्की, प्रगति व उन्नयन के पथ पर अग्रसर करते हुए अपने भारत को सपनों का भारत बना पाएंगे।

**सुनील कुमार महला**

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टीवीएफ से मिलाया हाथ, नई फिल्म के शीर्षक के साथ रिलीज की तारीख से भी उठाया पर्दा

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने आखिरकार अपनी नई फिल्म का एलान कर दिया है। अभिनेता आखिरी बार योद्धा में नजर आए थे, जिसके बाद आधिकारिक तौर पर उनकी अगली फिल्म की घोषणा नहीं हुई थी। अब अभिनेता ने अपनी नई फिल्म की घोषणा करते हुए इसके नाम और रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। सिद्धार्थ ने नई फिल्म के लिए पंचायत के निर्माता टीवीएफ के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का नाम है वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट। यह फिल्म एक लोक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन पंचायत फेम दीपक मिश्रा करेंगे। वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की घोषणा एक साइनबोर्ड से शुरू हुई जिस पर लिखा था, सूर्यास्त के बाद जंगल में प्रवेश करना सख्त मना है। इसके तुरंत बाद, जंगल के बीच में पारंपरिक मशाल लेकर दौड़ता हुआ धोती पहने एक आदमी दिखाई देता है। विहंगम दृष्टि से देखने पर जंगल अचानक जाग उठता है।

### इस दिन रिलीज होगी

फिल्म की घोषणा को साझा करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने लिखा, एक पावरहाउस टीम के साथ इस लोक थ्रिलर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं, 2025 में बड़े पर्दे पर आप सभी द्वारा वन– फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकता। यह घोषणा 2024 के छठ के अवसर पर की गई। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म भी अगले साल छठ के दौरान रिलीज होगी। बताया गया कि फिल्म छठ 2025 में रिलीज होगी।

### सारा अली खान भी होंगी शामिल?

हालांकि, अभी तक कलाकारों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ के साथ सारा अली खान को भी कास्ट किया गया है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है। वन को बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) का समर्थन प्राप्त है।

### सिद्धार्थ की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म के बारे में तो अभिनेता अगली बार जान्हवी कपूर के साथ परमसुंदरी में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता को आखिरी बार योद्धा में देखा गया था।



# हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी से जुड़ी नोरा फतेही

ग्लोबल सनसेशन नोरा फतेही एक रोमांचक नए सहयोग के लिए यो यो हनी सिंह के साथ जुड़ गई हैं। वह हनी सिंह के बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी के ट्रैक पायल के संगीत वीडियो में दिखाई देंगी। हनी सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लाइव होकर नोरा फतेही को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। हनी ने नोरा की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा, जॉर्जिया में अपने संगीत वीडियो को फिल्माते समय, जहां तापमान –3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था, नोरा अभी भी उत्साहित हैं शूट करने के लिए जबकि अन्य डांसर, यहां तक कि यूरोप के लोगों ने भी इस ठंड में प्रदर्शन करने से इनकार कर चुके थे। मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। उन्होंने आगे कहा, पायल के लिए संगीत वीडियो बनाने में बहुत हार्ड वर्क किया जा रहा है, जिसमें एकमात्र, सुपर मेहनती और महान नोरा फतेही शामिल हैं। सहयोग की खबर नोरा फतेही के एक समर्पित प्रशंसक पृष्ठ द्वारा साझा की गई थी, जबकि यो यो हनी सिंह ने खुद अपने सोशल मीडिया पर एक मिरर सेल्फी पोस्ट की थी, जिसमें नोरा को स्टोरी में टैग करते हुए कैप्शन दिया था, शूटिंग टाइम। यह संगीत उद्योग में नोरा की बढ़ती उपस्थिति में एक और मील का पत्थर है, जो उनके एल्बम इमोशन्स के इट्स ट्रू पर सीके जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों और हिट गीत पेपेटा पर तंजानियाई कलाकार रेवेनी जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ उनके सफल सहयोग के बाद है। प्रत्येक नए प्रोजेक्ट के साथ, नोरा एक अभिनेत्री, डांसर और गायिका के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करना जारी रखती हैं, जिससे एक ग्लोबल स्टार के रूप में उनकी स्थिति मजबूत होती है। पायल के ऑडियो ट्रैक को पहले ही लगभग दो करोड़ बार देखा जा चुका है, जो बीट्स के जीवंत मिश्रण के साथ इसकी अपील साबित करता है। अब, नोरा फतेही के डांस मूव्स में गतिशील दृश्य जोड़ने के साथ, आगामी संगीत वीडियो हिट होने का वादा करती है। जिन दर्शकों ने ऑडियो का आनंद लिया, उन्हें एक संगीत वीडियो का आनंद मिलेगा जो एक ताज़ा और रोमांचक अनुभव लाएगा।



# अभिनय से ज्यादा बयानों से चर्चा में रहीं पायल रोहतगी

पायल रोहतगी फिल्मों में काम ना भी कर रही हों तो खबरों में बनी रहती हैं। पायल का पिछला इतिहास देखें, वह अपने बयानों और विवादों के कारण चर्चा में बनी रहती हैं। इन दिनों तो वह किसी तरह की कंट्रोवर्सी में नहीं शामिल हुईं। उनके करियर और दिए गए विवादास्पद बयानों के बारे में।

### अभिनय से लेकर आइटम डांस तक का सफर

पायल रोहतगी ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्मों में ये क्या हो रहा है से की। इसके बाद वह कई फिल्मों में छोटे और बड़े रोल करती रहीं। साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म कॉरपोरेट में एक आइटम डांस पायल ने किया, इस गाने के जरिए उन्हें अच्छी–खासी पहचान मिली। आगे भी उन्होंने कुछ फिल्मों में एक्टिंग की, तो कुछ फिल्मों में आइटम सॉन्ग किए।

### बयानों के कारण मुश्किल में फंस गई

पायल का अभिनय करियर तो ठीक ही चल रहा था, इस वजह से वह मीडिया में बनी भी रहतीं, लेकिन धीरे–धीरे वह अपनी फिल्मों की बजाय अपने दिए बयानों के कारण खबरों में रहने लगीं। एक बार तो पायल को अपने दिए गए बयान के कारण जेल तक जाना पड़ा। इसी तरह उन्होंने सती प्रथा और राजा राममोहन राय पर भी अजीब बयान दिया। फिल्मों में अभिनय करने और विवाद पैदा करने वाले बयान देने के अलावा पायल कुछ टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बनकर भी चर्चा में बनी रहीं। वह बिग बॉस–2 और लॉकअप जैसे रियालिटी शो का हिस्सा रहीं। लॉकअप में तो उनका स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूखी से खूब झगड़ा हुआ। रियालिटी शो के अलावा पायल ने कुछ टीवी सीरियल में भी काम किया।



# प्रियंका चोपड़ा के लिए बोलीं सामंथा



लंदन में सामंथा अपनी फिल्म सिटाडेल- हनी बनी के प्रमोशन के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की तारीफ भी की। सामंथा ने प्रियंका को लड़कियों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बताया है। सामंथा ने कहा, जेनिफर साल्के (प्राइम वीडियो हेड) के पास इस इंटरकनेक्टेड जासूसी दुनिया को बनाने का शानदार विचार था। पहला सीजन अमेरिका में आधारित है, दूसरा इटली, फिर भारत और अगला मेक्सिको में है इसलिए यह शानदार है। हमारे लिए वास्तव में हमारे देश को छोड़े बिना वैश्विक जासूसी ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अविश्वसनीय अवसर है। बता दें प्रियंका ने रिचर्ड मैडेन के साथ सिटाडेल के अमेरिकी अध्याय का नेतृत्व किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने प्रियंका चोपड़ा के लिए कहा कि वे हम लड़कियों के लिए रोल मॉडल हैं। उन्होंने हमें बड़ा सोचने की प्रेरणा दी है। ये हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। साथ ही उन अभिनेत्रियों के साथ आने का भी जिन्होंने सिटाडेल अन्य सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है।

### राज और डीके के साथ काम करने को लेकर बोलीं सामंथा

सामंथा ने राज और डीके के साथ काम करने के लिए कहा कि वे उनकी फिल्म निर्माण का अलग ही प्रकार है। इस समय उनके प्रोडक्शन का हिस्सा बनना हर अभिनेता का सपना होता है। वे अभिनेता को सही मायने में अभिनय करने और कुछ नया करने का मौका देते हैं। सिटाडेल- हनी बनी में सामंथा ने वरुण धवन के साथ काम किया है। इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन राज और डीके की सुपरहिट जोड़ी ने किया है। निर्देशकों की ये जोड़ी शोर इन द सिटी, गो गोवा गॉन, हैप्पी एंडिंग जैसी फिल्में बना चुकी है।



# इन फिल्मों से धमाल मचा चुकी है रोहित-अजय की जोड़ी, अब कॉमेडी फिल्म में साथ करेंगे काम

रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने कई फिल्मों में साथ काम किया है और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान रोहित शेट्टी ने गोलमाल 5 को लेकर कहा कि अब यह फिल्म उनकी किसी भी कॉप यूनिवर्स से पहले आएगी। हाल ही में दोनों निर्देशक–अभिनेता की जोड़ी की फिल्म सिंघम अगेन में साथ काम कर चुके हैं। सिंघम फ्रेंचाइजी की अब तक की तीनों फिल्मों में रोहित और अजय ने धांसू काम किया है।

### सिंघम अगेन

सिंघम अगेन 1 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस एक्शन फिल्म को रोहित शेट्टी ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म को रोहित शेट्टी पिक्चर्स के तहत रिलायंस एंटरटेनमेंट, जियो स्टूडियो और देवगन फिल्म्स के साथ मिलकर सह–निर्मित किया गया है। यह शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फ्रैंचाइज़ीकी पांचवीं किस्त है।

### सिंघम

सिंघम 2011 की भारतीय हिंदी भाषा की एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया था और इसका निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट ने किया। यह फिल्म लेखक यूनुस सजावल और फरहाद–साजिद की पटकथा पर आधारित है। यह शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की पहली किस्त थी। हरि द्वारा 2010 में इसी नाम से बनी तमिल फिल्म की रीमेक, इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें उन्होंने बाजीराव सिंघम नामक एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है। उनके साथ काजल अग्रवाल और प्रकाश राज भी हैं, जिन्होंने मूल फिल्म में अपनी भूमिका दोहराई है।

### सिंघम रिटर्न्स

सिंघम रिटर्न्स 2014 की भारतीय हिंदी भाषा की एक्शन फिल्म है, जिसे रोहित शेट्टी ने लिखा–निर्देशित किया। अजय देवगन एफफिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट और रोहित शेट्टी पिक्चर्स द्वारा निर्मित किया गया था। 1993 की मलयालम फिल्म एकलव्यन की एक बिना श्रेय वाली रीमेक है। यह 2011 की फिल्म सिंघम की अगली कड़ी और शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की दूसरी किस्त है। अजय देवगन ने बाजीराव सिंघम के रूप में अपनी भूमिका को दोहराया है, जबकि करीना कपूर खान ने काजल अग्रवाल की जगह मुख्य भूमिका निभाई है।

### गोलमाल 5

गोलमाल, गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3, गोलमाल अगेन में रोहित और अजय ने एक साथ काम किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब गोलमाल 5 भी आ सकती है। एक इंटरव्यू के दौरान रोहित ने गोलमाल 5 को लेकर कहा कि अब यह फिल्म उनकी किसी भी कॉप यूनिवर्स से पहले आएगी। इस खबर को सुनने के बाद प्रशंसक एक बार फिर से रोहित–अजय की जोड़ी की आगामी फिल्म गोलमाल 5 पर अपनी नजरें बनाए हुए हैं।



# हाशिमोटो थायरॉयडिटिस से पीड़ित हैं अर्जुन कपूर

**अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपनी फिल्म सिंघम अंगने में विलेन डेंजर लंकेश के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस किरदार के लिए अर्जुन को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने कई इंटरव्यू दिए। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी को लेकर भी कुछ बातों के खुलासे किए।**

अर्जुन कपूर ने कहा कि एक समय आ गया था जब वो अकेलापन महसूस करते थे। अर्जुन कपूर ने इस बातचीत में अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी बात की। अभिनेता हाशिमोटो थायरॉयडिटिस नामक बीमारी से पीड़ित हैं। आइए आपको बताते हैं क्या है ये बीमारी और अभिनेता कैसे हुए इस बीमारी के शिकार।

### झेलना पड़ा मानसिक तनाव

इंटरव्यू के दौरान अर्जुन कपूर ने कहा कि वे कई शारीरिक समस्याओं से गुजरे हैं। उन्होंने कहा, मैं दिल से एक मोटा बच्चा हूं, है न? इस बात ने कई सालों तक मुझे मानसिक तनाव दिया है। इससे न आप अपने खाने पर ध्यान दे पाते हैं और न ही अपनी देखभाल ठीक तरीके से कर पाते हैं।

### इस बीमारी से जूझ रहे हैं अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर ने बताया कि उन्हें हाशिमोटो थायरॉयडिटिस नामक बीमारी है। इस बीमारी में आपके एंटीबॉडी आपके ही खिलाफ लड़ते हैं। ये वैसा ही है जैसे में एक फ्लाइट ले सकता हूं और अपना मेरा वजन बढ़ जाएगा क्योंकि इस दौरान शरीर का तनाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि ये बीमारी उनकी मां को भी थी और बहन को भी है।

### आखिर क्या होती है ये बीमारी

दिल्ली वरिष्ठ सलाहकार और एंडोक्राइनोलॉजी डॉ. सप्तर्षि भट्टाचार्य ने इस बीमारी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह एक ऑटोइम्यून विकार है, जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली थायरॉयड ग्रंथि पर हमला करती है, और उन्हें नुकसान पहुंचाती है। इससे हाइपोथायरायडिज्म (अंडरएक्टिव थायरॉयड) होता है। हाशिमोटो थायरॉयडिटिस में शरीर का इम्यून सिस्टम एंटी बॉडी बनाता है, ये एंटी बॉडी थायराइड सेल को नष्ट करती हैं।

### बीमारी का इलाज है संभव

डॉक्टर ने बताया कि इस बीमारी का पता लगने पर इसका इलाज संभव है। इससे अच्छा स्वास्थ्य बना रह सकता है। इसके लिए अपने स्वास्थ्य सलाहकार से सलाह लेकर ही खाने–पीने और रहन सहन का ध्यान रखना चाहिए।

### ये हैं बीमारी के लक्षण

इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों की बात करें तो ग्रसित होने वाले व्यक्ति को थकान महसूस होती है। इस बीमारी की शुरुआत में शरीर के वजन का बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, थायरॉयड बढ़ने गर्दन में सूजन जैसी परिस्थितियों का अनुभव होता है।

# बोल्ड एक्ट्रेस का दिया टैग, एक जैसे मिले रोल



सयानी गुप्ता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलाना अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी जानी जाती हैं। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ख्वाबों का झमेला जल्द ही रिलीज के लिए तैयार है। ऐसे में वह इसके प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में सयानी ने बताया कि इंडस्ट्री में लोगों ने उन्हें बोल्ड एक्टर का टैग दे दिया था। सयानी ने कहा कि कई निर्देशक उन्हें देखकर कमरे से बाहर चले जाते थे। सयानी ने कहा कि कई बार बोल्ड सीन्स शूट करना उनके लिए भी मुश्किल होता था, लेकिन उन्हें करना पड़ता था। सयानी ने कहा कि फिल्मों में बोल्ड सीन्स करने के बाद मुझे ऐसे ही रोल्स मिलने लगे, जबकि मैं कुछ और करना चाहती थी।

# भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**राजगीर/पटना (एजेंसी)।** सेंचुरियन÷ भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 मैच में अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में पूरी तरह नाकाम रहे थे। भारत ने 2009 के बाद से यहां पर सिर्फ एक टी20 मैच खेला है और 2018 में खेले गए इस मैच में उसे छह विकेट से पराजय मिली थी। उस टीम का एक ही सदस्य हार्दिक पंड्या मौजूदा टीम में है।

भारत की चिंता का सबब उसके बल्लेबाजों का खराब फॉर्म भी है चूंकि सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच भी गबेरहा की पिच की ही तरह तेज और उछाल भरी है। दूसरे टी20 में भारतीय बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने काफी परेशान किया था और भारतीय टीम छह विकेट पर 124 रन ही बना सकी थी। शीर्षक्रम में अभिषेक शर्मा लगातार नाकाम रहे हैं और इससे पहले कि टीम प्रबंधन संयोजन में बदलाव की सोचे, उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी।

अभी भी संजू सैमसन के साथ पारी की शुरूआत करने तिलक वर्मा को उतारा जा सकता है जिससे रमनदीप सिंह मध्यक्रम में उतर सकते हैं। सीनियर बल्लेबाज कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या और रिंकू सिंह को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सूर्यकुमार और रिंकू लय में नहीं है जबकि पांड्या ने दूसरे मैच में 39 रन बनाने के लिए 45 गेंदें खेल डाली। उन्हें पहला चौका जड़ने के लिए 28 गेंद तक इंतजार करना पड़ा। इन तीनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जबकि सैमसन को पिछले मैच की नाकामी भुलाकर बड़ी पारी खेलनी होगी।




तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने डरबन में 25 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन दूसरे मैच में 41 रन दे डाले और एक ही विकेट मिला। उन्होंने तीसरे और चौथे ओवर में 28 रन दे डाले जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स ने चार चौके लगाए। उन्हें भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा अन्यथा यश दयाल या विशाख विजयकुमार को मौका मिल सकता है।

पिछले मैच में पांच विकेट लेने वाले वरूण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा बखूबी संभाला है। वे इस प्रवाह को कायम रखना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्ररम, डेविड मिलर और हेनरिच क्लासेन अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाए हैं। स्टब्स और गेराल्ड कोएत्जी ने दूसरे मैच में टीम को जीत दिलाई। अब अनुभवी बल्लेबाजों को जिम्मेदारी संभालनी होगी।

**संभावित प्लेइंग 11**

**भारत :** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका:** रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), डेविड मिलर, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जानसेन, एंडिले सिमलेन, केशव महाराज, नकाबायोमजी पीटर, गेराल्ड कोएत्जी।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी कुमामोटो मास्टर्स पहले राउंड में हारकर हुईं बाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मंगलवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान टूर्नामेंट के महिला युगल के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। 36 मिनट तक चले मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद भारतीय जोड़ी को 29वें नंबर की चीनी ताइपे की जोड़ी ह्सू यिन-हुई-लिन झिह युन से सीधे गेम में 16-21, 16-21 से हार मिली। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला युगल में त्रिशा-गायत्री की जोड़ी की हार के साथ महिला युगल में भारत का अभियान समाप्त हो गया। चीनी ताइपे की जोड़ी ने गेम में 7-4 की बढ़त हासिल की। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने पहले गेम में ह्सू यिन-हुई-लिन झिह युन को कड़ी टक्कर देने का प्रयास किया, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए 21-16 से पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में भी चीनी ताइपे की जोड़ी ने शुरुआती बढ़त बनाए रखते हुए स्कोर 12-7 कर दिया। त्रिशा और गायत्री ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए गेम में वापसी की और मैच को तीसरे गेम तक पहुंचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोशिशों के बावजूद वे दूसरा गेम जीतने में कामयाब नहीं हो सके और ह्सू यिन-हुई/लिन झिह युन ने दूसरा गेम भी 21-16 से जीत कर मैच को अपने नाम कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन बुधवार को प्रतिस्पर्धा करेंगे। सिंधु महिला एकल के पहले राउंड में पीवी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा, जबकि पुरुष एकल में बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज लक्ष्य का सामना 31वें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के लियोंग जून हाओ से होगा।

# अगर मैं एक चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाया तो यह बहुत बढ़िया होगा : मोहम्मद नबी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के बाद अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा कि वह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना चाहते हैं, जो अगले साल पाकिस्तान में होने वाली है। 39 वर्षीय नबी ने सोमवार को शारजाह में बांग्लादेश पर 2-1 से सीरीज की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि उन्होंने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के आठवें वनडे शतक की बदौलत पांच विकेट से जीत दर्ज की।

इस साल की शुरुआत में आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका पर सफलता के बाद यह अफगानिस्तान की लगातार तीसरी सीरीज जीत थी और हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद यह टीम दुनिया की सबसे रोमांचक व्हाइट-बॉल टीमों में से एक बन गई है। नबी को पता है कि वह अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन प्रतिभाशाली ऑलराउंडर अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी ट्रॉफी जीतने के अपने अंतिम अवसर के रूप में देख रहे हैं।



आईसीसी द्वारा नबी के हवाले से कहा गया, 'पिछले (50 ओवर) विश्व कप से मेरे दिमाग में संन्यास लेने का विचार आया था, लेकिन अगर मैं एक चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाया तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा होगा। युवाओं के लिए मेरी तरफ से छोटा-मोटा योगदान और उनके प्रति मेरी समझ अधिक उपयोगी होगी।'

नबी ने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 135 रन और दो विकेट का योगदान दिया जिसमें अंत में उनकी बहुमूल्य 34* रन की पारी की मदद से अफगानिस्तान ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में अपने विरोधियों के 244/8 के कुल स्कोर को केवल 10 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। साथी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई को तीसरे मुकाबले में नबी के साथ चार विकेट और नाबाद 70* रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जबकि गुरबाज ने बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेलकर फॉर्म हासिल किया।

# अफगानिस्तान ने बंगलादेश को पांच विकेट से हराया

**शारजाह (एजेंसी )।** रहमानउल्लाह गुरबाज (101) और अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट और नाबाद 70) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान रहमानउल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में नाहिद राणा ने सेदिकुल्लाह अटल (14) को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रहमत शाह (8), हशमतउल्लाह शहीदी (6) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान गुरबाज एक छोर थामे रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई और रहमानउल्लाह गुरबाज के बीच चौथे विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई।



39वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने आर गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर गुरबाज ने 120 गेंदों में पांच चौके और सात छक्के लगाते हुये (101) रनों की पारी खेली और अपनी टीम को जीत की दहलीज तक ले गये। पांचवें विकेट के रूप में गुलबदीन नईब (एक) रन आउट हुये। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 77 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 70) रनों की पारी खेली। मोहम्मद नबी ने 27 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (नाबाद 34) रन बनाये। अफगानिस्तान ने 48.2 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा और मुस्तफिजुर रहमान ने दो-दो विकेट लिये। मेहदी हसन मिराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां महमुदउल्लाह (98) और कप्तान मेहदी हसन मिराज (66) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर बंगलादेश ने अफगानिस्तान को जीत के लिए 245 रनों का लक्ष्य दिया था। बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की तंजिद हसन और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। नौवें ओवर में ए ओमरजई ने सौम्य सरकार (24) को बोल्ड कर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में मोहम्मद नबी ने तंजिद हसन (19) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में जाकिर हसन (चार) रनआउट हुये। मेहदी हसन मिराज और मो. तौहीद हृदोय ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

लेकिन राशिद खान ने 15वें ओवर में मो. तौहीद हृदोय (सात) को आउट कर दिया। ऐसे संकट के समय महमुदउल्लाह ने कप्तान के साथ पांचवें विकेट के लिये 145 की साझेदारी कर बंगलादेश की पारी में जान फूंकी। 46वें ओवर में ओमरजई ने मेहदी हसन मिराज (66) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद उन्होंने जाकेर अली(एक) और नासुम अहमद (5) को अपना शिकार बनाया। महमुदउल्लाह मैच की आखिरी गेंद पर रन लेने के प्रयास में रनआउट हुये। महमुदउल्लाह ने 98 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये (98) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। बंगलादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 244 का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की ओर अजमतउल्लाह ओमरजई को चार विकेट मिले। मोहम्मद नबी और राशिद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# घरेलू क्रिकेट से वापसी में सहायता मिली : वरुण

गकेबरहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन करने वाले रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपनी वापसी का श्रेय घरेलू क्रिकेट और मुख्य कोच गौतम गंभीर को दिया है। वरुण के अनुसार घरेलू क्रिकेट में किये प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें ये जगह मिली है। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 17 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इस क्रिकेटर ने कहा, 'निश्चित रूप से पिछले तीन साल काफी कठिन रहे। मैंने इस बीच अधिक से अधिक क्रिकेट खेली। मैंने घरेलू लीग में भी खेलना शुरू किया और इससे निश्चित तौर पर मुझे अपना खेल समझने में सहायता मिली। वह इस साल आईपीएल चैंपियन बनने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में भी शामिल थे। राष्ट्रीय टीम में वापसी के संदर्भ में वरुण ने कहा कि इसमें गंभीर की भूमिका अहम रही। उन्होंने कहा, 'हां हम बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में खेल रहे थे और वह टीम के कोच थे। हमने निश्चित तौर पर काफी बातचीत की और उन्होंने मेरी भूमिका को लेकर काफी स्पष्टता प्रदान की। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं 30-40 रन भी लुटा देता हूं तो कोई बात नहीं। आपको केवल विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करना है और टीम में आपकी भूमिका यही है। इस तरह की स्पष्टता से मुझे निश्चित तौर पर वापसी करने में मदद मिली।



# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ध्रुव जुरेल को मौका मिलना चाहिए : टिम पेन

नई दिल्ली। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का क्रिकेट फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का समर्थन करते हुए कहा कि ये युवा खिलाड़ी सीरीज में अच्छा प्रभाव डाल सकता है। जुरेल, जिन्होंने सिर्फ तीन मैच खेले हैं, मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत के दौरे पर गए दल में नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के बैकअप के रूप में शामिल थे। उन्होंने पिछले हफ्ते मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए खेले गए मैच में 80 और 68 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया था। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दाएं हाथ के बल्लेबाजों के बल्लेबाजी प्रदर्शन को देखने के बाद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को लगता है कि 23 वर्षीय खिलाड़ी पर्थ में गर्मियों के शुरुआती टेस्ट में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल सकता है। पेन ने कहा, 'एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने भारत के लिए कुछ टेस्ट मैचों में विकेटकीपिंग की है। उसने जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से उसका औसत 63 है और उसका नाम ध्रुव जुरेल है। मुझे नहीं पता कि आपने ज्यादा हाइलाइट्स देखे हैं या नहीं, लेकिन उसे (ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ) बल्लेबाजी करते देखने के बाद, अगर वह नहीं खेलता है तो यह मुझे हैरान करेगा।' पेन ने कहा कि भले ही जुरेल एक विकेटकीपर हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे पर और पिछले कुछ महीनों में उनकी बल्लेबाजी को देखा है। इसलिए वह टीम इंडिया में जगह बनाने के हकदार हैं।



# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है पाकिस्तान, भारत के इस फैसले के बाद बड़ा कदम उठाने की तैयारी में पीसीबी

**स्पोर्ट्स डेस्क।** एक रिपोर्ट के अनुसार अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से भारत के इनकार से पाकिस्तान सरकार की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आ सकती है, जो अपने क्रिकेट बोर्ड से टूर्नामेंट से हटने के लिए कह सकती है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को पत्र लिखकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस निर्णय के बारे में सूचित किया है कि भारतीय टीम 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के बाद ICC कैलेंडर में वापसी कर रही है, को 'हाइब्रिड' मॉडल में बदला जा सकता है जिसमें भारत अपने सभी मैच किसी दूसरे स्थान पर खेलेगा, संभवतः संयुक्त अरब अमीरात में जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि PCB के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल की 'संभावना को खारिज' किया है, जो ICC को पूरे टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने के लिए मजबूर कर सकता है। इससे पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऐसे मामले में सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प यह है कि पीसीबी से कहा जाए कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले।' नकवी देश की संघीय सरकार में आंतरिक मंत्री भी हैं। भारत और पाकिस्तान ने 2012 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है, लेकिन पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप सहित आईसीसी टूर्नामेंटों में वे एक-दूसरे से भिड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पाकिस्तान द्वारा आयोजित एशिया कप को भी हाइब्रिड मॉडल में बदल दिया गया था क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। भारत ने तब अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे।




# शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी वापसी, मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेंगे रणजी ट्रॉफी मैच

**कोलकाता (एजेंसी )।** भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा। बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा, 'भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।' ओझा ने कहा कि शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद भारत के थिंक टैंक की नजरें भी उनके प्रदर्शन पर टिकी होंगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अनुभवहीन तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया है। मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और खलील अहमद भी रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल हैं लेकिन इन्हें भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का अधिक अनुभव नहीं है। शमी ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 26.18 के औसत से 16 विकेट चटकाए थे।



# एटीपी फाइनल्स एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रुबलेव पर शानदार जीत के साथ की अभियान की शुरुआत

ट्यूरिन। एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार जीत के साथ तीसरी एटीपी फाइनल ट्रॉफी के लिए अपनी खोज शुरू की। दूसरे वरीय ज्वेरेव ने एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर सीजन के फाइनल में अपना खाता खोला। 2018 और 2021 में खिताब जीतने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रुबलेव की तेज शुरुआत का मजबूती के साथ सामना किया और केवल 72 मिनट में 2024 की अपनी टूर-लीडिंग 67वीं जीत हासिल की। एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 7-3 से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद, जर्मन खिलाड़ी कैस्पर रूड के खिलाफ अपनी हैट्रिक की दौड़ जारी रखेगा, जिसने इससे पहले जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में तीसरे वरीय कार्लोस अल्कराज को हराया था। एटीपी ने ज्वेरेव के हवाले से कहा, 'मुझे लगा कि यह मेरी तरफ से बहुत ही ठोस मैच था। यहां किसी के भी खिलाफ, आपको मौका पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मैंने ऐसा ही किया, मुझे लगा कि मैंने अपने मौकों का काफी अच्छे से इस्तेमाल किया और मैं इस जीत से निश्चित रूप से खुश हूं।' एटीपी स्टैट्स के अनुसार, रुबलेव ने अपनी सर्विस पर पहले 13 अंक हासिल करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, सातवें गेम में एक स्लिप ने ज्वेरेव को मैच का पहला ब्रेक हासिल करने का मौका दिया। अपने धैर्य के लिए मशहूर जर्मन खिलाड़ी ने दूसरे सेट में सही मौके का इंतजार किया और नौवें गेम में ब्रेक लेकर इवेंट में राउंड-रॉबिन मैचों में अपना मजबूत रिकॉर्ड (6-1) कायम रखा। ज्वेरेव 2019 में निट्टो एटीपी फाइनल में नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर को हराने वाले पहले खिलाड़ी बने। 2024 का संस्करण 2001 के बाद पहली बार है जब 'बिग थ्री' सीजन के फाइनल में प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं।



# सिनर को ट्यूरिन में 'सबसे खास' एटीपी ईयर-एंड नंबर-1 ट्रॉफी से नवाजा गया

ट्यूरिन। जैनिक सिनर को इनालपी एरिना में दर्शकों के सामने एटीपी फाइनल्स में वर्ष के अंत में नंबर वन की ट्रॉफी से नवाजा गया। इस समारोह के दौरान पूर्व विश्व नंबर 1 बोरिस बेकर और एटीपी चेयरमैन द्वारा अग्रणी 'एटीपी नंबर 1 क्लब' का अनावरण किया गया, जिसे खेल के शिखर पर पहुंचने वाले पूर्व और वर्तमान एटीपी खिलाड़ियों का सम्मान करने के लिए बनाया गया था। 10 जून को, सिनर 1973 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से एकल में विश्व नंबर 1 तक पहुंचने वाले अपने देश के पहले पुरुष या महिला बन गए। उन्होंने तब से अपना स्थान नहीं छोड़ा है। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय खिलाड़ी वर्ष के अंत में नंबर 1 का सम्मान पाने वाले 19वें खिलाड़ी हैं और नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्कराज के बाद ऐसा करने वाले चौथे सक्रिय खिलाड़ी हैं। सिनर की टेनिस टीम और परिवार, जिसमें उनके माता-पिता भी शामिल थे। ट्यूरिन के लोगों ने उस समय तालियां बजाकर स्वागत किया जब घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी ने प्रशंसकों के लिए ट्रॉफी दिखाई। सिनर ने कहा, 'अब मैं यहां अपनी सबसे विशेष ट्रॉफी के साथ खड़ा हूं। मैंने अभी सुना कि मेरी मां रो रही थीं। केवल मेरे परिजन ही मुझे मेरी छोटी उम्र से जानते हैं कि जब मैं लगभग 13 वर्ष का था तब के हालातों में हमने एक परिवार के रूप में कितने त्याग किए हैं।' सितंबर 2024 में, जैनिक सिनर ने यूएस ओपन जीता, जो जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी में शामिल है। न्यूयॉर्क में उनकी जीत ने अभूतपूर्व उपलब्धियों का सीजन जारी रखा।



# एशियाई महिला चैंपियन ट्रॉफी : जीत के साथ भारत का आगाज, मलेशिया को 4-0 से हराया

**राजगीर/पटना (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में मलेशिया के खिलाफ 4-0 की जीत के साथ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सफर का आगाज किया। संगीता कुमारी (8', 55'), प्रीति दुबे (43') और उदिता (44') ने गोल किए। वहीं, भारत ने कई मौके बनाए और मजबूत डिफेंसिव प्रदर्शन करते हुए तीन अंक हासिल किए।

भारत ने खेल की शुरुआत धीमी की और मलेशिया के नूर मोहम्मद को गोल करने का पहला मौका मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। इसके बाद मलेशिया को जल्द ही पेनाल्टी कॉर्नर भी मिला। लेकिन, वह इसका लाभ उठाने में भी सफल नहीं हुए।

मलेशिया के खिलाफ खेले गए टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में टीम इंडिया के लिए कुमारी संगीता ने 8वें मिनट पर पहला गोल दागकर मैच में धमाकेदार शुरुआत की। इसके बाद हाफटाइम तक टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

हाफटाइम खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रीति दुबे ने 43वें मिनट पर दूसरा गोल दाग टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद उदिता ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। मलेशियाई टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस को भेद पाने में सफल नहीं हुए।

वहीं, टीम इंडिया की ओर से संगीता कुमारी ने चौथा और आखिरी गोल 55वें मिनट पर किया। इसी के साथ भारत ने मुकाबले में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले में भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने मैच में मलेशियाई टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया।

मलेशिया के खिलाफ जीत के बाद कोच हरेंद्र सिंह ने टीम की तारीफ करते हुए कहा, ÷मैं अपनी टीम को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने चार गोल से मैच जीता और क्लीन शीट रखी। लीग मैचों में बिना गोल खाए जीतना महत्वपूर्ण होता है, इससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ता है। हमें हर मैच पर ध्यान केंद्रित करना है ताकि कोई गलती न हो। चाइना एक मजबूत टीम है, लेकिन हम तैयार हैं।÷

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मलेशिया के खिलाफ मैच के बाद अपनी टीम के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमने शुरुआत में उतना अच्छा नहीं खेला, खासकर पहले और दूसरे क्वार्टर में। लेकिन, तीसरे और चौथे क्वार्टर में हमने बेहतरीन खेल दिखाया। हमारी टीम ने अटैकिंग हॉकी खेली और इसे हम अगले मैचों में भी बनाए रखेंगे।



मैच के बाद मलेशिया की टीम की कप्तान दीन जूलियानी ने कहा कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि भारत एक बहुत मजबूत टीम है, उनके पास अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमने उनके खिलाफ अच्छा खेल दिखाया। भारतीय टीम 'बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर-2024' का अपना अगला मैच 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगी।

# ट्रम्प की जीत के बाद गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ी, 1000 प्रतिशत तक बढ़ी सेल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के बाद महिलाओं में बर्थ कंट्रोल पिल यानी गर्भनिरोधक दवाओं की मांग बढ़ी हैं। इसके अलावा इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्शन (आपातकालीन गर्भनिरोधक) दवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

अमेरिकी अखबार यूएसए टूडे की रिपोर्ट के मुताबिक इन दवाओं को बनाने वाली कंपनी वीस्प ने बताया कि 5 से 7 नवंबर के बीच इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्शन दवाओं की बिक्री 1000प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस दौरान इन दवाओं को खरीदने वालों की संख्या में 1650प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, अबॉर्शन की दवाइयों की सेल में भी 600प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। दरअसल ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद महिलाओं में इस बात का डर है कि उनके अबॉर्शन राइट्स और सख्त हो जाएंगे।




**ट्रम्प ने अबॉर्शन राइट्स खत्म करने का समर्थन किया था :** साल 2022 में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अबोर्शन राइट्स को खत्म कर दिया था। उस समय ट्रम्प ने इस फैसले का समर्थन किया था। अब महिलाओं को इस बात का डर है कि ट्रम्प सरकार के आने से उनके अबॉर्शन राइट्स पर असर पड़ सकता है। चुनाव के बाद एक सर्वे में यह पाया गया कि 50प्रतिशत से अधिक महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन्हें सुरक्षित गर्भपात और उससे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलेंगी। रिपोर्ट के मुताबिकमहिलाएं उन राज्यों में जाने पर विचार कर रही है जहां अबॉर्शन से जुड़े कानून आसान है। इसके तहत उन्हें आसानी से अबॉर्शन से जुड़ी सेवाएं मिल सकती हैं। इस बीच कई कंपनियां टेली मेडिसिन और ऑनलाइन सर्विस के जरिए महिलाओं को घर पर ही बर्थ कंट्रोल पिल मुहैया करा रही हैं।

**अमेरिकी इतिहास में कई बार अबॉर्शन बैन हुआ :** 1880 तक अमेरिका में अबॉर्शन करवाना कानूनी था। 1873 में अमेरिका में अबॉर्शन की दवाओं पर बैन लगा दिया गया था। 1900 तक लगभग सभी राज्यों में अबॉर्शन बैन हो गया। जब प्रग्नेंसी से मां की जान को खतरा होने पर ही अबॉर्शन किया जा सकता था। 1960 के दशक में महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया। 1969 में नोर्मा मैककॉर्वी ने अबॉर्शन के कानून को चुनौती दी थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिका में अबॉर्शन को लीगल कर दिया। लेकिन 24 जून 2022 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया। इसके बाद महिलाओं को अबॉर्शन के लिए मिली संवैधानिक सुरक्षा भी खत्म हो गई। उस समय ट्रम्प ने इस फैसले का समर्थन किया था।

## ट्रम्प ने मस्क और रामास्वामी को सरकार में शामिल किया



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प सरकार चलाने के लिए अपनी टीम का गठन करने में जुटे हैं। कुछ पदों पर नियुक्तियों के बाद उन्होंने टेस्ला चीफ इलॉन मस्क और भारतवंशी उद्योगपति विवेक रामास्वामी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मस्क और रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) विभाग का नेतृत्व करेंगे। डीओजीई एक नया विभाग है, जो सरकार को बाहर से सलाह देगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे लेकर बयान जारी किया है। ट्रम्प ने कहा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये दोनों अद्भुत अमेरिकी मेरे प्रशासन के लिए नौकरशाही को खत्म करने, फिजूलखर्ची में कटौती करने, गैरजरूरी नियमों को खत्म करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का काम करेंगे। ये हमारे 'सेव अमेरिका' एजेंडे के लिए जरूरी है। इसके साथ ही ट्रम्प ने अपनी कैबिनेट में फॉक्स न्यूज के होस्ट पीट हेगसेथ को भी जगह दी है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है। ट्रम्प बोले- यह विभाग मैनहटन प्रोजेक्ट बन सकता है ट्रम्प ने डीओजीई विभाग को लेकर बयान में कहा कि नई व्यवस्था से सरकारी पैसे की बर्बादी करने वाले लोगों में हड़कंप मच जाएगा। रिपब्लिकन नेताओं ने लंबे समय से डीओजीई के मकसद को पूरा करने का सपना देखा है। यह हमारे समय का द मैनहटन प्रोजेक्ट बन सकता है। मैनहटन प्रोजेक्ट दरअसल अमेरिकी सरकार का एक प्रोजेक्ट था, जिसका मकसद ब्रिटेन और कनाडा के साथ मिलकर जर्मनी की नाजी सेना से पहले परमाणु बम विकसित करना था। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इस डीओजीई की जिम्मेदारी 4 जुलाई 2026 को खत्म हो जाएगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर मस्क ने कहा- हम नरमी से पेश नहीं आने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में पैसेंजर कोच के नदी में गिरने से 16 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) क्षेत्र में एक पैसेंजर कोच के नदी में गिरने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। क्षेत्र के प्रवक्ता फ़ैज़ उल्लाह फराक ने बताया कि मंगलवार को डायमर जिले के थालिची इलाके में 26 लोगों को ले जा रही एक पैसेंजर कोच नदी में गिर गया। प्रवक्ता के अनुसार, स्थानीय लोग और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने दो लोगों की जान बचाने में कामयाबी हासिल की। प्रवक्ता ने बताया, बचाव दल ने 16 शवों और दो घायलों को बाहर निकाल लिया है। इसके अलावा अभी भी आठ लोग लापता हैं। अधिकारी ने बताया कि इस कोच के जरिए शादी के मेहमानों जीबी क्षेत्र के अस्तोर इलाके से देश के पूर्वी चकवाल जिले जा रही थी, जब यह हादसा हुआ। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ़ अली ज़रदारी ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। साथ ही अधिकारियों को लापता लोगों की खोज के लिए पूरी कोशिश करने का निर्देश दिया। इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस कोच के जरिए शादी के मेहमानों जीबी क्षेत्र के अस्तोर इलाके से देश के पूर्वी चकवाल जिले जा रही थी, जब यह हादसा हुआ. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ़ अली जरदारी ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई. साथ ही अधिकारियों को लापता लोगों की खोज के लिए पूरी कोशिश करने का निर्देश दिया.

### यूएई में प्रशिक्षण विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक लापता

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर स्थित अमीरात फुजैराह के हवाई क्षेत्र में एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। यह जानकारी यूएई के जनरल सिविल एविएशन अथॉरिटी (जीसीएए) ने दी है। समाचार एजेंसी श?न्हुआ के अनुसार, विमान में एक प्रशिक्षक पायलट और एक विदेशी प्रशिक्षु पायलट सवार था। यह विमान उड़ान भरने के लगभग 20 मिनट बाद रडार से संपर्क खो बैठा। जीसीएए के अनुसार, प्रशिक्षक पायलट का शव फुजैराह तट पर बरामद किया गया, जबकि खोज और बचाव दल प्रशिक्षु पायलट और विमान के मलबे का पता लगाने का काम जारी रखे हुए हैं। जीसीएए ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### बांग्लादेश ने ढाका हवाई अड्डे पर लाखों प्रवासियों के लिए शुरू किया लाउंज



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश सरकार ने राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एचएसआईए) पर देश के लाखों प्रवासी श्रमिकों के लिए एक विशेष लाउंज शुरू किया है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने सोमवार को इस लाउंज का उद्घाटन किया और प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्र निर्माता बताया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने उम्मीद जताई कि लाउंज उनकी यात्रा को आसान बनाएगा। हवाई अड्डे पर अपनी तरह का यह पहला लाउंज बांग्लादेशी प्रवासी श्रमिकों को आराम करने के लिए तैयार किया गया है। यहां कुछ जगह और नाश्ते के लिए रियायती भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगाा। 1976 से अब तक 14 मिलियन से अधिक बांग्लादेशी कथित तौर पर नौकरी के लिए विदेश गए हैं। बांग्लादेश मुख्य रूप से खाड़ी देशों के साथ मलेशिया और सिंगापुर सहित दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में श्रमिकों को भेजता है, ताकि धन प्रेषण के प्रवाह को बढ़ाया जा सके। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई-अक्टूबर की अवधि में देश के लिए विदेशी मुद्रा के प्रमुख स्रोतों में से एक धन प्रेषण लगभग 9 बिलियन डॉलर था।

### तुर्की के इजमिर में घर में आग लगने से पांच बच्चों की मौत



**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की के पश्चिमी बंदरगाह शहर इजमिर में एक घर में आग लगने से पांच भाई-बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना सोमवार देर शाम सेल्कुक जिले में उस समय घटी, जब बच्चों की मां परिवार की मदद के लिए कबाड़ इकट्ठा करने घर से बाहर गई थी। महिला ने घर का दरवाजा बंद कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, आग इलेक्ट्रिक स्टोव के पलट जाने के कारण लगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एक से पांच साल की उम्र के पांच भाई-बहनों के शव एक ही कमरे में पाए गए। सेल्कुक की मेयर फिलिज़ सेरिटोग्लू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बताया कि जिला गवर्नर और अभियोजक घटना की जांच कर रहे हैं।

## सुनीता विलियम्स ने कहा मैं पहले की तरह स्वस्थ हूं वजन घटने की दावों को भी किया खारिज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स के स्वास्थ्य को लेकर चर्चाएं जारी हैं। इसी बीच खबर है कि खुद विलियम्स ने राहतभरा अपडेट दे दिया है। उन्होंने कहा है कि उनकी तबियत ठीक है और उनकी ऐसी तस्वीर की वजह भी बताई है। दरअसल, हाल ही में एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें अंतरिक्ष यात्री के गाल धंसे हुए थे और वह काफी कमजोर नजर आ रही थीं। इसके बाद नासा यानी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन को बयान जारी करना पड़ा था।

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विलियम्स ने अपनी ताजा स्वास्थ्य की वजह फ्लुइड शिफ्ट्स को बताया है। साथ ही उन्होंने यह बताने की भी कोशिश की है कि उनकी तबियत के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। मंगलवार को न्यू इंग्लैंड स्पोर्ट्स नेटवर्क क्लबहाउस किड्स शो से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, साथियों स्पेस में आप जानते हैं कि उनके सिर थोड़े बड़े लगने लगते हैं, क्योंकि फ्लुइड्स शरीर के साथ समान रूप से फैल जाते हैं। उन्होंने बताया है कि पहले की तरह स्वस्थ हैं और वजन घटने की दावों को भी खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्पेस में लंबे समय तक रहने के बाद वजन बढ़ गया है। उन्होंने कहा, मेरी जांघे थोड़ी बढ़ गई हैं, मेरा बट थोड़ा बढ़ गया है। उन्होंने जानकारी दी।

# ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार केस में सुनवाई टली: सजा रद्द करने की अपील की थी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पोर्न स्टार केस में दोषी पाए डोनाल्ड ट्रम्प की सजा रद्द करने के मामले में सुनवाई टल गई है। न्यूयॉर्क की कोर्ट में मंगलवार को ट्रम्प की सजा रद्द करने पर सुनवाई होनी थी। न्यूयॉर्क कोर्ट के जज जुआन एम. मर्चन ने कहा कि वो इस मामले में 19 नवंबर तक के लिए सुनवाई टाल रहे हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते इस मामले में ट्रम्प के वकीलों ने कोर्ट से सुनवाई टालने के लिए कहा था। ट्रम्प ने हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। इस साल 30 मई को कोर्ट ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने में दोषी करार दिया था। दोषी पाए जाने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में फेडरल कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। इसके बाद फेडरल कोर्ट ने मामला वापस न्यूयॉर्क कोर्ट में भेज दिया था।

**2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले का मामला :** ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल्स भी शामिल थीं। फैसले के बाद ट्रम्प ने अपना रिएक्शन भी दिया था।




**पोर्न स्टार केस में ट्रम्प पर 34 आरोप :** ट्रम्प पर गलत बिजनेस रिकॉर्ड दिखाने के मामले में 34 चार्ज लगाए गए हैं। ये सभी चार्ज 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए 1 लाख 30 हजार डॉलर करीब 1 करोड़ 7 लाख रुपए देने से जुड़े हैं। 11 चार्ज चेक साइन करने से जुड़े हैं। अन्य 11 चार्ज कोहेन के कंपनी में जमा किए गए गलत इनवॉइस से जुड़े हैं और बाकी बचे 12 चार्ज रिकॉर्ड्स में गलत जानकारी देने से जुड़े हैं। ट्रम्प के वकील माइकल कोहेन ने आरोप लगाया था कि उन्होंने ट्रम्प के कहने पर अपने पास से स्टॉर्मी को पैसे दिए थे, जिससे वो 2016 के चुनाव से पहले ट्रम्प के साथ अफेयर को लेकर कुछ न बोलें। आरोप है कि ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद कोहेन को पैसे वापस लौटाए। इसके लिए उन्होंने 10 महीने तक कोहेन को कई चेक दिए। उन्होंने रिकॉर्ड में इसे लीगल फीस दिखाया, जो असल में एक अपराध छिपाने के लिए किया गया पेमेंट था। आरोपों से जुड़े दस्तावेज में कहा गया है कि ट्रम्प ने लगातार न्यूयॉर्क बिजनेस रिकॉर्ड में गलत जानकारी दी, जिससे वो अपने अपराध को छिपा सकें और उन्हें चुनाव में फायदा हो। 5 अप्रैल 2023 को ट्रम्प पर मैनहैटन की कोर्ट में 34 आरोप तय किए थे।

# ब्रिटेन में बेरोजगारी दर तोड़ रही रिकार्ड, आधिकारिक आंकड़ों ने खोली पोल

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में बेरोजगारी दर रिकार्ड तोड़ रही है और आधिकारिक आंकड़ों ने इसकी पोल खोल के रख दी है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में बेरोजगारी दर में अपेक्षा से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो देश की नई लेबर सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स द्वारा 12 नवंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तक समाप्त तिमाही में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई, जबकि अगस्त तक यह दर 4 प्रतिशत थी। अर्थशास्त्रियों का अनुमान था कि यह दर 4.1 प्रतिशत तक ही बढ़ेगी, लेकिन वास्तविक आंकड़ा अनुमान से अधिक रहा, जो सरकार के लिए चिंता का विषय है। इस रिपोर्ट के अनुसार, औसत नियमित वेतन वृद्धि भी घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई है, जो पिछले दो वर्षों का सबसे कम स्तर है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि महंगाई की दर अब सामान्य स्तर पर लौट रही है। महंगाई में गिरावट से आम लोगों के खर्च में थोड़ी राहत मिल रही है, लेकिन यह वेतन वृद्धि दर को कम कर रही है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति पर प्रभाव पड़ सकता है। यह बेरोजगारी वृद्धि ब्रिटेन की लेबर सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट के बाद देखी गई है। इस बजट में नेशनल इंश्योरेंस में वृद्धि की गई है, जो एक प्रकार का कंपनियों पर लगाया जाने वाला कर है। सरकार का तर्क है कि इस टैक्स से प्राप्त राशि को देश के बुनियादी ढांचे के विकास में लगाया जाएगा, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, निवेश विशेषज्ञ इसाक स्टेल का मानना है कि बढ़ते नेशनल इंश्योरेंस से कंपनियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ा है, जिससे वे नए कर्मचारियों को भर्ती करने में संकोच कर रही हैं। उन्होंने कहा, बेरोजगारी दर में इस तरह की अप्रत्याशित वृद्धि सरकार के बजट निर्णयों पर सवाल खड़े करती है। यदि इस अतिरिक्त खर्च के कारण कंपनियों में नौकरियों में कटौती होती है, तो सरकार का आर्थिक विकास का एजेंडा विफल हो सकता है। प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की सरकार ने देश में विकास को बढ़ावा देने के लिए टैक्स बढ़ाने के साथ-साथ बड़ी मात्रा में उधारी लेने की भी योजना बनाई है।



# थाइलैंड में इजरायली रहें सावधान, गाइडलाइंस का पालन करें- मोसाद

**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायल ने मंगलवार को थाईलैंड में रहने वाले या वहां की यात्रा करने वाले अपने नागरिकों से सतर्कता बढ़ाने और हालिया सूचना के बाद अपडेट पर ध्यान देने की अपील की। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने थाईलैंड में इजरायलियों और यहूदियों को नुकसान पहुंचाने की बढ़ती आशंका के मद्देनजर यह अपील की। खुफिया और स्पेशल टास्क फोर्स मोसाद और नेशनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर के एक बयान में कहा गया, पिछले कई महीनों से थाई क्षेत्र में कई घटनाएं घट रही हैं, जिन्हें इजरायली सुरक्षा बल, थाईलैंड के सुरक्षा बलों के साथ मिलकर नाकाम करने का प्रयास कर रहे हैं। यह बयान इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किया गया। हालांकि थाईलैंड के लिए यात्रा चेतावनी के स्तर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया, लेकिन इजरायली एजेंसियों ने थाईलैंड के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए। इनमें कई इजरायली प्रतिभागियों वाले कार्यक्रमों में शामिल होने से बचना शामिल है। ये दिशा-निर्देश थाईलैंड के किसी विशिष्ट क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किए बिना पूरे देश के लिए हैं। इसने इजरायली नागरिकों को सोशल नेटवर्क पर लोकेशन डिटेल और ट्रेवल प्लान को अपडेट करने से बचने की सलाह भी दी। बयान में कहा गया, इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि 7 अक्टूबर की घटनाओं और आयरन स्वॉर्ड्स युद्ध के बाद से, दुनिया भर में इजरायल और यहूदी ठिकानों पर हमला करने के ईरान और उसके सहयोगियों के प्रयासों का विस्तार हुआ है। मोसाद और इजरायली सुरक्षा बल इजरायलियों और यहूदियों की सुरक्षा के लिए दुनिया भर में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। इससे पहले सोमवार को, इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने जनता को दिए संदेश में विदेश में रहने वाले अपने नागरिकों को फिलिस्तीनी/आतंकवादी समर्थकों के इरादों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा, जो प्रदर्शनों और विरोध प्रदर्शनों के बहाने इजरायलियों के खिलाफ हिंसक हमले कर सकते हैं।



# नागरिकों पर हमले से पाक पर भड़का चीन, अपने सैनिक उतारने की तैयारी

**बीजिंग/इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में चीनी इंजीनियरों एवं अन्य कर्मचारियों पर बीते कुछ सालों में आतंकी हमले हुए हैं। चीन की ओर से ऐतराज जताने और पाकिस्तान के पेच कसे जाने के बाद भी इन घटनाओं में कमी नहीं आई है। हाल ही में कराची में भी कार में बम धमाका हुआ और इसमें भी चीनी नागरिकों को ही निशाना बनाया गया। इन घटनाओं से आजिज चीन का अब पाकिस्तान पर भरोसा कम होता दिख रहा है। चीन ने पाकिस्तान की सरकार को प्रस्ताव दिया है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी स्टाफ भेजेगा। इसके तहत चीनी सैनिक स्टाफ की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। पाकिस्तान के सुरक्षाकर्मी भी बाहरी घेरे में रहेंगे।

हजारों चीनी नागरिक पाकिस्तान में काम करते हैं और उनकी सुरक्षा एक चिंता का विषय है। बलूचिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी ने चीनी परियोजनाओं का भी विरोध किया है। वह मानता है कि पाकिस्तान और चीन मिलकर उनके स्थानीय संसाधनों पर कब्जा जमा रहे हैं। इसी के विरोध में अकसर चीनी नागरिकों पर हमले किए जाते हैं। चीन सरकार लगातार यह कहती रही है कि उसके नागरिकों की सुरक्षा की जाए और पाकिस्तान कदम उठाए। हालांकि अब तक पाकिस्तान यह सुनिश्चित नहीं कर पाया है कि चीनी नागरिकों पर हुआ यह हमला आखिरी है। लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में चीन ने अपनी ही सेना भेजने का फैसला लिया है। पिछले महीने कराची के एयरपोर्ट पर हमला हुआ था, जिसमें दो चीनी इंजीरनियर मारे गए थे। इन लोगों की हत्या तब हुई, जब वह थाईलैंड से छुट्टी मनाकर पाकिस्तान स्थित प्रोजेक्ट के काम पर वापस लौट रहे थे। कहा जा रहा है कि इस्लामाबाद की ओर से हमले न रोक पाने के चलते चीन नाराज हो गया है। अब उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा का जिम्मा भी खुद उठाने का फैसला लिया है। लेकिन चीन किसी भी हाल में पाकिस्तान में अपने आर्थिक हितों से समझौता नहीं करना चाहता। यही वजह है कि तमाम हमलों के बाद भी वह किसी प्रोजेक्ट से पीछे हटने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान नहीं हो रहा राजी, बेइज्जती का भी डर इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का कहना है कि चीन और पाकिस्तान के बीच फिलहाल साझा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन चल रहा है। इन मीटिंगों में चीन ने कहा है कि हम अपने सुरक्षाकर्मी भेजेंगे। वहीं पाकिस्तान चाहता है कि उसे एक और मौका दिया जाए। पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि हम सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करेंगे। फिलहाल इस बात पर मंथन चल रहा है कि सुरक्षा को लेकर क्या समझौता किया जाए। पाकिस्तान इसलिए भी राजी नहीं है क्योंकि चीन के सैनिकों का उतरना उसकी संप्रभुता के लिहाज से भी कमजोरी का विषय होगा। इसके अलावा चीन का अविश्वास भी इससे दिखेगा।



## मंदिर में आने वालों का खतना टेस्ट जरुरी, पता चल सकेगा कि भाई हैं कि भाईजान : नंद किशोर गुर्जर

बागपत। उत्तरप्रदेश के बागपत से बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने हाल ही में एक विवादित बयान दिया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीजेपी विधायक ने कहा कि मंदिर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की मजहबी पहचान होनी चाहिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वालों का मजहबी टेस्ट करना चाहिए और मंत्र पढ़वाकर खतना की जांच करनी चाहिए। यह बयान उन्होंने एक शादी समारोह में मीडिया से बात करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भी हिंदू देवताओं की पूजा करते हैं और भविष्य में मौलवी भी जलाभिषेक करने वाले है। विधायक ने दावा किया कि भारत में जल्द ही सनातन धर्म का प्रभाव बढ़ेगा। बीजेपी विधायक ने थूक जिहाद और मूत्र जिहाद जैसे शब्दों का भी उल्लेख कर एक बड़ी साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्मगुरुओं की मामले में चुप्पी साजिश का हिस्सा है। इसके अलावा, उन्होंने प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में मुस्लिमों के दुकान न लगाने के निर्देशों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। विधायक ने कहा कि हिंदुओं को दरगाहों पर नहीं जाना चाहिए क्योंकि मजारों में इसतरह के जिहादी दफन हैं जिन्होंने महिलाओं के साथ अत्याचार किए। उन्होंने बयान को भी हिंदू धर्म की सुरक्षा और उत्थान के लिए जरूरी बताया।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई... महाराष्ट्र और गुजरात में एक साथ छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मालेगांव के कारोबारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में एक बड़ी छापेमारी की। गुरुवार को हुई कार्रवाई में ईडी ने 23 परिसरों की तलाशी ली, जिसमें महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक, मुंबई और गुजरात के अहमदाबाद, सूरत शामिल हैं। ईडी का दावा है कि व्यापारी ने फर्जी केवाईसी (केवाईसी) के जरिए कई लोगों के बैंक अकाउंट खोले, जिनका दुरुपयोग 125 करोड़ रुपये से ज्यादा के लेन-देन में हुआ है। इस मामले में महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से अधिक लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाओं की जांच की जा रही है। इन खातों से अवैध रूप से पैसा जमा और निकाला गया था। यह मामला मालेगांव के व्यापारी मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज एफआईआर से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि इन बैंक खातों का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था। ईडी की इस बड़ी कार्रवाई को महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मणिपुर में हालात खराब... केंद्र ने छह इलाकों में फिर से अफस्पा लागू किया

इंफाल। केंद्र की मोदी सरकार ने मणिपुर के छह इलाकों में फिर से सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) लागू किया है। यह कदम राज्य में जारी जातीय हिंसा को देखकर लिया गया है, इसमें अब तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। केंद्र ने फैसले की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा की है, जिसमें कहा गया है कि मणिपुर में सुरक्षा स्थिति लगातार बिगड़ रही थी, जिससे यह निर्णय लिया गया। अफस्पा लागू किए गए क्षेत्र में- इंफाल पश्चिम जिले का सेकमई और लमसांग, इंफाल पूर्व जिले का लाम्लाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, कंगपोकपी का लेइमाखोंग और बिश्नुपुर जिले का मोइरंग शामिल है। इसके अलावा, 19 इलाकों को छोड़कर पूरे मणिपुर प्रदेश में अफस्पा लागू है, जैसा कि मणिपुर सरकार ने 1 अक्टूबर को आदेश जारी किया था। हालांकि, कुछ इलाकों को अफस्पा से बाहर किया गया है, जिसमें इम्फाल, सिटी, सिंगजमई और अन्य शामिल हैं। दरअसल मणिपुर में मई 2023 से जारी जातीय हिंसा ने बड़ा रूप ले लिया है, जिसमें मैतेई और कुकि-जो समुदायों के बीच संघर्ष हो रहा है। हिंसा की लपटें पहले इंफाल घाटी और पहाड़ी इलाकों तक ही सीमित थीं, लेकिन अब यह पूरे राज्य में फैल गई है। पिछले हफ्ते जिरिबाम जिले में हुए एक एनकाउंटर में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए, जबकि अगले दिन उग्रवादियों ने छह नागरिकों, जिसमें महिलाएँ और बच्चे शामिल थे, का अपहरण कर लिया।

## भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा को धमकी देने वाला दानापुर से गिरफ्तार

### -पूछताछ में अभिनेत्री से रंगदारी मांगने की अभी नहीं हो सकी है पुष्टि

दानापुर। मशहूर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह को देने और रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने बिहार के दानापुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम कुंदन कुमार सिंह है। उस पर पहले से दो और मामले दर्ज हैं। हालांकि उसके द्वारा अभिनेत्री से रंगदारी मांगने की पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। एसडीपीओ दानापुर ने बताया कि अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने दानापुर थाना में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि एक अज्ञात कॉल के जरिए उनसे रंगदारी मांगी और धमकी भी दी। शिकायत पर दानापुर पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज की, जो 13 नवंबर 2024 को की गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी कुंदन जो भोजपुर जिले के आरा का रहने वाला है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि इस व्यक्ति पर पहले भी दो मामले दर्ज हैं। पहला मामला 2019 में खगौल थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी शराब पीकर जेल गया था। दूसरा मामला नवादा थाना क्षेत्र, भोजपुर में दर्ज हुआ था, जिसमें वह पहले भी जेल जा चुका था। उन्होंने आगे कहा कि जब पुलिस ने आरोपी से और पूछताछ की, तो उसके मुंह से शराब की तेज बदबू आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने शराब की जांच के लिए एनालाइजर का इस्तेमाल किया, और पुष्टि हुई कि आरोपी ने शराब पी रखी थी। जांच में अभिनेत्री से रंगदारी मांगने की पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन इस बात की पुष्टि हो गई है कि उसने ही अक्षरा को फोन किया था।

# मणिपुर में तीन बच्चों की मां से दुष्कर्म, खोपड़ी में कील ठोकी और जिंदा जला दिया

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक तीन बच्चों की मां के साथ हैवानियत की सभी हदें पार कर दी। उसके साथ न केवल दुष्कर्म किया,बल्कि उसकी खोपड़ी में कील ठोंकी और जिंदा जला दिया। इस हैवानियत का खुलासा अटॉप्सी रिपोर्ट में हुआ है। उग्रवादियों ने तीन बच्चों की मां के साथ कथित तौर पर बलात्कार कर उसे जिंदा जला दिया और कम से कम 20 घरों में आग लगा दी। तीन बच्चों की मां की अब अटॉप्सी रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट में उग्रवादियों का घिनौना सच सामने आया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अटॉप्सी रिपोर्ट में पता चला है कि पीड़िता को जीवित रहते हुए कीलों से ठोंकने और जलाने के दौरान थर्ड-डिग्री यातना दी गई थी। मणिपुर के जिरीबाम में 7 नवंबर को तीन बच्चों की 31 वर्षीय मां के साथ कथित तौर पर बलात्कार किए जाने और फिर हथियारबंद घुसपैठियों द्वारा उसे जलाकर मारने की घटना घटी। इसके बाद हिंसा और बढ़ गई। जिरीबाम में दर्ज एफआईआर में उसके पति के हवाले से कहा गया है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और फिर उसे हमारे घर में बेरहमी से मार डाला गया। उस रात ज़ैरावन में 17 घरों में लूटपाट करने और आग लगाने वाले अपराधियों के घाटी स्थित एक संगठन के सदस्य होने का संदेह है।

अटॉप्सी रिपोर्ट में दाहिनी जांघ के पिछले हिस्से में घाव और बाईं जांघ के मध्य भाग में कील धंसी हुई का उल्लेख है। शरीर 99 प्रतिशत जला हुआ पाया गया, यहां तक ??कि हड्डियों के टुकड़े भी जल गए। रिपोर्ट में कहा गया है, दाहिना ऊपरी अंग, दोनों निचले अंगों के हिस्से और चेहरे की संरचना गायब है। अन्य विवरण बहुत ही स्पष्ट हैं, जो महिला को उस यातना और दर्द का संकेत देते हैं, जो उसे और उसके पति और बच्चों के घर को आग की लपटों में घेरने से पहले सहना पड़ा था। यह स्पष्ट नहीं है कि हमलावरों के आने पर पीड़िता का पति और बच्चे कहां थे। फेरज़ावल और जिरीबाम की स्वदेशी जनजाति वकालत समिति ने जुड़वां आदिवासी-प्रधान जिलों के कुकी-ज़ोमी-हमार लोगों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सरकार के हस्तक्षेप का अनुरोध किया। चुराचांदपुर के आदिवासी समुदायों के एक समूह, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने हमलावरों को गिरफ्तार न किए जाने पर और अधिक अशांति की चेतावनी दी है।

## कन्हैया के बयान पर भापजा का पलटवार, कांग्रेस कब ऐसी छिछोरी सोच से आजादी पाएगी?



नागपुर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता पर टिप्पणी से सियासी बवाल खड़ा हो गया है। कन्हैया कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में सभा को संबोधित कर कहा, धर्म की रक्षा की जिम्मेदारी सभी की है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि धर्म का बचाव जनता करे और नेता परिवार रील बनाने में व्यस्त रहें। कन्हैया के बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस बयान को महाराष्ट्र की महिलाओं का अपमान करार देकर कन्हैया कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस कब ऐसी छिछोरी सोच से आजादी पाएगी? पूनावाला ने आरोप लगाया कि कन्हैया, जो नक्सलियों और आतंकवादियों के समर्थक माने जाते हैं, ने उप मुख्यमंत्री फडणवीस की पत्नी का अपमान कर महाराष्ट्र की सभी महिलाओं का अपमान किया है। कन्हैया की यह टिप्पणी फडणवीस के उस बयान के जवाब में आई थी जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष वोट जिहाद कर रहा है और इसके मुकाबले के लिए हमें धर्म युद्ध की आवश्यकता है। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी जारी है और यह मामला चुनाव प्रचार का प्रमुख मुद्दा बनता जा रहा है।

## कोविड में भारत ने डोमिनिका की मदद, अब डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अफ्रीकी देश डोमिनिका द्वारा उनके समर्पण और महामारी के दौरान मदद करने के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। डोमिनिका सरकार ने सम्मान की घोषणा एक आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से की। यह पुरस्कार डोमिनिका की राष्ट्रमंडल अध्यक्ष सिल्वेनी बर्टन द्वारा भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा रहे हैं, जो 16 से 21 नवंबर तक चलेगा।



डोमिनिका ने पीएम मोदी के योगदान को सराहा

डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने पीएम मोदी की खुले दिल से प्रशंसा कर कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के दौरान डोमिनिका का साथ दिया है। महामारी के समय में उनके समर्थन ने हमारे देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सम्मान को प्रदान करना हमारे देशों के मजबूत संबंधों का प्रतीक है, और हम इस साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।÷

फरवरी 2021 में कोविड-19 महामारी के चरम पर, भारत ने वैक्सीन मैत्री पहल के तहत डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की 70,000 खुराकें भेजी थीं। इस मदद से डोमिनिका को अपने साथ-साथ अन्य कैरेबियाई देशों की भी सहायता करने का मौका मिला। डोमिनिका ने इस मदद को महत्वपूर्ण बताकर कहा कि यह मदद न केवल उनके नागरिकों बल्कि उनके पड़ोसी देशों के लिए भी संजीवनी साबित हुई।

डोमिनिका सरकार ने इसका भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डोमिनिका को सहयोग प्राप्त हुआ है। भारत की ओर से सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों को डोमिनिका ने सराहा और इसके लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। डोमिनिका का यह सम्मान भारत और कैरेबियन देशों के बीच बढ़ते सहयोग और साझेदारी का प्रतीक है।

# केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे का बड़ा आरोप, वक्फ दावों के पीछे भू-माफिया का हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने गुरुवार को दावा किया कि एक शक्तिशाली भू-माफिया झूठे वक्फ दावों का इस्तेमाल कर किसानों और गरीबों से जमीन लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एर्नाकुलम जिले के मुनंबम का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की, जहां लगभग 600 परिवार वक्फ बोर्ड द्वारा उस जमीन पर दावा करने का विरोध कर रहे हैं जिस पर वे रह रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए, करंदलाजे ने समूह पर लैंड जिहाद करने का आरोप लगाया। मुनंबम के निवासियों के पास 2019 तक यह जमीन थी, और इसे पूर्वव्यापी रूप से उन्हें वापस दे दिया जाना चाहिए।



उन्होंने सवाल किया कि 1954 में जब वक्फ अधिनियम पारित किया गया था, वक्फ बोर्ड के पास देश भर में केवल 10,000 एकड़ जमीन थी। आज, यह 38 लाख एकड़ के साथ, रक्षा और रेलवे के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा ज़मीन मालिक है। यह सारी ज़मीन कहां से आई? उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसी तरह भूमि अधिग्रहण हो रहा है। ÷पहले, भूमि रिकॉर्ड में किसान और अन्य मालिक दिखाए जाते थे, लेकिन अब वक्फ बोर्ड इन जमीनों पर दावा कर रहा है। अकेले कर्नाटक में, लगभग 29,000 एकड़ जमीन मुस्लिम नेताओं ने ले ली है।

करंदलाजे, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और श्रम और रोजगार राज्य मंत्री हैं, ने प्रदर्शनकारियों से वादा किया कि वह उनकी चिंताओं को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सामने लाएँगी। चेराई और मुनंबम के निवासियों का कहना है कि वक्फ बोर्ड गलत तरीके से उनकी जमीन और संपत्तियों पर दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और कर भुगतान रसीदें हैं।

## हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार कहा- भाजपा को तत्काल लौटा दें प्रतिमा

चेन्नई। भाजपा कार्यालय में लगी भारत माता की प्रतिमा तमिलनाडु सरकार के आदेश पर पुलिस ने हटा दी थी। इसके बाद इस प्रतिमा को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगी और कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को फटकार लगाई और प्रतिमा लौटाने का आदेश दिया। मदुरै बेंच के जस्टिस आनंद वेंकटेश ने कहा, मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि प्रशासन ने निजी संपत्ति से भारत माता की प्रतिमा को मनमाने तरीके से हटाया। संभवत: कहीं और से दबाव डाले जाने के कारण उन्होंने ऐसा किया। यह कार्रवाई पूरी तरह से निंदनीय है और भविष्य में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए। हम एक कल्याणकारी राज्य में रहते हैं, जो कानून के शासन द्वारा संचालित होता है। ऐसी किसी भी कार्रवाई को किसी भी संवैधानिक अदालत द्वारा सहन नहीं किया जा सकता है। यह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत मिलने वाले अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह मामला तब शुरू हुआ जब तमिलनाडु सरकार ने 2022 में हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए भाजपा को एक नोटिस जारी किया था। इस आदेश में कहा गया था कि किसी भी नेता की नई प्रतिमा की स्थापना नहीं की जा सकती है। जिन प्रतिमाओं से सार्वजनिक अशांति का खतरा हो, उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। राज्य सरकार का कहना था कि चूंकि भाजपा को भेजे गए नोटिस का कोई जवाब नहीं आया। इसलिए सामाजिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारत माता की प्रतिमा को हटा लिया गया और यह प्रतिमा अब राजस्व विभाग के कार्यालय में सुरक्षित रखी गई है।

# महराष्ट्र में शरद पवार के एक ही दांव से चारों खाने चित हुई भाजपा और अजित की एनसीपी

**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के आखिरी दौर में पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने एक नया मास्टरस्ट्रोक खेलकर अजित पवार और भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पवार ने पुणे की तीन सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अजित के सहयोगियों और भाजपा के बड़े नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। इस कदम से भाजपा और अजित गुट में हलचल मच गई है, क्योंकि इन सीटों पर भाजपा और अजित पवार दोनों को ही मजबूत माना जा रहा था।



शरद ने पुणे और रायगढ़ में पार्टी में कई नेताओं को शामिल किया, जिनमें प्रमुख रूप से वड़गांव शेरी के पूर्व एनसीपी नगरसेवक रेखा और उनके पति चंद्रकांत टिंगरे शामिल हैं। इसके अलावा, पुणे की हड़पसर सीट पर दिलीप और अनिल तुपे की उनकी पार्टी में एंट्री भी हुई है। इन नेताओं के शामिल होने से पुणे क्षेत्र में महायुति को बड़ा झटका लग सकता है, खासकर उन सीटों पर जहां अजित पवार और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही थी।

रेखा का एनसीपी से भाजपा और फिर अजित गुट में आना, और अब शरद पवार के साथ आना एक बड़ा राजनीतिक कदम है। वड़गांव शेरी सीट पर सुनील से रेखा टिंगरे की पुरानी अदावत को देखकर शरद पवार ने उन्हें अपनी पार्टी में शामिल किया है। इसके अलावा, दिलीप तुपे का पुणे नगर निगम में अच्छा दबदबा है, जिससे शरद पवार को अपने पक्ष में स्थिति मजबूत करने का मौका मिला है। इन सभी नेताओं को पार्टी में लाकर शरद ने न केवल अजित बल्कि भाजपा गुट में भी सेंध लगाने की कोशिश की है। इस कदम से शरद पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र में अपनी पकड़ मजबूत करने का लक्ष्य रखा है, और अब महायुति के लिए यह क्षेत्र चुनौतीपूर्ण बन गया है।

## भारत-रूस संबंधों पर ऑस्ट्रेलियाई एंकर का सवाल, जयशंकर ने दिया जबाव, इससे दुनिया को फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर का एक इंटरव्यू इनदिनों काफी चर्चा में है। ये इंटरव्यू जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया को दिया, जिसमें उन्होंने रूस के साथ दोस्ती पर बात कर पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया। इंटरव्यू ने वाली एंकर ने विदेश मंत्री जयशंकर से भारत-रूस संबंधों को लेकर सवाल पूछा था। इसके जबावइ में जयशंकर ने कहा कि इससे ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के रिश्ते प्रभावित नहीं होने वाले है। जयशंकर ने पाकिस्तान का उदाहरण देकर कहा कि आज के दौर में किसी भी देश के एक्सक्लूसिव रिश्ते नहीं होते। एंकर ने जयशंकर से सवाल किया कि क्या रूस के साथ भारत की दोस्ती से ऑस्ट्रेलिया के साथ रिश्तों में कोई दिक्कत आ रही है। जयशंकर ने जवाब दिया कि उन्हें ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसी भी देश के एक्सक्लूसिव रिश्ते नहीं होते। जयशंकर ने पाकिस्तान का उदाहरण देकर कहा, अगर हम आपके तर्क के हिसाब से सोचें, तब हम कह सकते हैं कि पाकिस्तान के साथ कई देशों के रिश्ते हैं। इसके बाद भारत को भी परेशान होने की जरूरत है।



विदेश मंत्री ने कहा कि रूस के साथ भारत के रिश्ते से अंतरराष्ट्रीय समुदाय को फायदा हो रहा है। रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले पर उन्होंने कहा कि अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, तब वैश्विक ऊर्जा बाजार पूरी तरह बर्बाद हो जाता। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट पैदा हो जाता। इससे पूरी दुनिया में महंगाई चरम पर होती। उन्होंने कहा कि रूस के साथ भारत के अच्छे संबंधों की वजह से ही रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत शुरू कराने में मदद मिल सकती है। रूस के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं। हम मानते है कि दुनिया और यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया को भी इसतरह के देश की जरूरत है जो जंग को बातचीत की मेज तक लाने में सहयोग कर सके। ज्यादातर युद्ध बातचीत की मेज पर ही खत्म होते हैं।

# एआई के आने से भारत में होगी रोजगार की भरमार, 5 वर्षों में श्रमिकों की संख्या 33.89 मिलियन तक बढ़ेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में आने वाले समय में नौकरियों के नए मौके पैदा होने जा रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, एआई के साथ भारत में 2023 में 423.73 मिलियन से 2028 तक 457.62 मिलियन तक रोजगार बढ़ने का अनुमान है। कुल 5 वर्षों में श्रमिकों की संख्या 33.89 मिलियन तक बढ़ेगी।

नए शोध के अनुसार, नई तकनीक भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों में योग्यताओं को नई पहचान देगी, जिससे 2028 तक 2.73 मिलियन नई टेक्नोलॉजी से जुड़ी नौकरियां पैदा होंगी। दुनिया की अग्रणी कंपनी द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि रिटेल सेक्टर रोजगार बढ़ोत्तरी का नेतृत्व करने को तैयार है। इस सेक्टर के विस्तार के लिए 6.96 मिलियन अतिरिक्त श्रमिकों की आवश्यकता है। रिटेल सेक्टर के बाद मैन्युफैक्चरिंग में 1.50 मिलियन, शिक्षा में 0.84 मिलियन और स्वास्थ्य सेवाओं में 0.80 मिलियन नौकरियों के अवसर पैदा होने वाले है।

इस मामले में एआई जानकार ने कहा, भारत के विकास में खासकर एडवांस तकनीक स्किल मामले में एआई अहम भूमिका निभाएगा। एआई के साथ न केवल पेशेवरों के लिए अधिक उच्च-मूल्य वाले अवसर पैदा होने वाले हैं, बल्कि एआई उन्हें डिजिटल करियर बनाने में मदद भी करेगा। इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी से जुड़ी नौकरियां बढ़ रही हैं और इस ट्रेंड को सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन डेवलपर्स लीड कर रहे हैं, जिसमें 109,700 पदों की वृद्धि का अनुमान है।

दूसरी भूमिकाओं में सिस्टम सॉफ्टवेयर डेवलपर्स (48,800 नई नौकरियां) और डेटा इंजीनियर (48,500 नई नौकरियां) शामिल हैं। वेब डेवलपर्स, डेटा विश्लेषक और सॉफ्टवेयर परीक्षकों के लिए भी नए अवसर (जिनमें क्रमशः 48,500, 47,800 और 45,300 पदों का अनुमान) पैदा होगा।

